रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 85,571.85 −264.27
डॉलर 83.723 +0.094
रांची सर्राफा
10 ग्राम 75,920 | 01 किलो 99,990

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



अश्विन कृष्ण पक्ष 12, संवत 2081 | रांची, रविवार, 29 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 237, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 कांग्रेस आज भी सर्जिकल स्ट्राइक...

# बाहरी नेताओं ने गिद्धों की तरह सूबे के आसमान को ढंक लिया है : हेमंत

## केंद्र पर झारखंड के साथ सौतेला सलूक करने का आरोप लगाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को राजधानी में दो-दो कार्यक्रम में शिरकत कर नियुक्ति और शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप स्वीकृति पत्र का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने दूसरे राज्यों के भाजपा नेताओं पर हमला करते हुए कहा कि झारखंड में चुनाव होने वाले हैं, तो पता नहीं कहां-कहां से नेता आ गए हैं। उन्होंने गिद्धों की तरह झारखंड के आसमान को ढंक लिया है। उन राज्यों के सीएम भी यहां घूम रहे हैं, जिनका अपना राज्य बाढ़ में डूब रहा है। उनसे अपना राज्य तो संभल नहीं रहा और यहां अपनी ही पीठ थपथपाने चले आए हैं। इधर हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में आयोजित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत उन्होंने 44 छात्रों को विदेशों में पढ़ने के लिए को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्र वितरित किया। वहीं जैप वन के शौर्य आडिटोरियम में मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त 444 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपा। मौके पर सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने मात्र दो साल में युवाओं की पढ़ाई से लेकर रोजगार और नौकरियों के सृजन की कई योजनाएं शुरू की हैं। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लोग आसान दरों पर लोन लेकर स्वरोजगार शुरू कर रहे हैं। इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए जरूरतमंद छात्रों की मदद के लिए सरकार ने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की

शेष पेज 11 पर



**44** छात्रों को विदेशों में पढ़ने के लिए को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्र वितरित किया

**444** नव नियुक्त अधिकारियों जैप वन स्थित शौर्य ऑडिटोरियम में नियुक्ति पत्र भी सौंपा

### मंईयां सम्मान योजना रोकना चाहती है भाजपा

मुख्यमंत्री ने रांची के खेलगांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत विदेशों में पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप स्वीकृति पत्र और कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। मौके पर सीएम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पर राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बंद कराने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया। राजधानी रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, हमने राज्य में आधी आबादी को सम्मान और आर्थिक रूप से मदद के लिए मईयां सम्मान योजना शुरू की तो उसे रुकवाने के लिए इनके लोग कोर्ट चले गए। केवल एक यही मामला नहीं है, हमने स्थानीयता नीति बनाई, बच्चों को नौकरी देने के लिए परीक्षाएं कराईं तो उसके खिलाफ भी ये लोग कोर्ट चले गए। हमारी योजनाएं इन्हें खटक रही हैं। इन्हें सांप सूंघ गया है।

# वोट के लिए दौड़ाकर युवाओं की ले ली जान, यह हादसा नहीं हत्या : शिवराज

## हेमंत ने प्रत्येक बहन के 1,20,000 रुपए खाकर उन्हें धोखा दिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** केन्द्रीय कृषि मंत्री और भाजपा झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को डालटनगंज में परिवर्तन महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार जाना तय है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार आना तय है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि, सोरेन सरकार ने युवाओं को 5 लाख नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन किसी को भी नौकरी नहीं मिली। अब चुनाव नजदीक आ गए हैं तो वोट के लिए सिपाही भर्ती के नाम पर युवाओं को कड़ी धूप में 10-10 किलोमीटर तक दौड़ा दिया। जिससे कई बच्चों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। हेमंत सोरेन जवाब दो आज तक देश में किस फिजिकल परीक्षा में युवाओं की मौत हुई है, ये हादसा नहीं हत्या है। उन्होंने कहा कि, भाजपा की सरकार बनते ही हम इस पूरे मामले की जांच कराएंगे, दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा। वहीं शिवराज सिंह ने कहा कि, झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में 2 लाख 87 हजार से ज्यादा खाली पड़े सरकारी पदों को भरा जाएगा। कैलेंडर बना कर तय करेंगे कि, किस तारीख को परीक्षा होगी, कब रिजल्ट आएगा और किस दिन जॉइनिंग होगी। उन्होंने कहा



कि, जेएमएम सरकार युवाओं के साथ छल कर रही है, यहां 17 बार पेपर लीक हुए हैं, और परीक्षाएं रद्द हुई है।

**माटी, बेटी और रोटी पर संकट :** केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, झारखंड की बहनें मेरे पास पोटली में माटी और अक्षत लेकर आ रही हैं और कह रही है कि, झारखंड में माटी संकट में है, बेटी संकट में है और रोटी भी संकट में है। माटी, बेटी और रोटी को केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही बचा सकती है। श्री चौहान ने कहा कि, माटी इसलिए खतरे में हैं क्योंकि, झारखंड से कोयला बंगाल के रास्ते बांग्लादेश जा रहा है।

शेष पेज 11 पर

### हेमंत सोरेन ने ही सीएनटी का सबसे अधिक उल्लंघन किया

**गोड्डा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण झारखंड की डेमोग्राफी बदल रही है। झारखंड मेंआदिवासियों की संख्या लगातार घट रही है। यही हाल रहा तो आनेवाले दिनों में आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। मरांडी शनिवार को पोड़ैयाहाट मैदान में आयोजित परिवर्तन सभा में बोल रहे थे। मरांडी ने कहा कि भाजपा ही आदिवासियों के माटी, रोटी और बेटी की रक्षा कर सकती है। इसलिए माटी, रोटी और बेटी की रक्षा के लिए प्रदेश में भाजपा की सरकार बनानी होगी। उन्होंने कहा कि 1951 में आदिवासियों की संख्या 36 प्रतिशत थी, जो घट कर 26 प्रतिशत हो गई है। संथाल परगना में आदिवासियों की संख्या 44 प्रतिशत थी, जो घटकर 28 प्रतिशत हो गई है। मरांडी ने हेमंत सरकार को घेरते हुए कहा कि झारखंड के बालू को मुंबई,

शेष पेज 11 पर



**1951** में आदिवासियों की संख्या 36% थी, जो घट कर 26% हो गई

### चौकीदार बहाली की दौड़ में 2 अभ्यर्थी हुए बेहोश

**कोडरमा।** जिले मे चल रहे चौकीदार बहाली दौड़ में शनिवार को दो अभ्यर्थी बेहोश हो गए। बताया जाता है कि लिखित परीक्षा मे पास हुए अभ्यर्थियों की चंदवारा में दौड़ की परीक्षा हो रही थी। चौकीदार बहाली दौड़ के लिए सभी अभ्यर्थियों को 6 मिनट में 1600 मी की दौड़ लगानी थी। इसी बहाली प्रक्रिया में दौड़ लगाने के क्रम में दो अभ्यर्थी अचानक बेहोश होकर गिर गए, सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल मे बेहोश हुए युवक और युवती का इलाज चल रहा है। बेहोश हुए अभ्यर्थी की पहचान धीरज कुमार (19) और निशा रानी (25) के रूप में हुई है। वहीं जिला प्रशासन की ओर से इनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# झारखंड में 10 लाख के इनामी माओवादी नक्सली रामदयाल महतो ने किया सरेंडर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** भाकपा माओवादी नक्सली कमांडर रामदयाल महतो उर्फ बच्चन दा ने शनिवार को गिरिडीह में डीआईजी सुनील भास्कर सहित अन्य आला अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उसके सिर पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। राज्य के गिरिडीह, धनबाद तथा अन्य जिलों में उसके खिलाफ हत्या, पुलिस पर हमला, सरकारी भवनों को विस्फोट से उड़ाने, लेवी वसूली और नक्सली वारदात के करीब 75 मामले दर्ज हैं। रामदयाल महतो नक्सली संगठन में जोनल कमेटी का मेंबर रहा है। गिरिडीह की पारसनाथ पहाड़ी से लेकर धनबाद के टुंडी तक के जंगलों में उसकी अघोषित हुकूमत चलती रही है।

पीरटांड़, निमियाघाट, मधुबन, डुमरी, टुंडी थाना क्षेत्रों में उसने पिछले दो-ढाई दशकों में कई घटनाओं को अंजाम दिया है। पिछले दिनों 25 लाख के इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा की गिरफ्तारी के बाद इस पूरे इलाके में माओवादियों के ऑपरेशन की अगुवाई वही कर रहा था।

शेष पेज 11 पर




### सीबीआई ने कोलियरी प्रबंधक औरहाजरी बाबू को रिश्वत लेते दबोचा

**धनबाद।** निरसा के इसीएल मुगमा क्षेत्र के श्यामपुर बी कोलियरी के प्रबंधक प्रवीण कुमार मिश्रा एवं हजारी बाबू गौर रवानी को बीस हजार रूपये रिश्वत लेने के मामले शुक्रवार की देर रात सीबीआई की टीम ने प्रबंधक के आवास से गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम ने हिरासत में लिए गए दोनों व्यक्तियों से मुगमा स्थित ईसीएल के गेस्ट हाउस में अहले सुबह तक पूछताछ करती रही। इस दौरान पुलिस टीम को प्रबंधक के आवास पर तैनात किया गया था। बताया जाता है कि हरियाजाम कोलियरी से स्थानांतरित होकर श्यामपुर बी कोलियरी आए मो. सलीम से

शेष पेज 11 पर

# झारखंड को घुसपैठियों ने हाईजैक कर रखा इरफान को इस बारे में सोचना चाहिए : हिमंता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड हाई कोर्ट की टिप्पणी है कि राज्य को घुसपैठियों ने हाईजैक कर रखा है। मंत्री इरफान अंसारी को इस बारे में सोचना चाहिए। वे शनिवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। सरमा ने कहा कि उत्पाद सिपाही नियुक्ति मामले में जांच का दायित्व राज्य सरकार का है। यदि उन्हें लगता है कि उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस मामले में झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र लिख सकते हैं। यदि वे ऐसा करते हैं तो भारतीय जनता पार्टी उसका स्वागत करेगी। चुनाव सह प्रभारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी, जदयू और भाजपा के साथ गठबंधन होगा। अब तक 99 प्रतिशत सीटों पर फैसला हो चुका है। कुछ सीटों की ही चर्चा बाकी है। पितृ पक्ष समाप्त होते ही गठबंधन की घोषणा कर दी जाएगी। एक सवाल के जवाब में सरमा ने कहा कि हेमंत सोरेन के पत्र का जवाब मैं दूंगा। हालांकि, जवाब वे खुद जानते हैं।

शेष पेज 11 पर



## आज कल




# बिहार ने कोसी का पानी छोड़ा साहिबगंज में गंगा होगी विकराल

**प्रशासन अलर्ट**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के साहिबगंज में गंगा में पिछले पांच दिन से आई बाढ़ और विकराल रूप ले सकती है। बिहार के कोसी बैराज से शनिवार को 6.81 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से गंगा का जलस्तर बढ़ना तय है। इसे लेकर साहिबगंज जिला प्रशासन ने दियारा इलाकों में रहने वाली आबादी को अलर्ट किया है। लोगों को तटीय क्षेत्रों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिए प्रशासन ने कई नावें उपलब्ध कराई हैं। साहिबगंज के उपायुक्त हेमंत सती ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से बनाए गए बाढ़ राहत शिविरों में लोगों के रहने की व्यवस्था की गई है। साहिबगंज में गंगा नदी में शनिवार सुबह जल स्तर 27.95 मीटर मापा गया था। यह खतरे के निशान से ऊपर है। अब सुपौल में वीरपुर बैराज से अपराह्न 12 बजे पानी छोड़ने के बाद जलस्तर में अत्यधिक वृद्धि हो सकती है।

# पंजे ने देश को गंजा किया, जेएमएम ने झारखंड को ठगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर ।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को झारखंड के देवघर में आयोजित परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि झारखंड पवित्र धरती है। देवघर यानी देवता का गढ़। यहां का इतिहास बहुत रोचक है। यहां महात्मा गांधी आए थे। रविंद्र नाथ आए थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय समते कई महापुरुषों ने इस धरती पर योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन का यात्रा है। क्योंकि, झारखंड के लोगों को रोजगार मिले। किसानों और बहनों को सम्मान मिले। उनका जीवन यापन ठीक प्रकार से हो, इसलिए परिवर्तन करनी है। शर्मा ने कहा कि इस सरकार ने जो घोषणा पत्र में वादे किए उसको पूरा किया क्या? यहां कोई भी काम नहीं हुआ। हेमंत सरकार में बड़े-बड़े घोटाले हुए हैं। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। इस बात को जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी के लोग भी जानते हैं। झामुमो परिवार की पार्टी है। ये वंशवाद की पार्टी है। परिवारवादी पार्टियां देश, समाज, मजदूर, किसान, युवाओं और महिलाओं के लिए कुछ नहीं करने वाली हैं। ये वे लोग हैं जो अपने परिवार की सेवा करते हैं और परिवार को आगे बढ़ाने का काम करते हैं। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और जेएमएम ने यहां के लोगों के लिए क्या सोचा? पंजे ने देश को गंजा किया। जेएमएम ने झारखंड को ठगा है। मैं कहना चाहता हूं कि जेएमएम का पिछला घोषणा पत्र पढ़ लीजिए, आपको पता चल जाएगा कि उन्होंने क्या वादा किया था और कितना पूरा किया। कांग्रेस ने भी कई घोषणाएं की थीं लेकिन उन पर काम किया क्या? जब चुनाव आते हैं तो ये लोग लूट और झूठ की कहानियां गढ़ते हैं। ये लूट और झूठ के अलावा कुछ नहीं करते।

शर्मा ने केंद्र की भाजपा सरकार का जिक्र करते हुए कहा, 2014 से पहले देश की स्थिति कैसी थी, याद कीजिए। आतंकवाद और नक्सलवाद से पूरा देश परेशान था लेकिन आज नक्सलवाद कहीं नजर आता है क्या? इस देश और राज्य में यदि किसी ने गरीब कल्याण की योजना लागू की है, तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।




**इंडिया**

# एआई कहीं हमारी बुद्धि और व्यापार न छीन ले



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

तकनीक से भस्मासुर बने कृत्रिम मानव पर बनी कई फिल्मों और पुस्तकों ने हमें चेताया था कि प्रकृति के विरुद्ध जाने से भविष्य में खतरा हो सकता है । आज हर बच्चा से बड़ा कैलकुलेटर के बाद गूगल और अब कृत्रिम मेधा यानी एआई पर निर्भर होता जा रहा है जिससे भारतीय उपप्रायद्वीप के अनेक अनेक देशों में पहाड़े,सवैए से उंगलियों या जबानी हिसाब जोड़ने का चलन लगभग समाप्ति पर है और पुस्तकों या संदर्भ ग्रंथों से वास्तविक ज्ञान लेने के बजाय चुटकियों में एआई से पूछ रहे हैं जो लगभग सभी नए स्मार्ट फोन में उपलब्ध है पर इसका अंत या परिणाम क्या होगा किसी को पता नहीं ।वर्तमान में तमाम सुविधाओं के लिए ऑनलाइन व्यवस्था पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं बिग डाटा के प्रभाव से ही हमारी जीवनशैली प्रभावित होने वाली है। इस सुविधा ने जहां हमें अत्यधिक आलसी बना दिया है, वहीं उसकी सोच और परख का दायरा भी कम कर दिया है। ऑनलाइन व्यवस्था ने जहां सुलभता प्रदान की है, वहीं इसका दुरुपयोग भी बहुत हद तक बढ़ गया है, जिसके दूरगामी दुष्प्रभाव अर्थव्यवस्था के साथ पर्यावरण और सामाजिक व्यवस्था पर भी पड़ने वाला है ।ऑनलाइन व्यापार की मूल कड़ी गिग वर्कर्स (असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक) पूर्णतः असुरक्षित हैं और उन पर निरंतर दबाव की स्थितियां बढ़ती जा रही हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2030 तक गिग वर्कर्स की संख्या लगभग ढाई करोड़ तक पहुंच जाएगी। ये वे लोग हैं, जो निरंतर खतरों से खेलते हुए तय समय में सुविधा या उत्पाद सुलभ कराते हैं। विभिन्न प्लेटफॉर्म के बीच कम समय में वस्तुओं को उपलब्ध करवाने की होड़ लगी हुई है ।दुर्भाग्यवश इस पर कोई आवाज नहीं उठा रहा। प्रश्न यह है कि अपनी अपेक्षाओं या आवश्यकताओं के आगे क्या गिग वर्कर्स की जिंदगी कोई महत्व नहीं रखती? इस बाबत कोई भी आंकड़ा उपलब्ध नहीं है कि कितने गिग वर्कर्स भविष्य निधि, कर्मचारी या सामूहिक बीमा जैसे सामाजिक सुरक्षा कवच पा चुके हैं और कितने कर्मी अपने कार्य को अंजाम देते समय दुर्घटना या मौत का शिकार हुए हैं। ऑनलाइन व्यापार व्यवस्था की दूसरी अहम कड़ी उपभोक्ता वर्ग है। वह तो मानो संपूर्ण अंधकार में मात्र सुलभ एवं सुगम सेवा की चाह में ऑर्डर दर ऑर्डर किए जाता है। न उसे यह तय करने का अधिकार है कि प्राप्त वस्तु का तोल, आकार या संख्या प्रदर्शित वस्तु के अनुरूप है और न ही उसके मूल्य के आकलन का ।विभिन्न ऑफर के भ्रमजाल में फंस जाता है। हालांकि वह छूट भी बाजार में उपलब्ध दर से अधिक होती है। पूर्व में वस्तुओं के अलग-अलग मूल्य को लेकर उपभोक्ता आंदोलनकर्ताओं ने आवाज उठाई थी, लेकिन अब सब मौन हैं। उपभोक्ता के स्तर पर ही एक और अत्यंत गंभीर तथ्य है, जो ऑनलाइन व्यापार के अनियंत्रित होने से जुड़ा है, वह मूलतः दवाओं की घरों पर डिलीवरी से जुड़ा है। इनमें ऐसी दवाओं की भी डिलीवरी हो रही है, जिनके लिए डॉक्टर का परामर्श बहुत जरूरी है। कई ऐसे मामले भी आ चुके हैं, जिनमें लोगों ने प्रतिबंधित दवा ऑनलाइन मंगवाकर अपना जीवन ही खत्म कर लिया ।व्यापारी के स्तर पर किसी भी प्रकार के नियम कायदों के अभाव में अनेकानेक समस्याएं हैं, जिनमें सर्वाधिक क्रय की गई वस्तु और उसकी राशि के लौटाने संबंधी मामले हैं। आजकल ऐसे ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म भी स्थापित हो गए हैं, जहां लौटाई गई वस्तुएं नीलामी के जरिये वापस बाजार में आ जाती हैं। खाद्य सामग्री की डिलीवरी करने वालों के लिए तो यह समस्या अत्यंत व्यापक है, जिसका सीधा असर वस्तु की विक्रय राशि में बढ़ोतरी के रूप में दिखता है। एक मोटे अनुमान के अनुसार, लगभग 10-15 प्रतिशत तक बनी हुई और 20-25 प्रतिशत तक किराना सामग्री बर्बाद होने के कगार पर होती है। यह सीधे-सीधे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है। इन सब चुनौतियों के मध्य यह तो स्पष्ट है कि गिग अर्थव्यवस्था को समाप्त नहीं किया जा सकता, या यों कहें यह ही भविष्य का सत्य है। आवश्यकता है एक नियंत्रण हेतु सुदृढ़ और स्पष्ट संरचना कायम करने की ।व्यापारी के स्तर पर किसी भी प्रकार के नियम कायदों के अभाव में अनेकानेक समस्याएं हैं, जिनमें सर्वाधिक क्रय की गई वस्तु और उसकी राशि के लौटाने संबंधी मामले हैं। आजकल ऐसे ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म भी स्थापित हो गए हैं, जहां लौटाई गई वस्तुएं नीलामी के जरिये वापस बाजार में आ जाती हैं। खाद्य सामग्री की डिलीवरी करने वालों के लिए तो यह समस्या अत्यंत व्यापक है, जिसका सीधा असर वस्तु की विक्रय राशि में बढ़ोतरी के रूप में दिखता है। एक मोटे अनुमान के अनुसार, लगभग 10-15 प्रतिशत तक बनी हुई और 20-25 प्रतिशत तक किराना सामग्री बर्बाद होने के कगार पर होती है। यह सीधे-सीधे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है। इन सब चुनौतियों के मध्य यह तो स्पष्ट है कि गिग अर्थव्यवस्था को समाप्त नहीं किया जा सकता, या यों कहें यह ही भविष्य का सत्य है। आवश्यकता है एक नियंत्रण हेतु सुदृढ़ और स्पष्ट संरचना कायम करने की।



**मुंबई में आतंकी हमले का अलर्ट**

# बढ़ाई गई सुरक्षा, ड्रोन और एयर बैलून उड़ाने पर रोक

**एजेंसी**

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आतंकी हमले का लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मुंबई पुलिस ने कुछ उपकरणों के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी है। साथ ही शहर में सुरक्षा-व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। मुंबई पुलिस ने ड्रोन कैमरा, माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट, पैराग्लाइडर, पैरा मोटर, हैंग ग्लाइडर, हॉट एयर बैलून समेत आसमान में उड़ने वाली सभी चीजों पर प्रतिबंध लगाया है। इसके अलावा शहर के सभी धार्मिक स्थलों और भीड़-भाड़ वाली जगहों की भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। ऐसे इलाकों में मॉक ड्रिल करवाने के भी निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी डीसीपी को अपने-अपने जोन में सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर चौकन्ना रहने का निर्देश दिया गया है। केंद्रीय एजेंसियों ने मुंबई पुलिस को निर्देश देते हुए कहा है कि छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास सुरक्षा-व्यवस्था के इंतजाम किए जाएं। इस दौरान ड्रोन कैमरा, माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट, पैराग्लाइडर, पैरा मोटर, हैंग ग्लाइडर, हॉट एयर बैलून समेत आसमान में उड़ने वाली चीजों और लेजर बीम रोशनी के इस्तेमाल की जांच की जाए, ताकि फ्लाइटों का संचालन बाधित न हो। इसके साथ ही आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल कार्रवाई हो सके। मुंबई पुलिस के डिप्टी कमिश्नर (संचालन) अकबर पठान ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम 1951 की धारा 10 उपधारा (2) के तहत एक आदेश जारी किया गया है।

शेष पेज 11 पर

# जेईपीसी कर्मियों के तबादले में भेदभाव का आरोप




- महिला कर्मियों को हो रही ज्यादा परेशानी, कहा- नियम का पालन नहीं हुआ
- जेईपीसी निदेशक बोले, मैं बताने के लिए ऑथोराइज नहीं हूं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) ने अनुबंध में कार्यरत 89 परियोजना कर्मियों का ट्रांसफर कर दिया है। ट्रांसफर होने वाले कर्मियों में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक साधन सेवी और जिला जेंडर समन्वयक का शामिल हैं। परियोजना कर्मियों ने तबादले में भेदभाव का आरोप लगाया है। इस संबंध में जेईपीसी के निदेशक आदित्य रंजन से पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं नहीं बता सकता हूं। इसके लिए मैं ऑथोराइज नहीं हूं। वहीं, स्कूली साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव ने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

इधर, इस तबादले से परियोजना कर्मियों में काफी रोष है, खासकर महिला कर्मियों में। उनका कहना है कि दूर दराज स्थानों पर ट्रांसफर होने से उन्हें परेशानी हो रही है। घर-परिवार को संभालने में काफी दिक्कत हो रही है। ट्रांसफर के लिए नियम है कि एक जिले में 3 वर्ष और एक प्रमंडल में 6 वर्ष का जिनका हो गया है, उनका ही ट्रांसफर होगा, लेकिन इस नियम का पालन नहीं किया गया है।

अमित कुमार मुखर्जी अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी है और पिछले 8 साल से कोल्हान प्रमंडल में कार्यरत हैं, पर उनका ट्रांसफर फिर से उसी प्रमंडल में किया गया है। वहीं, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अभिनव कुमार सिन्हा और कुमार राजा 10 वर्षों से उतरी छोटानागपुर प्रमंडल में कार्यरत हैं। फिर से उनका ट्रांसफर उसी प्रमंडल में किया गया है। 53वीं राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि जिन परियोजना कर्मी का एक जिले में 3 साल और प्रमंडल में 6 वर्ष हो गया है, केवल उनका ट्रांसफर किया जाएगा। 63वीं राज्य कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि परियोजना कर्मियों को जनवरी में आवेदन देना है और तीन पसंदीदा स्थान देना है, उनका ट्रांसफर मार्च में किया जाएगा। वहीं, पुरुषों को दूर जिला दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

सूत्रों ने बताया कि 2022 में परियोजना कर्मियों का ट्रांसफर किया गया था, लेकिन 4-5 दिन में आदेश को वापस ले लिया गया। सितंबर माह में जो ट्रांसफर किया गया है, उसमें तथ्यों पर विचार नहीं किया गया है। अगले साल जो सेवानिवृत होंगे, उनका भी ट्रांसफर कर दिया गया है। वहीं, कुछ ऐसे भी कर्मी हैं, जिनकी सेवा अवधि कम होने से उनका ट्रांसफर नहीं किया गया है। इसके अलावे, राज्य में 5 जिला जेंडर समन्वयक हैं, जिसमें 3 का ही ट्रांसफर किया गया है। परियोजना में कई ऐसे कर्मचारी हैं, जो वर्षों से कार्यरत हैं, लेकिन उनका ट्रांसफर नहीं हुआ है।

# गांव-गांव जाकर जमीन के कागजों की जांच करेंगे : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गोड्डा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष



बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को गोड्डा के पोड़ैयाहाट मैदान में आयोजित परिवर्तन सभा में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर पीएम ने 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस मनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ही आदिवासी द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद पर बैठाया और राष्ट्रपति बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में सबसे ज्यादा कोई प्रभावित हुए हैं तो हमारे आदिवासी समाज के लोग हैं। मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो गांव-गांव में अफसर जाकर लोगों की जमीन के दस्तावेज ठीक करने का काम करेंगे, अगर नहीं करेंगे तो उन्हें जेल भेजा जाएगा।

## मरांडी सहित सभी नेता-कार्यकर्ता सुनेंगे प्रधानमंत्री के मन की बात

**रांची।** प्रधानमंत्री की लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 114वां संस्करण का प्रसारण रविवार को होगा। इस कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल रांची के गोंदा मंडल में, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी चंदनकियारी में, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुण्डा जमशेदपुर में, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्रनाथ त्रिपाठी लातेहार के मनिका में, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहु, केन्द्रीय मंत्री संजय सेठ ओरमांझी के आराकेरम गांव में, प्रदेश महामंत्री सांसद प्रदीप वर्मा रांची में एवं प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह डालटनगंज में मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे।

## एक नजर

### चार सार्जेंट मेजर का तबादला, एक का रद्द

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने चार सार्जेंट मेजर का तबादला किया है, जबकि एक सार्जेंट मेजर का ट्रांसफर रद्द कर दिया है। डीजीपी के आदेश पर डीआईजी कार्मिक ने इससे संबंधित आदेश शनिवार को जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार ब्रजेश कुमार को स्पेशल ब्रांच, अजीत कुमार चौबे को जामताड़ा, राजेश रंजन को सीटीसी मुसाबनी और विधान चंद्र शर्मा को सीटीसी मुसाबनी में तबादला किया गया है। जबकि, अभिनव पाठक का ट्रांसफर रद्द करते हुए उन्हें केंद्रीय वस्त्र भंडार रांची में पदस्थापित किया गया है।

### अपहरण मामले के दोषी को तीन साल की सजा

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शनिवार को दोषी मोनजुरूल उर्फ मो. मनजीर आलम को तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। नहीं देने पर उसे अतिरिक्त छह महीने जेल काटनी होगी। अदालत ने आरोपित को दुष्कर्म के आरोप से बरी कर दिया है। घटना को लेकर हिंदपीढ़ी निवासी ने हिंदपीढ़ी थाना में 2019 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोपित पर शादी की नियत से नाबालिग का अपहरण करने एवं दुष्कर्म के आरोप था। इसी मामले में जांच अधिकारी ने चार्जशीट भी दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने सिर्फ अपहरण में दोषी पाकर सजा सुनाई है।

### आरोपी ने निर्णय पूर्व किया गुनाह कबूल लगाया जुर्माना

**रांची।** ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार आरोपित अशफाक कुरैशी ने निर्णय पूर्व अपना गुनाह कबूल कर लिया। गुनाह कबूल करने के बाद सिविल कोर्ट रांची के एनडीपीएस मामले के विशेष सह प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय की अदालत ने शनिवार को आरोपित को दोषी पाकर सिर्फ पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपित को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। पेशी के दौरान ही उसने अपना गुनाह कबूल किया। उसने अपना अपराध स्वीकार किया।

# यह रांची हेडक्वार्टर से नहीं, गांव से चलने वाली सरकार : हेमन्त सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार अपने प्रयास से राज्यवासियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें सम्मान देने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री शनिवार को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची में आयोजित मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना, नियुक्ति पत्र एवं परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे गरीब-गुरबा लोगों को कोई भी चीज बहुत आसानी से नहीं प्राप्त होता है, इनके लिए अबतक जो नीति निर्धारण हुए हैं वह कारगर नही थे। पूर्व की सरकार में योजनाएं तो बनाई गई, लेकिन उसका लाभ गरीबों को नहीं मिल पाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है और आज भी कहता हूं कि यह रांची हेडक्वार्टर से नहीं, गांव से चलने वाली सरकार है। राज्य में ऐसे भी गांव हैं जहां के लोगों ने प्रखंड के अधिकारियों को नहीं देखा है लेकिन अब समय बदल रहा है। अब प्रखंड कार्यालय और जिला से लेकर हेडक्वार्टर के पदाधिकारी पंचायत-पंचायत, गांव-गांव, घर-घर जाकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं और आपको राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। अब समय बदल गया है।




### नारी शक्ति को सम्मान के साथ आर्थिक रूप से कर रहे मजबूत

सोरेन ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 वर्ष का उम्र पूरा कर चुकी हर बहन-माताओं को योजना का लाभ मिल रहा है। हमारी सरकार राज्य की नारी शक्ति को सम्मान देने के साथ-साथ आर्थिक रूप से मजबूत कर रही है। राज्य के नौजवानों को नौकरी देने के लिए कई प्रतियोगिता परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। राज्य के आदिवासी, मूलवासियों की हितों के लिए हमारी सरकार ने झारखंड विधानसभा से सरना धर्मकोड पारित कर केंद्र सरकार को भेजा लेकिन उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

### 20 लाख आवास विहीन परिवारों को देंगे पक्का मकान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से झारखंड के 20 लाख आवास विहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरों का पक्का मकान उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने राज्य के किसानों के साथ भी न्याय नहीं किया है। हमारी सरकार अब यहां के किसानों के 2 लाख रुपये तक के कृषि ऋण को माफ करने का काम किया है। राज्य सरकार झारखंड के बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त उपलब्ध करा रही है जबकि पुराने बिजली बिल को माफ भी किया गया है।

### सभी पात्र लोगों को मिला सर्वजन पेंशन योजना का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार गठन के बाद कई चुनौतियां हमारे समक्ष रहीं। महत्वपूर्ण 2 वर्ष तो कोरोना जैसी महामारी में गुजर गया। जब जीवन सामान्य होने लगा तो आपके गांव, पंचायत में शिविर लगाकर जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारियों द्वारा आपकी समस्याओं को सुनकर उसका निदान किया गया। अब गांव, पंचायत, टोला में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम' के माध्यम से राज्य सरकार को गांव की असली सूचनाएं आने लगी। समस्याएं कई हैं। गरीब-गुरबा के पास समस्या हमेशा मुंह बाए खड़ी रहती है। उन समस्याओं का एक-एक कर समाधान करना हमारी सरकार ने शुरू किया और इसके तहत पहला कदम 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम' के माध्यम से राज्य के वृद्ध लोगों को बुढ़ापे की लाठी देने का काम किया। हर वृद्ध, विधवा महिला, दिव्यांग को पेंशन देने का काम हुआ।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड के पलामू से अरहर दाल खरीदेगी केन्द्र सरकार: शिवराज





**पलामू ।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार शाम चार बजे झारखंड के पलामू कलेक्ट्रेट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान के एक्जीक्यूटिव छात्रावास ब्लॉक और प्रशिक्षण ब्लॉक की आधारशिला रखी। पत्रकारों से बातचीत में केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि पलामू की अरहर दाल काफी मशहूर है। केन्द्र यहां से दाल खरीदेगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा। किसानों के खेतों पर सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाएगा। यहां की नदियों का पानी बहकर बेकार हो जाता है। इसे उपयोग में लाया जाएगा। शिवराज ने कहा कि पलामू की भूमि उर्वरा है। यहां कृषि उपज की संभावना असीम है। सरकार यहां मूलभूत सुविधा उपलब्ध करायेगी। चौहान ने संस्थान के नामकरण की जटिलता को लेकर कृषि उच्चाधिकारियों से नाराजगी जताई और इसे उसके काम के अनुरूप बनाने के निर्देश दिए, ताकि आम जनता को उसके उद्देश्य का पता चल सके। चौहान ने कहा कि नाशपाती, अरहर दाल और मूंगफली समेत कई फसलों के लिए पलामू और झारखंड की भूमि उपजाऊ है। इसके समुचित विकास की जरूरत है। केन्द्र सरकार हर मदद देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि वह योजना बना कर चरणबद्ध तरीके से पलामू समेत पूरे झारखंड को कृषि क्षेत्र कार्य के लिए जल्द ही कार्यक्रम को गति प्रदान करेंगे। उन्होंने पलामू के उपायुक्त शशि रंजन को भरोसा दिलाया कि केंद्र उन्हें हर संभव मदद करेगा, जिससे किसानों के आय में वृद्धि हो सके। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, पलामू डीसी शशि रंजन, एसडीएम सुलोचना मीणा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### मंत्री दीपिका ने जेएसआईए के सीईओ के साथ की वार्ता



**रांची।** राज्य के कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ताओं(एआई वर्कर) के लंबे आंदोलन के बाद कृषि, पशुपालन विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और पशुपालन निदेशक किरण पासी, जेएसआईए के सीईओ के साथ हुई वार्ता में महत्वपूर्ण फैसले लिए गये हैं। एआई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि जेसीआईए के पदाधिकारियों संग चार प्रमुख बिंदुओं पर वार्ता हुई है, जिससे अगले दो सप्ताह में एआई कर्मियों के लिए बड़ी खुशखबरी आ सकती है। वर्ष 2019 से बकाया राशि का भुगतान और कर्मियों के लिए न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मजदूरी दिए जाने की मांग सरकार से थी। जेएसआईए की ओर से कहा गया है कि पूर्व की सभी बकाया राशि जिलों को उपलब्ध करा दी गयी है, जो जल्द ही मिल जाएगी। इसके अलावा कर्मियों को वर्तमान में प्रतिमाह मिल निश्चित राशि 1500 को 6000 रुपये करने को विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। मोबाइल रिचार्ज की राशि 150 की बजाय 300 रुपये करने का भी प्रस्ताव विभाग को जाएगा। एआई कर्मियों को वरीयता के आधार पर नियमित किए जाने पर कहा गया है कि भविष्य में पशुधन सहायक आदि कर्मियों की नियुक्ति मामले में एआई कर्मियों को वरीयता दी जाएगी। इसी तरह से एआइ कर्मियों के लिए नियमावली तय किए जाने के संबंध में भी सरकार की ओर से सकारात्मक रूख दिखाया गया है।

### कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र जनता का घोषणा पत्र होगा : केशव महतो



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस मेनिफेस्टो कमिटी की परामर्श समिति की बैठक रांची प्रेस क्लब में शनिवार को हुई। मैनिफेस्टो कमिटी के चेयरमैन बंधु तिर्की की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्य रूप झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शामिल हुए और विभिन्न समाज के विभिन्न वर्ग के लोग ने भाग लिया। इसमें मुख्य रूप से चेम्बर ऑफ कॉमर्स, एनजीओ, खेल प्रतिनिधि और आदिवासी संगठन के लोग शामिल थे। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र जनता का घोषणा पत्र होगा, हमारे नेता राहुल गांधी की अपेक्षा है कि झारखंड के चुनाव घोषणा पत्र वहां कि जनता का दस्तावेज हो। मैनिफेस्टो कमिटी के चेयरमैन बंधु तिर्की ने बताया कि अगली बैठक 30 तारीख को चार बजे लालगुटवा बैंक्वट हॉल में होगी। बैठक में आये सुझावों में मुख्य रूप से जल, जंगल जमीन की रक्षा, लैड़ बैक द्वारा भूमि अधिग्रहण, कृषि कार्य, शिक्षा, स्वास्थ्य,नौकरी, भूमि की निबंधन, बिल, सोसाईटी, साथ सहित कई महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हुई। सिविल सोसाईटी की ओर से बलराम, सुधीर पौल, बसंत हेतमसरीया, दयामनी बारला, प्रभाकर नाग, सुरेन्द्र सिंह, धीरज कुमार, मिथिलेश , प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र सोरेन, चेम्बर अध्यक्ष परेश धनानी, सुशील कुमार सिंह ने अपने विचार रखे। मैनिफेस्टो कमिटी की बैठक में मंत्री बन्ना गुप्ता, शहजादा अनवर, जगदीश साह, शशि भूषण राय, सान्तानु मित्रा आदि उपस्थित थे, जिन्होंने सभी सुझावों को गंभीरता से लिया और उसे मैनिफेस्टो का अंग बनाने की बात कही।

## भारत पर्यटन क्षेत्रीय कार्यालय ने मनाया विश्व पर्यटन दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विश्व पर्यटन दिवस पर शनिवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची पर मीट एंड ग्रीट सह वसुधैव कुटुंबकम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारत पर्यटन क्षेत्रीय कार्यालय, झारखंड ने पर्यटन संवर्धन एवं जागरूकता गतिविधियों के बारे में लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान आईएक्सआर फ्लाइट के आगमन क्षेत्र में मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें पर्यटन संवर्धन एवं विश्व पर्यटन दिवस-2024 के उत्सव के लिए गुलाब और चॉकलेट भेंट किए गए।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने मेहमानों से बातचीत करने और विश्व पर्यटन दिवस के महत्व को समझाने में कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। मेहमानों ने भी इस दिन को मनाने के लिए कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। एएआई, वाणिज्यिक विभाग और टर्मिनल प्रबंधक और उनकी टीम ने भरपूर सहयोग दिया।

मीट एंड ग्रीट के दौरान क्रिकेट एसोसिएशन बंगाल की टीम का भी स्वागत किया गया और उनके कोच तथा टीम के सदस्यों ने अतुल्य भारत के नारे में भाग लिया। इस अवसर पर यात्रियों और पर्यटकों के बीच पर्यटन के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए अतुल्य भारत और देखो अपना देश के नारे भी प्रदर्शित किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान इंडिया टूरिज्म फील्ड ऑफिस-झारखंड की सहायक प्रबंधक देबिका मंडल मौजूद थीं।

युवा आजसू ने सीएम सचिवालय में सीएम के नाम सौंपा मांग पत्र

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की निष्पक्ष जांच हो : अभिषेक शुक्ला

- *राहुल तिवारी ने कहा, जेएसएससी सीजीएल अभ्यर्थियों के साथ न्याय करे सरकार*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** युवा आजसू के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को रांची जिला सह प्रभारी राहुल तिवारी एवं रांची महानगर संयोजक अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में जेएसएससी सीजीएल मामले को लेकर मुख्यमंत्री सचिवालय में मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। मौके पर युवा आजसू के रांची महानगर संयोजक अभिषेक शुक्ला ने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की 21 एवं 22 सितंबर को संपन्न हुई सीजीएल परीक्षा के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा प्रश्न पत्र लीक होने समेत पूरी प्रक्रिया पर कई गंभीर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। इसमें मुख्य रूप से प्रश्न पत्र लीक होना, गणित से संबंधित प्रश्नों का एसएससी सीजीएल 2022 के प्रश्नों से हूबहू मेल खाना, रीजनिंग के सभी 20 सवालों का एसएससी सीजीएल 2019 के प्रश्नों से मेल खाना शामिल है। वहीं, कंप्यूटर विषय के भी सभी प्रश्न आईबीपीएस आरसी 2023 के प्रश्नों से मेल खाना, बुकलेट का सील खुला होना, बहुत सारे परीक्षा केंद्र से कदाचार की खबरें आना, कहीं ना कहीं पूरे जेएसएससी सीजीएल 2023 परीक्षा को कटघरे में खड़ा करती है।

अभिषेक शुक्ला ने मांग की कि जितने भी सबूत जेएससीसी अधिकारियों को अभ्यर्थियों द्वारा सौंपे गए हैं, उसकी निष्पक्षता से जांच कराई जाए। रांची जिला सह प्रभारी राहुल तिवारी ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ियों के खिलाफ आयोग के कार्यालय के समक्ष विगत 26 सितंबर को हजारों छात्र-छात्राओं ने धरना-प्रदर्शन किया था। देर शाम में छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में हुए कदाचार से संबंधित सबूत भी जेएसएससी के अधिकारियों को सौंपा था। लेकिन, 26 सितंबर 2024 को जेएसएससी कार्यालय के 100 मीटर के परिधि में निषेधाज्ञा (धारा 163) लागू कर दी गई, जो किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं था। यह अभ्यर्थियों के मौलिक अधिकारों का हनन है।

उन्होंने कहा कि युवा आजसू इस मामले की निंदा करती है और मांग करती है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के लिए जो जांच कमिटी बनाई गई है, वह कमेटी छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए जा रहे सभी आरोप एवं उनके द्वारा सौंपे गए सबूत की निष्पक्ष जांच करे।

मैप्स ग्लोबल फाउंडेशन का किया गया गठन, बोले अरुण सिंह

# समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी हो

- *ऐसे समाज का निर्माण करना है, जहां महिलाएं और बच्चे सुरक्षित हों : संध्या रानी*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण जैसे मुख्य मुद्दों को लेकर मैप्स ग्लोबल फाउंडेशन का गठन किया गया। शनिवार को होटल कैपिटल हिल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आइएस अरुण कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि डीआइजी सीआइडी संध्या रानी मेहता, विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह ने मैप्स ग्लोबल फाउंडेशन का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अरुण कुमार सिंह ने कहा कि देश, राज्य और समाज के लिए हमारी एक जिम्मेदारी और दायित्व होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से मैप्स ग्लोबल फाउंडेशन का गठन किया गया है, इसके लिए जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है।

संध्या रानी मेहता ने कहा कि हमें ऐसे समाज का निर्माण करना है, जहां महिलाएं और बच्चे सुरक्षित हों। झारखंड में महिलाओं और बच्चों की बेहतरी के लिए कार्य किया जा रहा है। इसमें थोड़ा और प्रयास करने की जरूरत है। फाउंडेशन के फाउंडर अनूप प्रसाद ने फाउंडेशन के उद्देश्य पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड में एक कैंसर हॉस्पिटल खोलने की योजना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, अवसर और नवाचार के माध्यम से, हमारा लक्ष्य स्थायी प्रभाव पैदा करना और जीवन को बदलना है।

फाउंडेशन की ऑपरेटिंग मैनेजर मैरी स्टेला ने कहा कि मैप्स ग्लोबल फाउंडेशन सहयोग, नवाचार और सशक्तिकरण के माध्यम से स्थायी परिवर्तन लाने पर ध्यान केंद्रित करता है। हम शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यावरणीय स्थिरता और आर्थिक सशक्तिकरण जैसे मुख्य मुद्दों को संबोधित करने के लिए स्थानीय समुदायों, सरकारों और वैश्विक भागीदारों के साथ मिलकर काम करते हैं।

## आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका को सरकार ने धोखा दिया : जेपी पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश समाज



कल्याण आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जय प्रकाश पांडेय ने कहा है कि हेमंत सरकार ने आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका को धोखा दिया है। हेमंत सरकार के 27 सितंबर को हुई कैबिनेट की बैठक में आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 23 सितंबर को आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका के रैली में गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका को संबोधित करते हुए कहा था की 27 अक्तूबर के कैबिनेट के बैठक में आप लोगों को खुशखबरी मिल जाएगी। लेकिन, कैबिनेट में ऐसा कुछ भी निर्णय नहीं हुआ। इस पर संगठन में भारी आक्रोश व्याप्त है और आने वाले विधानसभा चुनाव में सबक सिखाने की तैयारी हो रही है। साथ ही, पांच अक्टूबर से संपूर्ण राज्य के लगभग 80 हजार सेविका-सहायिका अपने आंगनवाड़ी केंद्रों को बंद करने का निर्णय ले लिया है। जब तक वेतनमान नहीं, तब तक आंगनवाड़ी केंद्र नहीं। सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों की सेविका-सहायिकाएं 05 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली जाएंगी। जब तक उनके आठ सूत्री मांगों को सरकार पूरी नहीं कर देती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

### ग्रामीण इलाकों में बालिका शिक्षा की स्थिति अब भी दयनीय

# शिक्षा से ही मिलेगी सफलता, बढ़ेंगी आगे : माधुरी रानी

▸ बालिकाओं के स्कूल नहीं जाने का एक प्रमुख कारण असुरक्षा भी है

**काजल मेहता**


माधुरी रानी

**रांची।** शिक्षा ऐसा विषय है, जिसके अभाव में अक्सर लोग मुश्किलों में फंस जाते हैं। शिक्षा महिला-पुरुष सभी के लिए महत्वपूर्ण है। शहरी इलाकों में महिलाएं शिक्षा से दूर नहीं रहतीं, मगर ग्रामीण इलाकों के ग्राफ को देखा जाए, तो साफ हो जाएगा के वहां की महिलाएं आज भी शिक्षा के अभाव में कई तरह की प्रताड़नाओं का शिकार हो रही हैं। यहां यह भी कहा जा सकता है कि ग्रामीण इलाकों में सिर्फ महिलाएं ही नहीं, बल्कि पूरे ग्रामीणों को शिक्षा देने की जरूरत है, क्योंकि अशिक्षा से वे आज भी कुप्रथाओं का शिकार हो रहे हैं। इसमें महिलाओं की संख्या सबसे अधिक होती है। ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की स्थिति के विषय पर रिटायर शिक्षिका माधुरी रानी गुप्ता ने कहा, 'शिक्षा' एक ऐसा साधन है, जिससे हम सभी अपने जीवन में आगे बढ़ेंगे एवं सफलता मिलेगी। ग्रामीण इलाकों में महिला एवं बालिकाओं की शिक्षा की स्थिति अभी भी बहुत दयनीय है। आज हमारा देश स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ मना रहा है, पर ग्रामीण इलाकों में आज भी लोग अशिक्षा की बेड़ियों में जकड़े हुए है। यहां अशिक्षा के अनेकों कारण हैं। असुरक्षा के कारण बालिकाएं स्कूल नहीं जा पाती हैं। माता-पिता अपनी बेटियों को घर से बाहर भेजना सुरक्षित नहीं समझते। माधुरी रानी गुप्ता ने कहा कि माध्यमिक विद्यालय खोलकर सरकार ने एक कदम शिक्षा की ओर बढ़ाया तो है, पर इसका लाभ ग्रामीण इलाके के बच्चे ओर बच्चियों को वास्तव में मिल पा रहा है या नहीं, यह अभी भी एक प्रश्न है। मान लें मध्य विद्यालय के बाद उच्च शिक्षा के लिए बच्चे शहर जाना चाहते हैं, परंतु यातायात की समुचित सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ती है। नामांकन के लिए अभिभावकों को सारा दिन घर से दूर रहना पड़ेगा और यदि वे एक दिन का समय भी इसमें बर्बाद करते हैं तो उनके परिवार के सामने भोजन की समस्या उत्पन्न हो जाएगी।



#### शिक्षा के अभाव में बेटियां कुप्रथाओं का होती हैं शिकार

ग्रामीण इलाकों की बेटियां शिक्षा के अभाव में आज भी कई कुप्रथाओं का शिकार होती हैं। शिक्षा के अभाव के कारण ही महिलाएं दहेज प्रताड़ना की शिकार होती हैं। कानून का सही ज्ञान ना होने के कारण और महिलाएं अपने हक के लिए ही लड़ नहीं पाती हैं। कई मामलों में इन प्रताड़नाओं के कारण महिलाएं जान भी गवां देती हैं।

दूसरा कारण ज्यादा बच्चे होना है। घर में यदि चार बच्चे हैं, तो बड़े को उनकी देखभाल के लिए रुकना पड़ता है। माधुरी बताती हैं कि जब वह 1991 में स्थानांतरण के बाद हजारीबाग के एक सरकारी विद्यालय में आईं, उस समय वहां कई गांवों की स्थिति बहुत दयनीय थी। लड़कियां घंटों पैदल सफर कर ही विद्यालय आ पाती थीं। सुबह बिना खाये, अपने घर के कामों को पूरा कर ग्रामीण लड़कियां विद्यालय आया करती थीं। परंतु, अब सुधार आया है। सरकार का ध्यान इस ओर गया है। माधुरी ने बताया कि उस वक्त उन्होंने भी सरकार की योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए गावों में घर घर जाकर उन्हें विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया है। मध्य विद्यालयों में जाकर उच्च विद्यालयों में बिना देर किए नामांकन के लिए भी आश्वस्त किया है, और इसका लाभ भी मिला है। सरकार ने गांव के मध्य विद्यालयों को उत्क्रमित कर एक अच्छी पहल की है। फिर भी और सुधार की आवश्यकता है। माधुरी रानी गुप्ता ने कहा कि शिक्षा से महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हो सकती हैं। इसलिए सरकार और ग्राम पंचायतों के मुखिया, सासंद और विधायक की यह जिम्मेदारी है कि वे अपने क्षेत्र के ग्रामीणों को अच्छी शिक्षा दिलवाएं, विशेषकर महिलाओं को और सरकार इसका जायजा हर वक्त लेते रहे।

### धुर्वा में झारखंड युवा सदन 4.0 का आयोजन

# मानव तस्करी की रोकथाम को विधेयक पेश

▸ जीरो आवर में राज्य के सार्वजनिक महत्व के मुद्दे पर चर्चा हुई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राजधानी रांची के धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी ऑफिस के सभागार में आयोजित झारखंड युवा सदन 4.0 के दूसरे दिन शनिवार को राज्य के 81 विधानसभा क्षेत्रों से आए 130 युवाओं ने सदन में अपना परिचय दिया। सत्र की शुरुआत में स्पीकर (सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ऋषिंद्र विक्रम सिंह) ने आधे-आधे घंटे तक पक्ष व विपक्ष के विभिन्न युवाओं को अपने-अपने क्षेत्र की जन समस्याओं को सदन मे रखने का मौका दिया। प्रश्नकाल में विधायकों ने मंत्रियों से राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर सवाल किए। जीरो आवर में राज्य के अतिआवश्यक सार्वजनिक महत्व के मुद्दे पर चर्चा हुई। राज्य में मानव तस्करी एक ज्वलंत मुद्दा इसके बाद गृह मंत्री ने झारखंड में मानव तस्करी के रोकथाम के लिए सदन में मानव तस्करी विधेयक पेश किए। युवा सदन के अध्यक्ष आकाश पांडेय ने कहा कि हमारे राज्य में मानव तस्करी एक ज्वलंत मुद्दा है, जिसपर लोग चर्चा नहीं करते। राज्यवासियों को इस विषय में सचेत और सजग बनाने के उपदेश्य से मानव तस्करी विधेयक को युवा सदन 4.0 मे पेश किया गया है। युवा सदन के निदेशक कृष्णानु आनंद ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पिछले कई वर्षों से राज्य में मानव तस्करी का जंजाल फैला हुआ है। भोले-भाले गरीब लोगों को परेशानी वाले कामों में झोंक दिया जाता है। राज्य के अशिक्षित गरीब लोगों को बहला-फुसला कर बड़े शहरों मे कहीं बंधुआ मजदूर, तो कहीं नौकर बनाकर बेच दिया जाता है। मानव तस्करी के इस नेटवर्क में भोले-भाले गरीब लोगों को कई खराब कामों मे भी झोंक दिया जाता है। नेता प्रतिपक्ष ने मानव तस्करी विधेयक का विरोध किया। स्पीकर के आदेश से दोनों पक्षों ने इस बिल पर विस्तारित परिचर्चा की। कार्यक्रम के तीसरे दिन रविवार को सदन में बिल पास करने की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। युवा सदन के मीडिया प्रभारी कौशिक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से राज्य के युवाओं का मनोबल बढ़ता है। कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के युवा राजनीति में आगे आयेंगे। इस मौके पर उमर शेख (कोआर्डिनेट कमेटी के अध्यक्ष), तनवीर आलम, दिव्यांक, झारखंड युवा सदन में उपस्थित प्रवीण, शिवांश श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव आदि थे।




## रांची में लांच हुई सीयूवी एमजी विंडसर ईवी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सिंघानिया फ्यूचर एमजी रांची शोरूम में शनिवार को भारत की पहली इंटेलीजेंट सीयूवी एमजी विंडसर ईवी लांच की गई। सेल्स हेड राज सोनी ने मौके पर कहा कि इसमें एरो ग्लाइड डिजाइन, 18 इंच डायमंड कट एलाय व्हील्स, 15.6 इंच ग्रैंड व्यू टच डिस्प्ले इंफोटेनमेंट सिस्टम, स्मार्ट फ्लश डोर हैंडल्स, 331 किमी रेंज फुल चार्ज में, इनफिनिटी व्यू सनरूफ, 135 डिग्री रियर रेक्लिनिंग सीट, इंफिनिटी नाइन स्पीकर्स, 80+ आईस्मार्ट कनेक्टेड जैसे फीचर हैं। उन्होंने बताया कि ग्राहक अपनी पसंदीदा इंटेलीजेंट सीयूवी एमजी विंडसर ईवी को सिंघानिया फ्यूचर एमजी रांची, जमशेदपुर, धनबाद, आसनसोल स्थित शोरूम पर 11,000 रुपये से बुकिंग कर सकते हैं। कीमत 9.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है। लांचिंग के मौके पर रांची के विधायक सीपी सिंह, कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर पुलक सिंघानिया, ग्रुप सेल्स हेड संदीप शर्मा, सेल्स हेड राज सोनी, एचआर हेड सौरभ सिंह, हेड सीआरएम सुप्रियो गोस्वामी, सेल्स मैनेजर उज्जवल साहू एवं अन्य गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## वादों के निस्तारण में मध्यस्थों और अधिवक्ताओं की भूमिका अहम : पांडे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायामूर्ति सुजित नारायण के निर्देश पर रांची के व्यवहार न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि न्यायायुक्त दिवाकर पांडे एवं अन्य ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन करने वालों में कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश एसएस फातमी, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, रांची जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शम्भू प्रसाद अग्रवाल, महासचिव संजय कुमार विद्रोही, स्टैट बैंक ऑफ इंडिया के डिप्टी जेनरल मैनेजर एवं रांची जोनल मैनेजर देवेश मित्तल भी शामिल थे। मौके पर न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय ने कहा कि वादों के निस्तारण में मध्यस्थों और अधिवक्ताओं की भूमिका अहम होती है। उन्होंने मध्यस्थों एवं अधिवक्ताओं को सामंजस्य स्थापित कर अधिक से अधिक वादों के निस्तारण पर जोर दिया। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायिक दंडाधिकारियों के लिए 40 बेंच एवं कार्यपालक दंडाधिकारियों के लिए 20 बेंच का गठन किया गया था।

## सीएम ने निर्माणाधीन मेकॉन चौक फ्लाईओवर का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक रांची तक बन रहे फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने मौके पर पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को फ्लाईओवर निर्माण कार्य से संबंधित कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए। फ्लाईओवर निरीक्षण के उपरांत मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि फ्लाईओवर निर्माण से संबंधित दिशा निर्देश राज्य सरकार द्वारा पहले ही दिए जा चुके हैं, और उसी दिशा-निर्देश के अनुरूप सभी कार्य चल रहे हैं। आज मैं यही देखने पहुंचा हूं कि फ्लाईओवर निर्माण कार्य में कितनी प्रगति हुई है। ससमय कार्य पूरा हो, यही राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इस मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता, पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## योगासन के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करेंगे नाम रोशन : डॉ आर्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

▸ ऑल इंडिया योगासन पुलिस गेम्स 2024 का भिलाई में हुआ आयोजन

छत्तीसगढ़ के भिलाई में 18 से 55 वर्ष के आयु वर्ग में विगत 27 सितंबर को संपन्न हुआ। इसका आयोजन योग ऋषि स्वामी रामदेव, अध्यक्ष वर्ल्ड योगासन एवं योगाचार्य डॉ जयदीप आर्य, महासचिव वर्ल्ड योगासन एवं योगासन भारत के मार्गदर्शन में किया गया था। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ जयदीप आर्य, महासचिव वर्ल्ड योगासन एवं योगासन भारत थे। मुख्य अतिथि का स्वागत छत्तीसगढ़ योगासन सचिव एव कंप्टीशन डायरेक्टर यश पाराशर, कंप्टीशन मैनेजर जयंत जैन ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रचित कौशिक, कोषाध्यक्ष योगासन भारत थे। अन्य गण्यमान्य अतिथियों में यूपीवाईएसए सचिव रोहित कौशिक, यस पारासर, उमंग नारंग, श्रेयस मारकंडेय छत्तीसगढ़ पुलिस आईजी आदि थे। मुख्य अतिथि डॉ जयदीप आर्य जी ने करो योग, रहो निरोग के माध्यम से प्रतिदिन योगासन और प्राणायाम को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, वह दिन दूर नहीं, जब योगासन खेल के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए सर्वाधिक मेडल जीतकर राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे योगाचार्य महेश पाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे देश से 511 योग के खिलाड़ियों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता मैं पांच प्रकार के इवेंट्स — ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक पेयर, आर्टिस्टिक सिंगल, रिदमिक पेयर, और आर्टिस्टिक ग्रुप इवेंट्स — में प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में आर्टिस्टिक सिंगल सीनियर बी+सी ग्रुप मे प्रथम स्थान बब्लिना खाकरे मध्य प्रदेश पुलिस को मिला। दूसरा स्थान राजस्थान व तृतीय स्थान पंजाब पुलिस का रहा। इसी तरह अन्य इवेंट में बीएसएफ, आइटीबीपी एवं अन्य इवेंट में अलग-अलग राज्य की पुलिस ग्रुप ने स्थान प्राप्त किया।

## सीएम से महानगर दुर्गा पूजा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को विभिन्न पूजा पंडालों में सपरिवार पहुंचकर माता रानी के दर्शन करने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मां दुर्गा की प्रतिमा और चुनरी भेंट की तथा दुर्गा पूजा की तैयारियों की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य सरकार की ओर से रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति सहयोग की अपेक्षा रखती है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें धन्यवाद भी दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति सहित विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के साथ सदैव खड़ी है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला प्रशासन का पूरा सहयोग पूजा समितियों को मिलेगा। साथ ही, मुख्यमंत्री ने रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के संयोजक अजीत सहाय, उपसंयोजक (अध्यक्ष, झारखंड गौ सेवा आयोग) राजीव रंजन प्रसाद, सहसंयोजक जयसिंह यादव, अध्यक्ष चंचल चटर्जी, वरीय उपाध्यक्ष राजन वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू सहित अशोक यादव, नितिन जय यादव, अमरनाथ साहू, संजय सिन्हा गोपू, रमेश सिंह, संजय



## सीएम से मिला पंजाबी हिंदू बिरादरी का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पंजाबी हिंदू बिरादरी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने 12 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।
मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अवगत कराया कि पंजाबी हिंदू बिरादरी ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रावण दहन कार्यक्रम धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को सपरिवार इस कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आग्रह किया। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में भव्य आतिशबाजी, स्थानीय लोक कलाकारों के साथ उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकार, पायरो फायर बॉक्स मुंबई और कोलकाता की टीम द्वारा प्रदर्शन, श्री राम जी की जीवंत मूर्ति, रावण वध की जीवंत झांकी सहित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी जाएगी, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र होंगे। मुख्यमंत्री ने पंजाबी हिंदू बिरादरी के सदस्यों को शुभकामनाएं दी।
प्रतिनिधिमंडल में पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल और दशहरा कमेटी के अध्यक्ष कुणाल अजमानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### आद्रा मंडल में विकास कार्य के कारण दो ट्रेनें प्रभावित रहेंगी




**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य को लेकर रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। रांची रेल मंडल से शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान रांची से परिचालित ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर -हटिया एक्सप्रेस 30 सितंबर और 5 अक्टूबर को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल- पुरुलिया-कोटशिला - मुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल -गुंडा बिहार-मुरी होकर चलेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 18035/18036 खड़गपुर -हटिया- खड़गपुर एक्सप्रेस का एक, तीन और छह अक्टूबर को आद्रा स्टेशन पर - आंशिक समापन तथा आंशिक प्रारंभ - होगा। इन ट्रेनों का आद्रा-हटिया-आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा।

### पहाड़ी मंदिर की मरम्मत एवं पुनर्विकास के लिए धनराशि स्वीकृति




**रांची।** रांची के पहाड़ी मंदिर की मरम्मत एवं पुनर्विकास कार्य के लिए कुल 673.067 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृत दी गई है। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने विभागीय सचिव के पत्र के आलोक में पहाड़ी मंदिर की मरम्मत एवं पुनर्विकास कार्य के लिए 424.543 लाख एवं गार्ड वॉल तथा बॉउंड्री वॉल निर्माण कार्य के लिए 248.524 लाख कुल 673.067 लाख की स्वीकृति दी है। योजना के क्रियान्वयन के लिए कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी-1, रांची को कार्यकारी एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है, जो मुख्य अभियंता, झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार ही योजना का क्रियान्वयन कराएंगे। उपायुक्त के जरिये अनुमोदित प्राक्कलन के अनुरूप निविदा (टेंडर) आमंत्रित कर 31 मार्च, 2026 तक योजना पूरा करने का आदेश दिया गया है। उपायुक्त ने कार्यकारी एजेंसी से योजना स्वीकृति के बाद सात दिनों के अंदर टेंडर जारी करने को कहा है। साथ ही, आवेदन प्राप्ति की तिथि के अगले पांच दिनों के अंदर टेंडर का निष्पादन करने का आदेश दिया है। योजना के कार्यान्वयन के लिए कार्यपालक अभियंता और एनआरईपी-1 को कई आदेश दिए गए हैं।

### श्री श्याम मंदिर अग्रसेन पथ में मना एकादशी महापर्व



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को एकादशी महापर्व अत्यंत श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न फूलों के मालाओं से मनभावन श्रृंगार किया गया। बजरांबली एवं शिव परिवार का भी विशेष श्रृंगार हुआ। प्रातः से ही श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु की पावन ज्योत प्रज्वलित कर भक्तगण कतारबद्ध होकर ज्योत में आहुति प्रदान की। श्री श्याम मंडल के सदस्यों ने गणेश वंदना के साथ सगीतमय संकीर्तन किया। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान एवं मगही पान का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, गोपी किशन ढांढनीयां, ओम जोशी, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विकाश पाडिया, नितेश केजरीवाल, सुदर्शन चितलांगिया, प्रदीप अग्रवाल, अनुराग पोद्दार, अजय साबू का योगदान रहा।

### हत्या के तीन आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त मनीष रंजन की अदालत ने शनिवार को शंकर साव की हत्या के तीन आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। आरोपितों में उमेश साव, कविता देवी और संध्या साव शामिल है, जिन्हें कोर्ट ने बरी कर दिया है। शंकर साव की हत्या वर्ष 2022 में की गई थी। हत्या के बाद शंकर की पत्नी ने उमेश साव, कविता देवी और संध्या साव को नामजद आरोपित बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। इस संबंध में रांची के रातू थाना में तीनों के खिलाफ कांड संख्या 02/2022 दर्ज की गई थी। हाई कोर्ट के निर्देश के बाद इस मामले का स्पीडी ट्रायल हुआ। आरोपितों की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने बहस की। अभियोजक पक्ष की ओर से कुल सात गवाह कोर्ट में पेश किए गए, लेकिन गवाह यह साबित नहीं कर पाए कि शंकर की हत्या उमेश साव, कविता देवी और संध्या साव ने की है।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में इंदिरा एकादशी पर हुई उद्यास्तमन सेवा



**रांची।** अश्विन कृष्ण इंदिरा एकादशी व्रत को ले शनिवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का उद्यास्तमन सेवा हुई। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में प्रातः ब्रह्ममुहूर्त 4:30 बजे पद्मावती प्राणवल्लभ श्रीवेंकटेश का ध्यानम, करावलंब स्तोत्र और संकटहर स्तुति के बाद पांचरात्र आगमोक्त विधान से तिरुवराधनम हुआ। इसके बाद महाभिषेक हुआ। फिर वस्त्राभूषण से सभी दिव्य विग्रहों को अलंकृत कर भव्य श्रृंगार किया गया। नक्षत्र, कुंभ, और घृत से महाआरती की गई। ग्यारह प्रकार के फलाहारी व्यंजनों का बालभोग लगा और फिर दोपहर तथा रात्रि में राजभोग निवेदन किया गया। श्रद्धालु भक्तों से मंदिर परिसर भरा हुआ था। आज के उद्यास्तमन सेवा (महाभिषेक सहित) के यजमान पुलक सिंघानिया, उनकी पत्नी आयुषी सिंघानिया रांची निवासी थे। अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य एवं नारायण दास ने सारे अनुष्ठान को विधिवत्त संपन्न कराया।

## डीपीएस रांची की शिक्षिका सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), रांची की फिजिकल एजुकेशन विषय की ह्यूमिलिटी रक्षा मिंज (पीजीटी) ने एक प्रतिष्ठित प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विद्यालय को गौरवान्वित किया है। 3, झारखंड गर्ल्स बटालियन के बिहार और झारखंड डायरेक्टोरेट का प्रतिनिधित्व करते हुए, उन्होंने ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, ग्वालियर, मध्य प्रदेश में 45 दिनों का प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के दौरान, जो कि पीआरसीएन जेडब्ल्यू 114 पाठ्यक्रम का हिस्सा था, डीपीएस रांची की शिक्षिका ह्यूमिलिटी रक्षा मिंज को सैद्धांतिक ज्ञान और निर्देशात्मक विवरण दोनों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देते हुए दो प्रतिष्ठित पुरस्कारों- बेस्ट इन एकेडमिक्स और एक्सीलेंस इन लेक्चर आईपी से सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ आरके झा ने शिक्षिका ह्यूमिलिटी रक्षा मिंज को बधाई देते हुए कहा, हमें ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन पर बेहद गर्व है। उनकी सफलता न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि नेतृत्व के पोषण में भी उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

## एक नजर

### सिल्ली में आजसू पार्टी का विधानसभा स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम आज

**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में रविवार को पुर्वाह्न 11 बजे सिल्ली विधानसभा स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बुथ से 20-20 युवा आजसू कार्यकर्ता शामिल होंगे। आजसू प्रमुख सह स्थानीय विधायक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। केंद्रीय सचिव सह पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू ने इसकी जानकारी देते हुए आजसू पार्टी के सभी ग्राम प्रभारी, पंचायत प्रभारियों को अपने क्षेत्र के युवा आजसू के कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### खलारी कोयलांचल में दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी जोरों पर

**खलारी।** दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर खलारी कोयलांचल में जोर शोर से तैयारी चल रही है। तीन अक्टूबर से कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू हो जाएगा। पूजा पंडालों का निर्माण शुरू हो गया है। आयोजन को सफल बनाने को लेकर पूजा कमेटियां कड़ी मेहनत कर रही है। मूर्तिकार दुर्गा माता की प्रतिमा बनाने में जुटे हैं। बारिश के कारण मूर्तिकारों का काम बढ़ गया है। श्रीजानकीरमण मंदिर खलारी सहित कई जगहों पर भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। कई जगहों पर पश्चिम बंगाल से आए कारीगर पंडाल को आकार देने में लगे हैं। क्षेत्र के केडी, मोहननगर, डकरा, सुभाष नगर, चुरी, राय, करकट्टा, धमधमिया, बाजारटांड़, हेसालौंग, नावाडीह, लपरा आदि जगहों पर पूजा पंडाल बनाया जा रहा है। आयोजन में सुरक्षा के लिए सीसी कैमरे, अग्निशमन यंत्र भी लगाए जाएंगे। रावण दहन को लेकर कारीगरों द्वारा रावण का पुतला का भी निर्माण किया जा रहा है।

### जेपीएससी में नहीं हो रही अध्यक्ष की बहाली, जेपीएससी मुख्य परीक्षा के परिणाम में विलंब

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) का चैयरमेन का पद खाली है। बीते 22 अगस्त को नीलिमा केरकेट्टा चैयरमेन के पद से सेवानिवृत हो गई थीं। इसके बाद से यह पद खाली है। अध्यक्ष का पद खाली रहने के कारण जेपीएससी मुख्य परीक्षा का परिणाम भी जारी नहीं हो रहा है। परीक्षा परीणाम जारी नहीं होने से अभ्यर्थी परेशान भी हैं, क्योंकि अगले महीने अचारसंहिता लग जाएगा। अभ्यर्थियों ने कहा कि सरकार के ओर से जेपीएससी में अध्यक्ष को नियुक्त नहीं किया जा रहा है। अगले महीने के बाद जब चुनाव होने लगेगा, तब हमारा क्या होगा। अभ्यर्थियों ने सरकार से मांग की है कि जेपीएससी अध्यक्ष की बहाली किया जाए।

### मातृभूमि के लिए मारवाड़ी समाज की श्रद्धा देखकर प्रफुल्लित हुए राजस्थान के सीएम

# रांची से जयपुर रेल व फ्लाइट की व्यवस्था कराएंगे : भजनलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राइजिंग राजस्थान प्रवासी एवं इंडस्ट्रीयल मीट के तत्वावधान में शनिवार को पुरुलिया रोड स्थित स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल मे संगोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ एवं कांके विधायक समरी लाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को राइजिंग राजस्थान के पदाधिकारी ने अंगवस्त्र एवं इलायची की माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि रांची से जयपुर तक रोजाना रेल एवं फ्लाइट चलाने की व्यवस्था कराएंगे। रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पुष्प गुच्छ एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। संजय सेठ को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय महामंत्री रवि शंकर शर्मा, उपाध्यक्ष मनोज बजाज ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मारवाड़ी समाज के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, झारखंड राजस्थान अकादमी, मारवाड़ी सहायक समिति, अग्रवाल सभा, मारवाड़ी ब्राह्मण सभा, दिगंबर जैन पंचायत, माहेश्वरी सभा, झारखंड प्रांतीय अग्रवाल सम्मेलन, विप्र फाउंडेशन, मारवाड़ी युवा मंच, महिला समर्पण शाखा, अग्रवाल युवा सभा, झारखंड दाधीच परिषद, महेश्वरी युवा सभा, माहेश्वरी महिला सभा, हरियाणा संघ, सैन समाज, राजस्थानी प्रोफेशनल सोसाइटी, विजयवर्गीय सभा, नागरमल मोदी सेवा सदन, भगवान महावीर हेल्थ एंड रिसर्च सेंटर, रांची गौशाला न्यास, श्री श्याम मंडल, श्री श्याम परिवार, श्री श्याम संघ, रानी सती मंडल, श्री जीण माता समिति, सालासर हनुमान मंडल, श्री हनुमान मंडल, श्री शाकंबरी सेवा समिति, राजस्थान मित्र मंडल, श्री श्याम सेवा समिति चुटिया, चैंबर ऑफ कॉमर्स, मारवाड़ी शिक्षा ट्रस्ट आदि के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर, अंग वस्त्र एवं राजस्थानी साफा पहनाकर, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। पूरा सभास्थल राजस्थानी संस्कृति मे सराबोर रहा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इतना प्रेम एवं सम्मान पाकर बहुत अभिभूत एवं प्रफुल्लित हूं। उन्होंने कहा कि पूरे देश की प्रगति में मारवाड़ी समाज का उल्लेखनीय योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आप लोग मेहनत कर्म से जन्मभूमि से आकर कर्मभूमि बनाई। धर्मशाला, मंदिर, गौशाला, संस्कृति के परोपकार के कार्य किए। उन्होंने कहा कि 9 दिसंबर से 11 दिसंबर तक जयपुर मे आयोजित राइजिंग राजस्थान में अवश्य पधारें एवं भरपूर निवेश करें। राजस्थान में अपार संभावनाएं हैं। खनिज के प्रचुर भंडार हैं। उन्होंने कहा कि देश के सभी प्रदेश में राजस्थान गेस्ट हाउस होगा। कहा कि मंदिरों के विकास लिए 300 करोड़ का बजट है। खाटू श्याम मंदिर के लिए 100 करोड़ का है।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से रांची से जयपुर तक ट्रेन चलाने की मांग की है। आचार संहिता लगने से पहले इसे मंजूरी मिल जाती है, तो यह झारखंडवासियों के लिए बड़ा तोहफा होगा।

कार्यक्रम को पूर्व सांसद महेश पोद्दार, अजय मारू, डॉ मनीषा अरोड़ा, चंद्रशेखर अग्रवाल, संजीव विजयवर्गीय, विधायक समरी लाल ने भी संबोधित कर कई महत्वपूर्ण बातों को रखा।

मौके पर राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि कृष्ण कुणाल, संदेश नायक, सिद्धार्थ सिहाग, अमित सिंघल, हिंगलाज दान रतनू, रोहित शर्मा, अनुराग शर्मा, श्री कुमार लखोटिया , प्रेम मित्तल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, मनोज चौधरी, किशन साबू, चंडी प्रसाद डालमिया, रतनलाल बंका, सज्जन पाड़िया, ललित कुमार पोद्दार, अरुण बुधिया, अशोक नारसरिया, अनिल अग्रवाल, अमित चौधरी,रमन वोडा, निर्मल बुधिया, संजय सर्राफ, रमेश शर्मा, डॉक्टर ओमप्रकाश प्रणव, किशोर मंत्री, परेश गटानी, विनीता सिंघानिया, प्रमोद शाश्वत, आशीष अग्रवाल, निरंजन शर्मा, राहुल मारू, चंडी प्रसाद डालमिया, कौशल राजगढ़िया, श्याम सुंदर शर्मा अमर चंद्र बेगानी विश्वनाथ नारसरिया, महेंद्र जैन, प्रदीप नारसरिया, राम बांगड़, कमल जैन, किशन शर्मा, अमित शर्मा विजय खोवाल,ऐश्वर्य सेठ, अजय खेतान, वासुदेव भल्ला, यस सुलेखा, तरुण सराफ, शशांक भारद्वाज, रतन अग्रवाल, महेंद्र कुमार, विनोद बेगवानी, किशन शर्मा, कमल शर्मा, सहित बड़ी संख्या में लोगों उपस्थित थे।

### महिलाओं ने कहा, गणगौर पूजा हमारी सांस्कृतिक धरोहर



सुधा विजयवर्गीय, राधा देवी, सुशीला विजयवर्गीय, अनुराधा विजयवर्गीय ने बताया कि राजस्थान में गणगौर की पूजा बड़े घूमधाम से की जाती है। गणगौर की पूजा में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है। होली के दूसरे दिन से यह पूजा शुरू होती है और 16वें दिन पूजा भव्य मेले के साथ समाप्त होती है। इस दिन जयपुर के महाराज भी मेले में शामिल होते हैं। हमलोग कहीं भी रहते हैं, इस दिन को बहुत याद करते हैं। यह पूजा हमारी सांस्कतिक धरोहर है।

## यातायात सुरक्षा को लेकर खलारी-डकरा मार्ग में हुई बैरिकेडिंग

**खलारी।** खलारी-डकरा मुख्य मार्ग पर यातायात सुरक्षा को लेकर ड्रम की बैरिकेडिंग लगाई गई। वाहनों की अनियंत्रित और तेज रफ्तार को कम करने के लिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से मोहननगर वासियों के पहल पर मोहननगर सीएचपी व मोहननगर पंचायत भवन के पास ड्रम की बैरिकेडिंग लगाई गई। खलारी पुलिस द्वारा सीसीएल तथा मोनेट कोल वासरी के सहयोग से ड्रम उपलब्ध कराया गया। मोहननगर के युवाओं द्वारा सड़क में चक्कों की रफ्तार कम करने के उद्देश्य से यह कार्य किया गया है। इस मौके पर खलारी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक कपिलदेव यादव, मोहननगर पूजा समिति के कृष्णा चौहान, बुटन चौहान, नंदलाल चौहान, अजय चौहान, अभिषेक चौहान, सुरेंद्र चौहान, दीपक नोनिया, सुधांशु चौहान, दीपक कुमार, भीष्म कुमार, रोशन ठाकुर, राजू चौहान, आलोक कुमार, कृष कुमार, नीतीश कुमार, अवध चौहान, अमिताभ चौहान सहित मोहननगर के लोग उपस्थित थे।

### तोरपा व अड़की में चलाया गया जागरूकता अभियान



**तोरपा।** तोरपा थाना क्षेत्र के श्री हरि प्लस 2 स्कूल एवं अड़की थाना क्षेत्र के सोसोकुटी पंचायत भवन में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें लोगों को अफीम की खेती के दुष्प्रभाव, मानव तस्करी, डायन कुप्रथा, मॉब लींचिंग, डायल 112, सामूहिक दुष्कर्म पर कानूनी कार्रवाई, सड़क दुर्घटना एवं नशापान के दुष्प्रभाव के संबंध में जागरूक किया गया।

## सीसीएल में कोल इंडिया कंडक्ट रूल्स पर व्याख्यान का आयोजन



**रांची।** सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मानव संसाधन विकास विभाग में शनिवार को सतर्कता विभाग के सहयोग से कोल इंडिया कंडक्ट रूल्स पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें सीसीएल के सतर्कता विभाग एवं मानव संसाधन विकास विभाग के अधिकारियों सहित मुख्यालय एवं क्षेत्रों के छत्तीस अधिकारियों ने भाग लिया एवं लाभान्वित हुए। इस अवसर पर सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, पूर्व निदेशक (कार्मिक), महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, एलएन मिश्रा एवं अन्य गण्यमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में महाप्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, रमाकांत पांडे ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कोल इंडिया कंडक्ट रूल्स के महत्व एवं अनुपालन पर प्रकाश डाला। सीवीओ पंकज कुमार ने सभी प्रतिभागियों को कोल इंडिया कंडक्ट रूल्स का अध्ययन एवं अक्षरशः अनुपालन करने एवं दूसरों को भी इसके अनुपालन के लिए प्रोत्साहित करने पर बल दिया। एलएन मिश्रा ने अपने व्याख्यान में कोल इंडिया कंडक्ट रूल्स के सभी प्रावधानों, उनकी बारीकियों एवं उनके अनुपालन नहीं होने के परिणाम से प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का संचालन प्रबंधक (कार्मिक), मानव संसाधन विकास विभाग कविता कुमारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक, मानव संसाधन विकास ने किया।

## सास-बहू-पति सम्मेलन में छोटा परिवार के उपायों की दी गई जानकारी



**खलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू द्वारा खलारी के बुकबुका पंचायत सचिवालय भवन में सास बहू पति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रखंड प्रशिक्षक दल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू के त्रिभुवनप्रसाद साहू, जयवीर यादव व आश्रम मुंडा शामिल हुए। सम्मेलन में खलारी, नावाडीह, चुरी व राय उपकेंद्र की सहिया तथा उस पोषक क्षेत्र की नवविवाहिता, दो साल बाद मां बनी और तीन साल का अंतर रखने वाली महिला लाभार्थी को बुकबुका पंचायत के मुखिया पारसनाथ उरांव के द्वारा पुरस्कृत किया गया। अतिथियों ने ह्यछोटा परिवार, सुखी परिवार पर अपना अपना मंतव्य रखा। बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग में क्या-क्या सुविधाएं हैं। छोटा परिवार कैसे रखा जा सकता है इसके बारे में जानकारी दी गई। पुरुष नसबंदी के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। साथ ही अस्थाई विधियों के लिए अपने स्वास्थ्य उपकेंद्र में एएनएम और सहिया से मिलकर लाभ उठाने कहा गया। इस मौके पर श्यामकला देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, सुनीता देवी, ख्रीस्त नीरा गीध, वर्षा देवी, सविता देवी आदि उपस्थित थी।

## न्यूज बॉक्स

### पहान टोली बलसोकरा की जितिया जतरा में बतौर अतिथि शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत



चान्हो। प्रखंड के विभिन्न गांवों में जितिया जतरा का भव्य आयोजन हुआ जिसमें आदिवासी समुदाय के लोगों ने मिलजुल कर आपसी प्रेम एवं सहिष्णुता के साथ अपना संस्कृति को जीवंत रखते हुए इसे और मजबूत अवस्था में आने वाली पीढ़ी को प्रदान करने आह्वान किया। इस शुभ अवसर पर पूर्व डीडीसी सह भावी विधायक प्रत्याशी डॉ परमेश्वर भगत ने विभिन्न जतरा में बतौर अतिथि शामिल हुए और लोगों को शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि हमे अपनी संस्कृति परंपरा की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का आवश्यकता हैं । इन्होंने कहा कि हमें हमारी रुढ़ी परंपरा, रीति रिवाज, भाषा संस्कृति और विरासत में मिली हुई ऐसे जतरा का सुरक्षा संरक्षण के लिए एक होकर बुरे तत्वों के साथ लड़ाई लड़नी होगी तभी जाकर हमारा अस्तित्व बच पाएगा। हमें बगैर किसी का बहकावे में आए हुए सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक रूप से जागरूक रहते हुए एक स्वच्छ स्वस्थ समाज का निर्माण करना है।

### नए ट्रांसफार्मर का किया गया उद्घाटन



**सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा के दोवाडू पंचायत के गम्हार टिकरा में 63 केवीए ट्रांसफार्मर का जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी एवं प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घघाटन किया। ज्ञात हो कि एक माह पूर्व ही लोड शेडिंग की वजह से वहां का ट्रांसफार्मर जल गया था। ग्रामीणों ने आवेदन देकर सिल्ली विधायक सुदेश महतो से 63 केवीए ट्रांसफार्मर की मांग की थी। विधायक के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों ने ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया। कार्यक्रम में ग्राम प्रभारी शैलेंद्र उरांव, अभिमन्यु, संजय उरांव सहित सभी ग्रामीण उपस्थित थें।

### बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत



**मांडर।** रेफरल अस्पताल मंडर से थोड़ी दूर स्थित एक मकान के कॉलम खड़ा करने के दौरान 11000 वोल्ट वाले बिजली के तार की चपेट में आने से दो युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में से एक का नाम संदीप उरांव मलती निवासी 19वर्ष है, जबकि दूसरा सोसइ निवासी 25 वर्षीय राकेश गोप है। वही साथ से में दो अन्य युवक घायल भी हो गए हैं मिली जानकारी के अनुसार यह चारों युवा मल्टी निवासी दिलीप भगत का के नौ निर्मित मकान के कॉलम के लिए कोट गए गड्ढे में बांधा गया छड खड़ा कर रहे थे छड़ की लंबाई काफी अधिक थी जिस कारण खड़ा करने के दौरान छड झुक गया और वहां से थोड़ी दूर स्थित 11000 वोल्ट वाले तार की चपेट में आ गया करंट प्रवाहित होने से राजेश और संदीप दो अन्य बिपिन एक्का कठचाचो, खुश कुमार साहू मलती को हल्की चोट आई है। उन्हें तत्काल रेफरेंस अस्पताल मंडर पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद संदीप और मुकेश की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। वहीं घायल अन्य दोनों युवकों का देर शाम तक रेफर अस्पताल मंडर में इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। मृतकों में एक युवक राज मिस्त्री का काम करता था वही दूसरा मजदूर था राकेश गोप तीन भाइयों में सबसे छोटा था 2 साल पहले उसकी शादी हुई है उसका एक छोटा बच्चा भी है इनके परिजनों का रो रो का बुरा हाल है।

## मांडर कॉलेज में अंतर महाविद्यालयीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
मांडर कॉलेज मंडर में तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालयीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में रांची विश्वविद्यालय से संबद्ध 11 कॉलेजों की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन रांची विश्वविद्यालय के डीन, छात्र कल्याण, सुदेश कुमार साहू ने किया। उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन के दौरान श्री साहू ने कहा कि आज महिलाएं खेल के क्षेत्र में पुरुषों से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को हर क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ देने और खेल को भी करियर के रूप में अपनाने की प्रेरणा दी। साथ ही, पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।मांडर कॉलेज के प्राचार्य, डॉ. कुमार ए.एन. शाहदेव ने बताया कि महाविद्यालय में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और ऐसे आयोजनों से इन प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की एनसीसी, खेल एवं कला संस्कृति समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें डॉ. हुनु अरोड़ा, सोमय उरांव, एनसेलम मित्र, डॉ. के.पी. शाही, पवन दास, बिनोद राम, दिव्या रानी, उन्नति शाही, अजीत, दुर्गा, मंटू, निखिल शक्ति समेत अन्य शिक्षक और कर्मचारी शामिल थे।

### रांची पुलिस महिला सुरक्षा के लिए चला रही जागरूकता अभियान

**रांची।** एसएसपी रांची के नेतृत्व में महिला थाना प्रभारी, पिंकी कुमार साव द्वारा रांची शहर स्थित बालिका विद्यालयों में महिला सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। मारवाड़ी बालिका उच्च विद्यायल, बाल कृष्ण +2 उच्च विद्यालय, और शिवनारायण +2 उच्च विद्यालय में शक्ति कमांडो के साथ छात्राओं के बीच महिला सुरक्षा, महिला जागरूकता एवं महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। वर्तमान समय में महिलाओं की सुरक्षा हर हाल में जरूरी है। साथ ही, अपराध की घटना होने के पश्चात की जाने वाली कार्रवाई, साइबर से संबंधित अपराध एवं बचाव, डायल 112 क्यूआर कोड का प्रचार-प्रसार एवं महिला सशक्तीकरण केबारे में बताया गया। साथ ही सभी को महिला हेल्प डेस्क के नंबर 9431700003 की भी जानकारी दी गई।

## अपने प्रशिक्षणार्थियों की रचनात्मकता को देखकर मैं अभिभूत हूं : डॉ सिन्हा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन सभागार में ई-कंटेंट डेवलपमेंट पर चले छह दिवसीय कार्यशाला का समापन शनिवार को हुआ। इस कार्यशाला में 27 प्रतिभागियों ने ई-कंटेंट डेवलप करने के विभिन्न तकनीकों को सीखा। इस कार्यशाला में दिल्ली से आए प्रो के श्रीनिवास, प्रो एमजे चंद्रा और प्रो दीपक ने एआई, यूट्युब, मल्टीमीडिया सॉफ्टवेयर तथा एनिमेशन के माध्यम से पढ़ाई के लिए बेहतर ई-सामग्री निर्माण की बारीकियों को सिखाया।

कुलपति रांची विश्वविद्यालय प्रो अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि मैं स्वयं इस कार्यशाला को लेकर बहुत उत्साहित था और हर रोज इसे मॉनीटर करता था। इस सफल कार्यशाला के लिए उन्होंने कार्यशाला संयोजक डॉ बीके सिन्हा व उनकी टीम को बधाई दी। कुलपति ने कहा कि इस कार्यशाला के बाद अपने प्रशिक्षणार्थियों के रचनात्मकता को देखकर मैं अभिभूत हूं। हमारे रांची विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों में बहुत प्रतिभा है। उन्होंने कहा कि तकनीक इतनी तेजी से बदल रही है कि उसके साथ हमें चलना ही होगा, अन्यथा तकनीक आगे बढती चली जाएगी और हम पीछे रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला से प्रशिक्षित सभी लोग अभ्यास करते रहें, ताकि हम एक एक्सपर्ट टीम बना सकें, जो रांची विश्वविद्यालय को आगे ले जाए। हम जल्द ही डाटा एनालिसिस पर भी एक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करवाएंगे। उन्हों ने कार्यशाला में इतना समय देने के लिये विशिष्ट अतिथि प्रो के श्रीनिवास का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

## एसएस मेमोरियल कॉलेज में नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में शनिवार को नई शिक्षा नीति-2020 पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में प्राचार्य डॉ वीपी वर्मा ने नई शिक्षा नीति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस नई शिक्षा में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ बच्चों को व्यावहारिक और रोजगार परक शिक्षा पर भी जोर दिया गया है। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ समर सिंह ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रावधान और उसके महत्व को बताया। महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ रवि कुमार दास ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत परीक्षा और उससे संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ कन्हैयालाल ने नई शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। डॉ कन्हैया लाल ने क्रेडिट पॉइंट, मल्टीप्ल एंट्री एग्जिट सिस्टम, इंटरडिसीप्लिनरी अप्रोच, मल्टी डिसीप्लिनरी कोर्स और 4-वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के विभिन्न बिंदुओं जैसे इंटर्नशिप, वोकेशनल कोर्स आदि पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ नंदकिशोर सिन्हा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ संगीता कुमारी ने किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर इंचार्ज प्रो राजेश कुजूर, डॉ रंजीत कुमार, डॉ जुरन सिंह मुंडा, डॉ संजय कुमार सारंगी, डॉ सुबास साहु, डॉ त्रिभुवन कुमार शाही, डॉ अभिषेक कुमार गुप्ता, डॉ राजश्री इंदवार, डॉ उषा कीड़ो, डॉ जिज्ञासा ओझा सहित सभी प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

### असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का जदयू नेता ने किया स्वागत

# 02 अक्टूबर को गांधी मैदान में मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का हजारीबाग के पावन धरती पर दिन शुक्रवार को आगमन हुआ। पुलिस एकाडमी के हेलीपैड में उनका हेलीकॉप्टर लैंड किया। उसके बाद भाजपा सांसद मनीष जायसवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं एनडीए में शामिल अन्य घटक दल के कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया। तत्पश्चात पूर्व निर्धारित 02 अक्टूबर को गांधी मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का निरिक्षण किया एवं एससीसी सीजिएल अभियार्थियो से मुलाकात कर उनकी व्यथा को जाना। उसके झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा झंडा चौक स्थित सांसद सेवा कार्यलय पहूंचे। जनता दल युनाइटेड के वरीष्ठ नेता सह समाजसेवी राकेश गुप्ता ने अंगवस्त्र भेंटकर कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने सहप्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा को समाजसेवी राकेश गुप्ता का परिचय कराया तथा उनकी समाजिक एवं धार्मिक कार्यों से रूबरू कराया। समाजसेवी राकेश गुप्ता ने उनसे राजनीतिक एवं समाजिक विषयों पर विस्तृत चर्चा किया। सहप्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने अपना राजनीतिक एवं समाजिक जीवन की चर्चा किया एवं उपस्थित लोगों के बीच अपना मार्गदर्शन दिया। इस दौरान जनता दल युनाइटेड के वरीष्ठ नेता सह समाजसेवी राकेश गुप्ता ने 02 अक्टूबर को गांधी मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में आमजन से शामिल होने का अपील किया।

### सेविका सहायिका की बेमियादी हड़ताल पांच से

**कोडरमा।** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा की आपातकालीन ऑनलाइन बैठक शुक्रवार की रात हुई। इसमें 23 सितंबर को मोर्चा द्वारा अपनी आठ सूत्री मांगों के लिए रांची में हुए रोषपूर्ण प्रदर्शन की समीक्षा की गई। बैठक में शामिल सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि रांची रैली में झारखंड सरकार के प्रतिनिधि के रूप में प्रदर्शनकारियों को गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा था कि मोर्चा की मांगों पर विचार कर 27 सितंबर की कैबिनेट में पारित कराया जाएगा। लेकिन कैबिनेट में इन मांगों पर कोई चर्चा नहीं हुई। इससे राज्य भर की आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं में रोष है। इस वादा खिलाफी के खिलाफ और अपनी उक्त मांगों के समर्थन में पांच अक्टूबर से आंगनबाड़ी सेविका सहायिका राज्यव्यापी बेमियादी हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।

### भाजपा ने परिवर्तन यात्रा का हजारीबाग में किया स्वागत

## परिवर्तन यात्रा के माध्यम से झारखंड परिवर्तन की लहर जोरों पर : शेफाली



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** परिवर्तन यात्रा चरही से आने के क्रम में हजारीबाग बस स्टैंड समीप स्थित बिरसा मुंडा चौक पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद को भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत की तथा धरती आबा भगवान बिरसा मुडां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि निश्चित ही परिवर्तन यात्रा के माध्यम से झारखंड परिवर्तन की लहर उठी है। निक्कमी एवं झुठ, लुट व भ्रष्टाचार की हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकेंगी। भाजपा की सरकार आते ही संपूर्ण राज्य का विकास होगा। हर वर्ग को सम्मान मिलेगा। त्यौहारों पर लगाए जा रहे सभी प्रतिबंध भी हटेगी। झारखंड की जनता खुशहाल होगी। उन्होंने झारखंड की जनता से विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रथ यात्रा दिवस प्रमुख महामंत्री सुमन पप्पू, भैया अभिमन्यु प्रसाद, आनंद देव, मनमीत अकेला, महेंद्र बिहारी, मनोरमा राणा, विवेक बरियार, विजय चौधरी एवं टोनी जैन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व मंत्री ने अपने पिता की मनाई 13 वीं पुण्यतिथि



**विष्णुगढ़।** हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बिष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय में पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने अपने पिता स्वर्गीय टेकलाल महतो की पुण्यतिथि, प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवो से पहुंचे हुए सभी ग्रामीणों, कार्यकर्ताओं, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में मनाया। पूर्व मंत्री श्री पटेल के द्वारा स्वर्गीय टेकलाल महतो की आदम कद प्रतिमा में विधिवत पूजा अर्चना करते हुए माल्यार्पण किया गया। तदोपरांत अपने ससुर स्वर्गीय टेकलाल महतो की प्रतिमा में ललिता देवी ने भी प्रसाद चढ़ाते हुए माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान श्री पटेल ने स्वर्गीय टेकलाल महतो अमर रहे नारे के साथ-साथ झारखंड के तमाम शहीदों को याद करते हुए विनोद बिहारी महतो, निर्मल महतो, साधु , सैनाथ, शनिचर महतो, अमर रहे का भी नारा लगाया एवं उन्हें याद किया।

### भाजपा नेता अनूप भाई हर पंचायत में पांच सौ पौधों का करेंगे वितरण



**हजारीबाग।** बरकट्ठा विधानसभा के अंतर्गत चालकुशा प्रखंड मे भाजपा नेता अनूप भाई जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसके दरमियां चालकुसा प्रखंड मुख्यालय में पहुंचकर प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलकर भाजपा नेता अनूप भाई ने केंद्र सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की कार्यकलाप पर जानकारी ली। जिस पर प्रधानमंत्री कुसुम सोलर योजना पर विशेष चर्चा हुई, जो की क्षेत्र में अभी लग रहा है, जिसमें कुछ बिचौलियों का होने का सूचना मिला था जिसकी जानकारी बीडीओ को दिया और कहा कि इस कार्य पर निगरानी की जाए और किसानों तक यह योजना सही से लगे। भाजपा नेता ने चालकुशा प्रखंड विकास पदाधिकारी को उपहार स्वरूप आम का पौधा भेंट किया। अनूप भाई ने कहा कि की चालकुशा प्रखंड के सभी पंचायत में हर घर एक पौधा देने का भी घोषणा किया।

### सरस्वती विद्या मंदिर में स्वदेशी सप्ताह के अंतर्गत स्वदेशी मेला का हुआ आयोजन



**हजारीबाग।** सरस्वती विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में स्वदेशी सप्ताह के अंतर्गत स्वदेशी मेला का आयोजन हुआ। विद्यालय में पढ़ने वाली बहनों ने भारत में निर्मित स्वदेशी वस्तुओं स्ट्रॉल लगाकर स्वदेशी वस्तुओं के विशेषताओं को बतलाया साथ ही स्वदेशी निर्मित वस्तुओं के उपयोग करने पर बल दिया। मेला में विद्यालय के प्रभारी नरेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा - स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग से भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। मालूम हो कि स्वदेशी सप्ताह दिनांक 2 अक्टूबर 2024 तक चलेगा। 2 अक्टूबर 2024 तक स्वदेशी से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का विद्यालय में आयोजन होगा। स्वदेशी मेला में विद्यालय में पढ़ने वाली बहने,काजल दीदी, संगीता दीदी एवं स्वाति दीदी आदि उपस्थित थे।

### खाद्य व सार्वजनिक वितरण समिति के सदस्य बनें सांसद मनीष जायसवाल



**हजारीबाग।** भारतीय संसद की उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण समिति (2024-25) के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल को सदस्य के रूप में नामित किया गया। इससे पहले उन्हें भारतीय संसद की प्राक्कलन समिति (2024- 25) के लिए सदस्य के रूप में नामित किया जा चुका है। संसद की दूसरी किसी समिति में सदस्य के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को नामित किए जाने पर उन्होंने कहा की मुझे लोकसभा की दो महत्वपूर्ण समिति में बतौर सदस्य नामित किया गया इसके लिए अत्यंत गर्व और खुशी की अनुभूति हो रही है। सांसद मनीष जायसवाल ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार जताया और धन्यवाद दिया। इधर सांसद मनीष जायसवाल को सांसद की प्राक्कलन समिति (2024-25) के लिए सदस्य के रूप में नामित किए जाने पर समस्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता, एनडीए कार्यकर्त्ता और उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर है।

## एक नजर

### वार्ड और पंचायतों में खुलें कोयला डिपो: खतियानी परिवार

**हजारीबाग।** खतियानी परिवार की एक बैठक शनिवार को पुराना धरना स्थल के समीप अशोक राम की अध्यक्षता मे हुई। बैठक में सांसद मनीष जायसवाल से यह मांग की गई कि जिले के नगर पालिका से पंचायत स्तर तक कोयला डिपु खुलवाए जाएं। कहा गया कि जिस तरह आपने किसान भाइयों के लिए कोल्ड स्टोर बनवाने का केंद्र सरकार से अपील की है उसी तरह शहर के वार्ड एवं पंचायत स्तर तक एक एक कोयला डिपो खुलवाने का प्रयास करें।यदि चरही मांडू क्षेत्र से साइकिल पर कोयला बेचने वाले कोयला नहीं लाए तो कितने के घर पर चूल्हा नहीं जलेगा। बैठक में मोहम्मद हकीम, रामेश्वर प्रसाद मेहता, श्री बोधी, मोहम्मद फखरुद्दीन, मोहम्मद आशिक, सुरेश महतो और नसीरूद्दीन अंसारी समेत परिवार के कई अन्य मौजूद थे।

### चौकीदार पद पर नियुक्ति को लेकर शारीरिक दक्षता की परीक्षा संपन्न

**कोडरमा।** जिले में शनिवार को चौकीदार पद पर नियुक्ति संबंधी शारीरिक दक्षता की परीक्षा संपन्न हो गई। कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण और स्वच्छ वातावरण में परीक्षा संपन्न कराए जाने को लेकर पर्याप्त दंडाधिकारी, पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी,पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई। इसके तहत कोडरमा थर्मल पावर प्लांट जाने वाली फोरलेन पर ट्रैक बनाया गया। इसमें लिखित परीक्षा के बाद चयनित अभ्यर्थियों ने दौड़ में हिस्सा लिया। इसके अलावा पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता के लिए स्टैटिक और ड्रोन कैमरे से नजर रखी गयी। जबकि डीसी मेघा भारद्वाज ने शारीरिक दक्षता की परीक्षा का निरीक्षण किया और कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण,स्वच्छ वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने को लेकर निर्देशित किया।

## अंतर महाविद्यालयीय क्रॉस कंट्री में आयशा कुमारी प्रथम स्थान पर



**हजारीबाग।** के.बी. महिला महाविद्यालय, द्वारा विनोबा भावे विश्वविद्यालय के तत्वावधान में अंतरमहाविद्यालयीय क्रॉस कंट्री 2024 (महिला) का भव्य आयोजन शनिवार, 28 सितंबर, 2024 को किया गया। इस दौड़ में विभिन्न कॉलेजों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में जुबली कॉलेज, भुरकुंडा की आयशा कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोलंबा कॉलेज की श्रुती टोप्पो ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि के.बी. महिला महाविद्यालय की मंजू कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने कॉलेज का नाम रोशन किया। इस क्रॉस कंट्री दौड़ की शुरूआत सुबह 6 बजे के.बी. महिला महाविद्यालय के मुख्य द्वार से हुई, जहाँ विश्वविद्यालय एवम् महाविद्यालय के अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रेस को शुरू किया । प्रतिभागी जेल मोड़ तक दौड़े और फिर कॉलेज परिसर में वापस लौटे। प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही अनुशासित और व्यवस्थित ढंग से किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व डॉ. मुकुल कुमार ने किया।

**विजेताओं का सम्मान**

विजेताओं को समारोह में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। आयशा कुमारी को प्रथम पुरस्कार, श्रुति टोप्पो को द्वितीय पुरस्कार, और मंजू कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस सफल आयोजन के बाद, उपस्थित दर्शकों और प्रतिभागियों ने आयोजन की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों की मांग की। इस क्रॉस कंट्री दौड़ ने सभी के भीतर खेल के प्रति नई ऊर्जा और जोश का संचार किया है।

### प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत 60 बहनें को दिया गया नर्सिंग प्रशिक्षण

# प्रशिक्षुओं को करियर बनाने का सुनहरा मौका : अजमेरा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने शनिवार को अपने कार्यालय सभागार में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित 60 बहनों को नर्सिंग ट्रेनिंग की सफल समाप्ति के उपरांत सम्मानित करते हुए सभी को प्रशस्ति पत्र सौंपा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आरोग्यम अस्पताल की एडमिनिस्ट्रेशन जया सिंह, एचआर राजीव कुमार,नाज, नवीन चतुर्वेदी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का उद्देश्य युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के तहत दी गई नर्सिंग ट्रेनिंग से इन बहनों को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अपना करियर बनाने का सुनहरा अवसर मिला है। प्रशिक्षण के दौरान बहनों को न केवल तकनीकी शिक्षा दी गई, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझाया गया। इसमें कई बहनों को जॉब प्राप्त हो चुका है।

**बहनों ने जताया हर्ष अजमेरा के प्रति आभार**

इस कार्यक्रम के दौरान, बहनों के चेहरे पर एक विशेष आत्मविश्वास और खुशी देखी गई। उन्होंने अपने प्रशिक्षण के दौरान मिले अनुभवों को साझा किया और हर्ष अजमेरा व प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का आभार व्यक्त किया। बहनों ने कहा कि इस ट्रेनिंग ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी है और वे अब आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने के लिए तैयार हैं। समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की दृष्टिकोण से कार्यक्रम के माध्यम से हर्ष अजमेरा ने समाज के सामने एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया, जहां महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण के महत्व को रेखांकित किया गया। अस्पताल प्रशासन जया सिंह ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से न केवल स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि समाज में महिलाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे, जिससे वे अपने परिवारों और समुदायों का समर्थन कर सकेंगी साथ ही कहा की हम अस्पताल की ओर से सभी प्रशिक्षित बहनों को उनकी सफलता पर बधाई देते हैं और विश्वास करते हैं कि वे अपनी सेवाओं से स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देंगी।

## रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में गुरु नानक देव का ज्योति जोत पर्व श्रद्धा से मनाया गया



**रामगढ़।** रामगढ़ गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में गुरु नानक देव का ज्योति जोत पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर गुरुद्वारा में श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के उपरांत रामगढ़ गुरुद्वारा साहब के हजूरी रागी के द्वारा सबद कीर्तन किया गया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में गुरु नानक देव जी के ज्योति जोत पर्व को लेकर रात्रि को विशेष दीवान सजाया गया। इसके पश्चात रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में अटूट लंगर बरताया गया। लंगर की सेवा सरदार हरविंदर सिंह सैनी उर्फ.बबलू सैनी सैनी होटल वाले की तरफ से की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, रघुवीर सिंह छाबड़ा, जोगिंदर सिंह जग्गी, स्वीटी छाबरा,बंपी अरोड़ा, हरजीत सोनी, कनिका सोनी, वर्षा गांधी,रोमी छाबड़ा,गुरबख्श सैनी, सतनाम छाबड़ा, गुरबक्स कौर, चरणजीत कौर जोली शामिल हुए।

### अमृत भारत योजना के तहत 92 स्टेशनों में कार्य प्रगति पर

**झुमरी तिलैया।** विश्व पर्यटन दिवस को लेकर पर्यटन के प्रति लोगों में जागरूकता लाने में भारतीय रेलवे भी अहम भूमिका निभाती रही है। इस दिशा में पूर्व-मध्य रेल द्वारा प्रमुख पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक केंद्रों को सेवित करती है। इसमें वैशाली, बोधगया, राजगीर, पाटलिपुत्र, पटना, नालंदा, सीतामढ़ी तथा पारसनाथ आदि प्रमुख हैं। पूर्व-मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भविष्य में पर्यटकों को उच्च स्तरीय सुविधा प्रदान करने व पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पूर्व-मध्य रेल के 92 रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय यात्रा सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए कार्य विभिन्न चरणों में है ।

## माता वैष्णों देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र 3 अक्तूबर से



**रामगढ़।** पंजाबी हिन्दू बिरादरी रामगढ़ के तत्वावधान में शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ आगामी 3 अक्तूबर को कलश स्थापना के बाद नवरात्र पूजन से होगा। यह जानकारी माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव वरिष्ठ पत्रकार महेश मारवाह ने दी। उन्होंने बताया कि नवरात्र पूजन 3 अक्तूबर से प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। पूजन में मुख्य यजमान संजीव चड्डा व उनकी पत्नी अंजू चड्डा होंगे। 9 अक्तूबर को मंदिर परिसर में माता का दरबार सजाकर व ज्योत प्रज्वलित कर संध्या 3 बजे से महिला मंडली द्वारा कीर्तन किया जाएगा। वहीं 10 अक्तूबर को संध्या 3 बजे से हवन होगा। 11 अक्तूबर को प्रातः 6:30 बजे कंजक पूजन एवं 8 बजे से भंडारा (प्रसाद वितरण) होगा।

### 32 लाख की लागत से बनेगा मक्का मस्जिद नहर मार्ग, विधायक ने किया शिलान्यास

# निर्माण कार्य की गुणवत्ता रहे बरकरार




*हर एक समस्याओं का समाधान करने के लिए वह प्रयत्नशील रहे है. हर छोटी बड़ी योजनाओ के धरातल पर लाने का काम किया है*

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** कोनरा पंचायत अंतर्गत नसीम अंसारी के घर से एनएच 2 पीडब्ल्यूडी सड़क भाया मक्का मस्जिद नहर मार्ग के निर्माण कार्य का शनिवार को विधायक उमाशंकर अकेला ने शिलान्यास किया. जिनका ग्रामीणों ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया. मौके पर प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान अंसारी, स्थानीय मुखिया यास्मीन तबस्सुम, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, सुनील साहू, मो सगीर, रिजवान अंसारी, वारिस अंसारी, मो गुलजार आदि सहित कई लोग मौजूद थे. शिलान्यास के मौके पर विधायक ने बताया कि जनता के हर एक समस्याओं का समाधान करने के लिए वह प्रयत्नशील रहे है. हर छोटी बड़ी योजनाओ के धरातल पर लाने का काम किया है. उन्होंने कहा कि सड़क के अभाव में लोगो को आने जाने में परेशानी होती थी. वर्षो से लोगो को आवागमन के समस्याओं से जूझना पड़ रहा था. जो सड़क बन जाने से दूर हो जाएगा. उन्होंने संवेदक से निर्माण कार्य की गुणवता से समझौता नहीं करने की बात कही. डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने बताया कि निर्माण कार्य की जानकारी देते हुए कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने बताया कि मार्ग का निर्माण डीएमएफटी मद से किया जाना है. योजना लाने के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया है. योजना के लिए 32 लाख 29 हजार पांच सौ रुपए की स्वीकृति मिली है. निर्माण मार्ग की कुल लंबाई 1400 फीट बताई गई है. जो नहर के दोनो किनारे से सात सात सौ फीट के बनाए जाने है. जिसका निर्माण कार्य संवेदक मनोज मेहता के द्वारा किया जाना है. उन्होंने भी संवेदक व जेई से गुणवता के साथ समझौता नहीं करने की अपील किया है. उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य एस्टीमेट के आधार पर ही होनी चाहिए. गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर वरीय अधिकारियों से उचित कार्रवाई के लिए शिकायत की जायेगी.

### फैक्ट्री से निकलने वाले जहरीले धुएं से जीना हुआ मुहाल

## जानवर भी हो रहे हैं शिकार : पंसस



**बरही ।** कोनरा इंडस्ट्रियल क्षेत्र में स्थापित फैक्ट्री को लेकर अब स्थानीय लोगों में विरोध के स्वर तेज होने लगे हैं. स्थानीय पंचायत समिति सदस्य अख्तरी खातून ने त्राहिमाम संदेश जारी कर पत्रकारों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया. जारी संदेश में बताया गया है कि स्थपित जेएसवी, डिवाइन आदि कंपनियों से दी रात निकलने वाले धुएं से स्थानीय लोग परेशान है. पूरे क्षेत्र में प्रदूषण व्याप्त है. प्रदूषण के कारण कई लोग टीवी जैसे रोग से ग्रसित है. जलस्तर नीचे चला गया है. पानी पूरी तरह प्रदूषित हो चुका है, जिसके कारण जानवर भी संक्रमित हो रहे है. छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है. इस संबंध में स्थानीय प्रशासन को शीघ्र ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है. अन्यथा लोग जन्नांदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे. प्रदूषण के संबध में कोनरा के समाजसेवी मो सगीर ने बताया कि प्रदूषण जांच की टीम नियमित रूटीन जांच के लिए आती है.परंतु जांच सिर्फ कागजी प्रक्रिया होती है. जनता के शिकायत के बाबजूद भी प्रदूषण पर अंकुश या कम करने के उपाय नहीं किए गए है.

### दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर बरही एसडीओ ने की बैठक

# सुरक्षा और सुविधाओं के दिये कड़े निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** दुर्गा पूजा का पर्व नजदीक आते ही बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुड्डू ने अनुमंडल क्षेत्र में पूजा की तैयारियों और सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने के लिए अनुमंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सह एएसपी सुरजीत कुमार, भूमि सुधार उपसमाहर्ता अजय भगत, कार्यपालक दंडाधिकारी दीपा खलखो समेत पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया।बैठक का मुख्य उद्देश्य दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा, शांति, और व्यवस्थित आयोजन को सुनिश्चित करना था। एसडीओ जोहन टुड्डू ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने अपने क्षेत्र में पूजा समितियों को सख्त निर्देश दें कि वे प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा-निदेर्शों का पालन करें ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या हादसा न हो।

**सीसीटीवी और सुरक्षा वॉलिंटियर्स की तैनाती अनिवार्य**

बैठक में हर पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरों की तैनाती को अनिवार्य कर दिया गया। एसडीओ जोहन टुड्डू ने कहा कि पूजा स्थलों पर निगरानी के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे प्रशासनिक अधिकारियों को भीड़ की गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही, पूजा समितियों को अपने स्तर पर स्थानीय वॉलिंटियर्स की तैनाती करने को कहा गया। वॉलिंटियर्स का काम भीड़ को नियंत्रित करना, आपात स्थिति में मदद करना, और सुरक्षा बनाए रखना होगा।

**महिला और पुरुषों के लिए हो अलग कतार :** एसडीओ ने सभी पूजा पंडालों में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश और निकास मार्गो की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यह कदम जरूरी है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना से बचा जा सके। यह व्यवस्था विशेषकर बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित दर्शन की सुविधा प्रदान करेगी।

# चौकीदार बहाली के तहत शारीरिक दक्षता परीक्षा का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला अंतर्गत चौकीदार बहाली के तहत 18 अगस्त 2024 को हुई लिखित परीक्षा के उपरांत 28 सितंबर 2024 एवं 29 सितंबर 2024 को संत मेरीज हाई स्कूल सामटोली के मैदान में शुभारंभ किया गया, आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा का उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त ने शारीरिक दक्षता परीक्षा के तहत चल रहे कार्य लंबाई जांच, रेस ट्रैक आदि का जायजा लेते हुए शारीरिक दक्षता परीक्षा कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को चौकीदार बहाली के तहत निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग ले रहे सभी अभ्यर्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए, शुभकामनाएं दी। बता दे कि प्रथम दिन में महिला - 38 एवं पुरुष वर्ग में 134 कुल- 172 अभ्यर्थी उपस्थित होकर शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा में शामिल हुए,इस अवसर पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन्त तिर्की, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, सार्जेंट मेजर रंजीत कुमार, सार्जेंट दिलीप पासवान, जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## सिमडेगा उपायुक्त की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की हुई समीक्षा बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत चयनित लाभुकों को अनुमोदन दिया गया। इस दौरान बकरा विकास, सुकर पालन, गाय पालन, बॉयलर कुकुट, जोड़ा बैल सहित अन्य योजना से आच्छादित करने हेतु चयनित लाभुकों की स्वीकृति दी गई। साथ ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पशुपालन हेतु प्राप्त आवेदनों का दो सप्ताह के अंदर समीक्षा करते हुए चयन कर समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरकार के लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों का अधिक से अधिक चयनित कर योजना से आच्छादित करने की बात कहीं। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, विधायक प्रतिनिधि सिमडेगा संतोष कुमार सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## अग्रवाल सभा ने जिले में 62 यूनिट रक्तदान कर बनाया नया रिकॉर्ड

**सिमडेगा।** अग्रवाल सभा के द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में सिमडेगा जिला के इतिहास में एक दिन में सर्वाधिक 62 यूनिट रक्तदान कराया गया है। जिसमें से 12 रक्तदाताओं ने पहली बार, 8 महिलाओं ने एवं हिलव्यू पब्लिक स्कूल के 10 शिक्षकों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को अग्रवाल सभा के तरफ से सर्टिफिकेट जारी कर सम्मानित किया गया है। पूरे रक्तदान शिविर को सफल बनाने में अग्रवाल सभा, सिमडेगा के विजय अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अशोक जैन, हनुमान बोंदिया, कैलाश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, मोतीलाल अग्रवाल, प्रमोद जैन, संजय जैन, सुधीर जैन एवं अन्य सदस्यों, अग्रवाल महिला समिति के कमलेश बोंदिया, संगीता बंसल, पूनम अग्रवाल, मीनू बंसल, एवं सदस्यों, अग्रवाल युवा समिति के डॉ० रीतेश अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सौरभ बंसल, दीपक मित्तल, गुलाब चंद्र जैन, अमन अग्रवाल, रवि जिंदल, नमन बोंदिया, अंकित अग्रवाल, विनीत मित्तल, प्रकाश गर्ग, राकेश अग्रवाल एवं सदस्यों के साथ ब्लड बैंक, सदर अस्पताल के कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

## न्यूज बॉक्स

### 1000 महिलाओं को देकर वोट खरीदने का काम हेमन्त सरकार कर रही है : मार्गेट बा



**सिमडेगा।** महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता मार्गेट बा ने सिमडेगा प्रखंड के केशलपुर तथा बनाबिरा गाँव का भ्रमण कर जनता से जनसंपर्क किया गांव के ग्रामीणों से वार्ता के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल, बिजली, सड़क जैसी मूलभूत सुविधा का गांव में अभाव है। बनाबिरा गाँव आज भी विकास से दूर है। मार्गेट बा ने कहा कि भाजपा की सरकार इस बार बनेगी। हेमन्त सरकार सही मायने में देखेंगे तो कोई विकास नहीं किया। हेमन्त का विकास वोट बैंक के लिए है, जो मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना एक मिसाल के रूप में है। हेमन्त सरकार ने एक हजार दिया उसके बदले मइयां सम्मान यात्रा शुरू कर दी है वोट बैंक की राजनीति की जा रही है वोट बैंक के लिए जनता को अनर्गल बयानों से उलझाया जा रहा है। पांच साल में किये वादे पूरे नहीं किये और आज 1000 जनता को देकर वोट खरीदने का काम हेमन्त सरकार कर रही है। आगे कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही केशलपुर तथा बनाबिरा गाँव मे जो भी मूलभूत सुविधा की कमी है। उन्हें दूर किया जाएगा।

### खेल और खिलाड़ी दोनों के विकास के लिए झारखंड पार्टी प्रतिबद्धः एनोस एक्का

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के दुमकी पंचायत स्थित ढोढीबाहर गांव में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का और संदेश एक्का एवं मतियस बागे उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक नृत्य और गीत के साथ किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच माझाफारा बनाम राजाबासा के बीच खेला गया। इस पूर्व फाइनल मैच का शुभारंभ अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद फाइनल मुकाबले में माझाफारा की टीम ने 1-0 से जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार के रूप में खस्सी देकर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी खेल और खिलाड़ी दोनों के विकास के लिए प्रयासरत है। एनोस एक्का ने कहा कि आने वाले वर्षों में गांव में बने खेल मैदान को विकसित किया जाएगा,ताकि ग्रामीण खेल प्रतिभा को सुविधा और संसाधन उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि जिले की पहचान हॉकी से है, लेकिन हॉकी खिलाड़ियों को अब भी कई सुविधाओं का इंतजार है। झारखंड पार्टी खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य करेगी।

### विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उदघाटन बिजली की समस्या से क्षेत्र को दिलायेंगे निजात



**कुरडेग।** प्रखण्ड क्षेत्र के झिरकामुण्डा में बिगत कई दिनो से ट्रांसफार्मर खराब थी लोग बरसात के मौसम में अंधेरे में रहने को विवश थे। बच्चो की पढ़ाई बाधित रही थी जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा जिला बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल को समस्या से अवगत कराया । मनोज जयसवाल से इसकी जानकारी मिलने पर विधायक ने विभाग के अधिकारियों से बात कर तत्काल कारवाई करते हुए ग्रामीणों को 100 केवीए के नये ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया गया जिसका आज शनिवार को विधायक श्री बाड़ा ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर उद्घाटन किया । जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल दिखा साथ ही ग्रामीणों ने विधायक श्री बाड़ा एवं मनोज जयसवाल को धन्यवाद और आभार प्रकट करते हुए कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद राहुल सोनिया जिन्दाबाद भुषण बाड़ा जिन्दाबाद के जोरदार नारे लगाये । इस दौरान श्री बाड़ा ने कहा कि मेरे कार्यकाल में बिजली की किल्लत नही होगी और कहा कि वे क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर हमेशा से मुखर रहें हैं आम आदमी को किसी भी समस्या होने उनसे सम्पर्क करें । मौके पर भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकता मौजूद रहे।

### बज्रपात की चपेट में आने से पति की मौत पत्नी हुई घायल

**सिमडेगा।** मतरामेटा में बज्रपात की चपेट में आने से पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए ।जहां पर सिमडेगा सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में पति की मौत हो गई ।मृतक की पहचान देवनाथ ग्वाला के रूप में हुई जबकि घायल महिला की पहचान फूलमती देवी के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार जानकारी देते हुए उसके पुत्र दिलीप ग्वाला ने बताया कि उसके मां और पिताजी दोनों खेत में काम करने गए थे और इसी दौरान लौट क्रम में घास काटने लग गए इसी दौरान आकाश से बिजली की चपेट में आ गए दोनों को तुरंत अस्पताल लाया गया जहां पर इलाज के क्रम में उसके पिता देवनाथ ग्वाला की मौत हो गई जबकि मां की इलाज चल रही है मामले की जानकारी पुलिस को दी गई उसके बाद पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

### साइकिल दुर्घटना में व्यक्ति गिरकर घायल

**कुरडेग ।** थाना क्षेत्र के कुरडेग कुटमाकछार मुख्य मार्ग के खालीजोर निर्मला हाई स्कूल के समीप मोड़ में सड़क दुर्घटना में बाइक चालक अमृत बाड़ा 36 वर्ष जेरवा निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक चालक अमृत बाड़ा जेरवा से कुरडेग आ रहा था ।इसी दौरान निर्मला हाईस्कूल के पास मुख्य सड़क में पुलिस द्वारा लगाया गया गति अवरोध बालू भरा ड्राम से तीव्र गति होने के कारण अनियंत्रित होकर टकरा गया ।घायल व्यक्ति को चेहरा और माथे परगंभीर चोट लगी है। बाइक चालक हेलमेट नहीं पहना था । कुरडेग थाना के एएसआई शंकर सिंह ने मौके पर पहूंचकर घायल व्यक्ति को कुरडेग अस्पताल लाया ।जहाँ चिकित्सा प्रभारी दिलीप कुमार बेहरा द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन 8.5 करोड़ की राजस्व वसूली



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा ।** व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश राजीव कुमार सिन्हा, उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा सौरभ, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश- सिमडेगा, नरंजन सिंह, जिला बार एसोशियेशन के अध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यकम का संचालन सचिव मरियम हेमरोम सिमडेगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश राजीव कुमार सिन्हा ने वादीगणों को राष्ट्रीय लोक अदालत सह-मासिक लोक अदालत के आयोजन के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बतलाया कि सुलह समझौता के आधार पर दीवानी एवं सुलहनीय फौजदारी मामलों का निष्पादन से पक्षकार सरल, सुलभ एवं सस्ता न्याय प्राप्त कर सकते हैं। पक्षकारों के बीच से कटु संबंध भी बाद के साथ रामाप्त हो जाता है। न्यायालयों पर मामलों का दबाव प्रत्येक दिन बढ़ता जा रहा है। ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय लोक अदालत वैकल्पिक व्यवस्था है।राष्ट्रीय लोक अदालत में मौके पर ही पीड़िता को मुआवजा अधिनियम के तहत् प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश, सिमडेगा के द्वारा 02 पीडितों के परिवारों के बीच 4,40,000/- रुपये का चेक का वितरण किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश श्री राजीव कुमार सिन्हा ने उपस्थित वादी गणों से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने-अपने वादों को निष्पादित कराये। राष्ट्रीय लोक अदालत सह-मासिक लोक में कुल सात बेंच गठित किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल- 87575 दीवानी एवं फौजदारी मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें वन विभाग, उत्पाद विभाग, परिवहन विभाग, माइनिंग विभाग, बीएसएनएल बिजली विभाग, इत्यादि बेंच का गठन किया गया था। इस दौरान कुल राजस्व 84087695/- रुपये की वसूली हुई।कार्यक्रम में मनीष कुमार सिंह मुख्य न्यायियक दण्डाधिकारी, सिमडेगा, सुमी बिना होरो, अनुमंडलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, सिमडेगा, सुभाष बाड़ा, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, सिमडेगा, जिला बार एसोशियेशन के सचिव पदुमन सिंह, अधिवक्तागण एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में वादीगण उपस्थित थे।

## 34वीं राष्ट्रीय सब जूनियर को को चैंपियनशिप की शुरुआत

**सिमडेगा ।** अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में 34वीं राष्ट्रीय सब जूनियर को को चैंपियनशिप की शुरुआत हुई। जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा उप विकास आयुक्त तथा राष्ट्रीय खो-खो संघ के पदाधिकारी के द्वारा दीप जलाकर इसकी शुरुआत की ।इस मौके पर खेल की शुरुआती मैच मध्य प्रदेश बनाम उत्तर प्रदेश के बीच हुई जहां पर खिलाड़ियों से अतिथियों के द्वारा परिचय प्रतिकार खेल की शुरुआत हुई। मौके पर राष्ट्रीय खो-खो संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रदीप यादव ने कहा कि सिमडेगा जिसे हॉकी की जननी के रूप में जाना जाता है यहां पर खो-खो खेल का होना अपने आप में एक गर्व का बात है। उन्होंने कहा कि यहां पर और भी बेहतर से आयोजन को सफल बनाने का प्रयास किया जा रहा है ।जो भी कमियां है उसे पूरा करने का काम किया जाएगा ताकि बेहतर हो सके ।इधर अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की ने कहा कि सिमडेगा में इस प्रकार का आयोजन होना अपने आप में गर्व का विषय है।

## विस चुनाव को लेकर व्यय अनुवीक्षण से संबंधित बैठक का हुआ आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा की अध्यक्षता में झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव निमित निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण को लेकर जिला स्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों, विभागों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधानसभा चुनाव निमित्त विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों,विभागों को चुनाव संबंधी गतिविधियों को क्रियाशील करने,विभागीय दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए कार्यो को संपन्न कराने पर चर्चा की गई। उन्होंने अवैध वस्तुओं की तस्करी पर रोक लगाने तत्काल प्रभाव से छापेमारी और जब्ती से संबंधित गतिविधियों का संचालन नियमित किए जाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त महोदय ने कहां की जिले में छः चेक पोस्ट बनाये जाने हैं। साथ ही सेंसिटिव पॉकेट का चेक करते हुए एक इनकम टैक्स अधिकारी को प्रतिनियुक्त करने की बात कहीं। पदाधिकारी -सह- उपायुक्त महोदय ने बैंक से प्रतिदिन बैंकिंग कॉरस्पॉडेंट के तहत लेन-देन से संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। छोटे-छोटे 10 से अधिक ट्रांजेक्शन की बैंक वार असेसमेंट कर प्रशासन को रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने ने निर्वाचन के दौरान निगरानी हेतु जिला पुलिस टीम, इनकम टैक्स, एवं उत्पाद विभाग की एक टीम गठित कर इंटर स्टेट बॉर्डर चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। नगद और सामग्री के माध्यम से वोट के लिए लिए प्रलोभन, अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला बारूद, शराब, असामाजिक तत्वों आदि पर चुनाव के दौरान रोकथाम,व्यय अनुश्रवण पर निगरानी रखने के उपस्थित पदाधिकारियों आवश्यक निर्देश दिया।

## "मन की बात" कार्यक्रम को लेकर जलडेगा एवं बीरू में हुई बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम के आयोजन को लेकर मंडल में बैठक हुई। जलडेगा मे मंडल अध्यक्ष मोतीलाल ओहदार तथा बीरू में मंडल अध्यक्ष मुकेश पांडा की अध्यक्षता में बूथ अध्यक्ष और शक्तिकेन्द्र प्रभारी के साथ बैठक हुई। मन की बात कार्यक्रम आयोजन के बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री जी का "मन की बात" कार्यक्रम का सभी बूथ में आयोजन होगा। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि सभी बूथ में आमजन की उपस्थिति कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हो। 29 सितम्बर, दिन रविवार को मन की बात में प्रधानमंत्री देश को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में ग्रामीणों की बैठने सहित पानी, चाय, बिस्किट की व्यवस्था रखें। कार्यक्रम का फोटोग्राफ सरल एप पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। जलडेगा मंडल की बैठक में बीरमित्रापुर के पूर्व विधायक शंकर उराँव भी शामिल हुए ।बीरू में मंडल प्रभारी मन की बात राकेश रविकांत प्रधान, मंडल प्रभारी नवीन सिंह, महामंत्री गंगाधर लोहरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विश्वनाथ मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र बड़ाईक, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष द्रोपदी देवी वहीं शक्तिकेन्द्र प्रभारी, कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## पंचायत में पुलिस की ओर से हुआ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

**कुरडेग।** प्रखंड के गड़ियाजोर पंचायत भवन में कुरडेग पुलिस के द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम "विश्वास की डोर आपकी ओर" के तहत कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में अलग अलग कुल 5 आवेदन प्राप्त हुए जिसका निष्पादन किया गया मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित कुरडेग थाना के एस आइ श्री धनंजय कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम सिमडेगा पुलिस के द्वारा लोगों की सेवा में एक महत्वपूर्ण कदम है , जो लोगों को पुलिस के साथ जोड़ता है और उनकी समस्याओं का समाधान करता है । मौके पर मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया प्रतिभा कुजूर, थाना के एस० आई० धनंजय कुमार , बीडीसी सबिता लकड़ा, के आलावे कार्यक्रम में आए अन्य लोग शामिल रहे।

# दुर्गा पूजा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में दशहरा पर्व 2024 को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पूजा समितियों द्वारा बताया गया कि कलश स्थापना 3 अक्टूबर को होगा एवं विजयादशमी व रावण दहन 12 अक्टुबर 2024 को होगा, वहीं प्रतिमा विसर्जन 13 अक्टुबर को किया जाएगा। बताया गया कि शहर सिमडेगा में 09 पंडाल, जलडेगा में 3, बानो में 4, कुरडेग में 6, केरसई में 5, कोलेबिरा मे 7, ठेठईटांगर में 4, पाकरटांड़ में 3, बांसजोर में 01 एवं बोलबा प्रखण्ड में 3 जगहों पर पूजा पंडाल का आयोजन होता है।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि दशहरा पर्व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण एवं आपसी भाई-चारा के साथ मनाया जाए एवं अफवाह तथा अशांति फैलाने वाले व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखते हुए जिला प्रशासन को ससमय सूचना देने की बात कहीं।उन्होने सुप्रीम कोर्ट के गाईडलाइन के अनुसार डी.जे. साउण्ड प्रतिबंधित होने की बात कहीं।शोभा यात्रा में रूट चार्ट का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने की बात कहीं। इसके अलावा मुर्तियां विसर्जन में भी निर्धारित समय का विशेष ध्यान देने को कहा।उन्होंने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी से बारी-बारी दशहरा पर्व व आगामी लोकतंत्र के पर्व के मद्देनजर सतर्कता से डयूटी करने का निर्देश दिया। पूजा के दौरान ट्रैफिक कन्ट्रोल की दिशा में भी भारी वाहन का परिचालन में नियंत्रण करने का अनुरोध किया गया। आग की रोकथाम एवं बचाव हेतु सभी पण्डालो मे फायर एक्सीटीन्गुइशर एवं बाल्टी में बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शहर के झुले हुए सभी बिजली के तार को दुरूस्त करने का निर्देश दिया।

# जनता की सेवा को अपना मूल मंत्र मानती है कांग्रेसः विधायक भूषण



नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** कुरडेग प्रखंड के कोकड़ाछेरा गांव में भाजपा और झापा के सैकड़ो समर्थक और कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी ग्रामीणों को विधायक भूषण बाड़ा, जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य जोसिमा खाखा आदि ने फुल माला पहनाकर सभी का पार्टी में स्वागत किया। विधायक नेकांग्रेस में शामिल होने वाले ग्रामीणों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जाति-धर्म की भावना से उपर उठकर जनता की सेवा कर रही है। आज सभी समाज के लोगों में खुशियां बेखरने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की सेवा को अपना मूल मंत्र मानती है। कांग्रेस पार्टी के लिए कार्यकर्ता, समर्थक और आम जनता का मान सम्मान सबसे उपर है। जबकि विपक्षी दल देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रहें। जाति और धर्म के नाम पर देश को बांटने का काम कर रहे हैं। आज जिले के कोने कोने में इंडिया गठबंधन सरकार की चर्चा है। हर वर्ग काफी खुश है। आने वाले विस चुनाव में इंडिया गठबंधन सरकार की एकतरफा जीत होगी। मौके पर कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष तेलेस्फोर टोप्पो, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल,20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो,जिला महासचिव शिशिर गुड़िया,विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की,विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान,विधायक प्रतिनिधि विनोद दास,युवा प्रखंड अध्यक्ष गुलशन एक्का,जिला उपाध्यक्ष देवनीस खलखो,जिला सचिव दीपक जयसवाल,सफर अली,20 सूत्री सदस्य जेपी जयसवाल, प्रदेश प्रवक्ता चंदन कुमार सिंह,बि डी सी नीलिमा खाखा, जेम्स तिर्की, बसीर अंसारी, अशोक राम,अजय साय, पीटर खाखा, सुभाष गुप्ता, सूमीरा लकड़ा, ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष अरुण जायसवाल, जस्मुदीन अली,मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेस, दुर्गेश पासी, एजाज खान,नीला नाग, उर्मिला केरकेट्टा, ज्योति लुगुन,सोभेन तिग्गा,सत्य प्रकाश हुरहुरिया,सोहराय मुंडा आदि उपस्थित थे।

## समाज व भाजपा का निर्णय होगा सर्वमान्य : भोगता समाज

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा ।** भोगता समाज भावंर पहाड़ कोलेबिरा की बैठक रामनारायण सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से समाज और भाजपा के निर्णय को सर्वमान्य प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। आसन विधान सभा चुनाव के मद्देनजर खरवार भोगता समाज विकास संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष और भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी मंगल सिंह भोगता के पहल पर सामाजिक बैठक वीर शहीद नीलांबर पीतांबर स्मारक स्थल कोलेबिरा में हुई। जिसमें विधान सभा चुनाव में समाज की राजनीतिक भागीदारी और उम्मीदवारी को लेकर चल रहे चर्चा पर सर्वसम्मति से विराम लगा दिया गया है। कहा कि उनका समाज भाजपा के साथ है। समाज और भाजपा का निर्णय सर्वमान्य होगा। निर्दलीय चुनाव लड़ने की कोई बात नहीं है। वक्ताओं ने कहा कि इस क्षेत्र में समाज को एक अवसर मिला है। समाज के सशक्त उम्मीदवार के समर्थन में पूरा समाज को राजनीतिक भागीदारी के लिए आगे आना होगा। समाज के अगुवा को भी पूरे समाज को एक साथ लेकर चलने की जरूरत है। प्रमंडलीय अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता ने कहा कि समाज को जीतने के लिए चुनाव लड़ना है। सिमडेगा सीट भोगता समाज और भाजपा के लिए अनुकूल है। यह शुरुआत है, आगे संगठन को मजबूत बनाने की जिम्मेवारी मेरे ऊपर होगा। बैठक में केंद्रीय महासचिव जगन्नाथ भोगता, अध्यक्ष घुंसी सिंह, सचिव रुपधर सिंह, गौरी प्रसाद सिंह, सिमडेगा जिला अध्यक्ष बसंत प्रधान , गुमला जिला अध्यक्ष जितु प्रधान, सचिव भरत प्रधान, अजित प्रधान शिवशंकर सिंह आदि शामिल थे।

## हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ पूरे झारखंड में है परिवर्तन की लहर

**सिमडेगा।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी मंगल सिंह भागता ने कहा है कि हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ पूरे राज्य में परिवर्तन की लहर है। भाजपा के परिवर्तन संकल्प यात्रा में जगह-जगह स्वागत सम्मान और सभा में लोगों की भीड़ इस बात का गवाह है। कहा कि क्षेत्र की जनता अब जाग चुकी है। झूठ और भ्रम फैलाकर अब झामुमो कांग्रेस जनता को नहीं ठग सकती है।जनता को क्षेत्र में सुरक्षा और शांति चाहिए। जब से हेमंत सोरेन की सरकार बनी है तब से क्षेत्र में अपराध का ग्राफ बढ़ गया है। सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। राज्य के युवाओं को रोजगार और बेरोजगारी भत्ता के नाम से धोखा दिया है इस बार राज्य के युवा झामुमो व कांग्रेस को ठेंगा दिखाएंगे और झारखंड में एक बार फिर से सुशासन लाने के लिए राज्य के युवा भाजपा का साथ देंगे।

## राजनीति नहीं कार्य नीति पर है भरोसा : संदेश एक्का



नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रखंड के लंबोई गांव में झापा के केंद्रीय अध्यक्ष जो एनोस एक्का और युवा नेता संदेश एक्का के पहल पर खराब पड़े ट्रांसफार्मर की मरम्मत कराई गई। महीनों बाद गांव में बिजली जलने से ग्रामीणों ने एनोस एक्का और संदेश एक्का के प्रति दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महीनों से गांव का ट्रांसफार्मर जला पड़ा था लेकिन कोई भी ट्रांसफार्मर मरम्मत करने की दिशा में कार्य नहीं कर रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने अपनी समस्या एनोस एक्का और संदेश एक्का के समक्ष रखी, दोनों ने उनकी समस्या पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रांसफार्मर की मरम्मत करवाई और गांव में बिजली आपूर्ति बहाल हुई। ग्रामीणों ने एक स्वर में विधानसभा चुनाव में झारखंड पार्टी का समर्थन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जो नेता हमेशा सुख-दुख में खड़ा रहता है वही सच्चा अगुवाई कर सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि धर्म के नाम पर लोगों को बरगलाने वाले की राजनीति अब नहीं चलेगी। इधर ग्रामीणों के द्वारा आभार व्यक्त किए जाने पर संदेश एक्का ने भी सबको बधाई दी। उन्होंने कहा कि जनता के चेहरे पर खुशी ही उन्हें ऊर्जा प्रदान करती है।

## एक नजर

### खूंटी के अजीत नाग का भारतीय रग्बी टीम में चयन, मलेशिया पहुंचे

**खूंटी।** जोहर, मलेशिया में 28 से 30 सितंबर तक आयोजित अंडर 18 एशिया रग्बी चैंपियनशिप के लिए खूंटी के अजीत नाग का चयन भारतीय रग्बी टीम में किया गया है। अजीत टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए मलेशिया पहुंच गए हैं। अजीत का चयन अंडर 18 नेशनल चैंपियनशिप में किया गया था। कोलकाता में उन्होंने पूरे एक माह तक नेशनल कैंप में रग्बी ट्रैनिंग अंतरराष्ट्रीय कोच की देखरेख में पूरी की तथा टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे। अजीत लोयोला इंटर कॉलेज खूंटी का छात्र है। उनकी सफलता पर झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु जलान, वरीय उपाध्यक्ष केके सिंह, महासचिव हेजाज असदक, लोयोला इंटर कॉलेज के प्राचार्य फादर विमल मिंज सहित अन्य खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती पर सीपीएम ने की गोष्ठी

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शहीद ए आजम भगत सिंह के 117वां जयंती के अवसर पर स्थानीय सी पी एम कार्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया. गोष्ठी की अध्यक्षता तपेश्वर राम और संचालन जिला सचिव ईश्वर महतो ने किया. इस अवसर पर सी पी एम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा की आज भगत सिंह जैसे लोगों की सख्त जरूरत देश को है. भगत सिंह भारत के एक महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे. उन्होंने अंग्रेजों से लड़ने के लिए एक पार्टी बनाई. भगत सिंह और पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया. पहले लाहौर में सैंडर्स की हत्या और उसके बाद दिल्ली की केन्द्रीय संसद (सेण्ट्रल असेम्बली) में बम-विस्फोट करके ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह को बुलन्दी प्रदान की. इन्होंने असेम्बली में अंग्रेजों द्वारा लाया गया जन विरोधी कानून 'पब्लिक सेफ्टी बिल और ट्रेड डिस्प्यूट बिल' के विरोध में बम फेंक कर पुरजोर विरोध किया और वहीं पर रह कर अंग्रेजों के खिलाफ नारा लगाने लगे और पर्चा बांटने लगे. वहां मौजूद अंग्रेजी फौज उन्हें और बटुकेश्वर दत्त को गिरफ्तार कर लिया. भगत सिंह बहुत कम उम्र में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का हिस्सा बन गए थे. भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ प्रतिरोध के विभिन्न कृत्यों में भाग लेने के अलावा, उन्होंने पंजाबी और उर्दू भाषा के समाचार पत्रों के लिए एक लेखक और संपादक के रूप में भी योगदान दिया. स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उनके क्रांतिकारी विचार बेहद लोकप्रिय हो रहे थे, जिसे अंग्रेजी साम्राज्य द्वारा एक खतरे के रूप में देखा जा रहा था, उनके क्रांतिकारी विचार आज भी देश के लिए प्रासंगिक हैं. इस गोष्ठी में सी पी आई के महेंद्र राम, मजीद अंसारी, अशोक कुमार मेहता सी पी आई एम के लक्ष्मी नारायण सिंह और गुलाब साव ने भी अपने विचार रखें।



### बीडीओ ने किया महिला से दुर्व्यवहार, भाजपा ने प्रतिवाद मार्च निकाल कर जताया विरोध

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी बीडीओ मनीष कुमार के द्वारा दलित महिला के साथ कथित रूप से मारपीट एवं जाति सूचक शब्दों के साथ गाली गलौज करने के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी चंदौरी मंडल और तिसरी मंडल के द्वारा प्रतिवाद मार्च निकालकर विरोध जताया गया। यह प्रतिवाद मार्च तिसरी गांधी मैदान से तिसरी चौक होते हुए वापस थाना तक आया। इस दौरान तिसरी बीडीओ हाय हाय, तिसरी बीडीओ को बर्खास्त करो सहित अन्य कई नारा भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लगाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला मंत्री मनोज यादव मौजूद थे। मौके पर मनोज यादव ने कहा कि तिसरी बीडीओ मनीष कुमार का काला कारनामा उजागर हुआ है। इसी को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है और प्रतिवाद मार्च निकालकर इसका विरोध किया जा रहा है। तिसरी प्रखंड की ग्रामीण महिला के साथ जो तिसरी बीडीओ ने दुर्व्यवहार किया है, एक घंटा तक उसे बंद कमरा में बंद रखा और उसका अपमान किया गया, इससे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता काफी मर्माहक और आहत है।

### कन्या रत्न के आगमन से परिवार आनंदित

# जीवन में छाई नई खुशियों की उमंग : टोनी जैन

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश कोषाध्यक्ष, किसान मोर्चा, टोनी जैन के परिवार में हर्षोल्लास का माहौल है।जब उनके घर भाग्य लक्ष्मी के रूप में एक प्यारी सी कन्या का जन्म हुआ। श्री जैन के बड़े बेटे चेतन और बहू वदीर्का ने उन्हें यह अनमोल खुशी प्रदान की है। श्री जैन ने इस सुखद अवसर पर कहा, "वर्षों बाद आज हमारे घर में देवी-देवताओं और गुरुजनों का आशीर्वाद बरसता महसूस हो रहा है। कन्या रत्न के रूप में हमारे घर भाग्य लक्ष्मी आई है, जिससे हमारे जीवन में अनंत खुशियां आई हैं। यह पल अविस्मरणीय है और हमेशा हमारे साथ रहेगा। उन्होंने अपने बेटे और बहू का आभार व्यक्त करते हुए कहा, इनकी वजह से आज मुझे दुनिया की सबसे बड़ी खुशी मिल गई है। हमारा जीवन सफल हो गया है और हमारे परिवार में उत्सव का माहौल है, जो हमेशा बना रहेगा। टोनी जैन की पत्नी सपना जैन ने भी अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, दादी बनने की खुशी का अनुभव शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। ऐसा लग रहा है कि हमारा बचपन फिर से लौट आया है। बेटी का जन्म हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है, यह कई जन्मों के पुण्य का फल है। इस अवसर पर श्री जैन के पिता राजकुमार जैन, माताजी सूरज देवी, और परिवार के अन्य सदस्य प्रमोद, मोनिका, मयंक, रिधि, भाविका, और तुभ्यम सभी खुशी से सराबोर हैं। पूरा परिवार इस नए सदस्य के स्वागत में आनंदित है और उत्सव की भावना से ओतप्रोत है।



# डायरिया से ग्रस्त 53 वर्षीय पतिया देवी की हुई मौत



**गांडेय / गिरिडीह।** ताराटांड़ थाना क्षेत्र के ठाडीमहुआ गांव में डायरिया से ग्रसित पतिया देवी की शनिवार की सुबह मौत हो गई। बता दे कि बीते पांच दिनों से झगरू भोक्ता का परिवार डायरिया से ग्रसित है। डायरिया से ग्रसित में से 55 वर्षीय झगरू भोक्ता,पच्चीस वर्षीय पुत्र दीपक भोक्ता जिनका इलाज धनबाद के किसी अस्पताल में इलाजरत है,23 वर्षीय पुतोहू शांति देवी,उसका डेढ़ वर्षीय पोता अर्जुन भोक्ता शामिल है। इस मामले कि खबर गांडेय स्वास्थ्य टीम को बीते गुरुवार को मिली थी, खबर मिलने पर गांडेय के स्वास्थ्य टीम पहुंची थी और जांच पड़ताल कर पीड़ित परिवार के घर के अगल बगल फैली गन्दगी, जल जमाव के आस पास ब्लीचिंग का छिड़काव कर सकारात्मक पहल करने में जुट गई थी, इसी बीच पीड़ित परिवार के झगरू भोक्ता की करीब 53 वर्षीय पत्नी पतिया देवी की मौत शनिवार की सुबह हो गई। मौत की सूचना पर गांडेय सीएचसी की टीम शनिवार को युक्त गांव पहुंची और पीड़ित व्यक्तियों के इलाज व सकारात्मक कार्य में जुट गई। इस संबंध गांडेय सीएचसी चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी अबू काशिफ हसन ने बताया कि दो दिन पहले गुरूवार को यहाँ से एक ही परिवार से चार लोगों को डायरिया होने की खबर मिली थी, और हमलोग उस दिन यहाँ आएं थे।

### दुर्गा पूजा को ले शांति समिति की बैठक आयोजित

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं दुर्गापूजा : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। गावां / गिरिडीह**
गावां थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड की पूजा कमेटियों व गणमान्य लोगों के साथ बैठक आयोजित की गयी. दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर शनिवार को गावां थाना में आयोजित बैठक के दौरान एसआई पिंकू सिंह ने कहा कि पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में पूजा कमिटियों की भूमिका भी अहम है. लाइसेंस में जो मानक हैं उसका पूरा ध्यान रखेंगे. तय रूट से ही विसर्जन का जुलूस निकाला जाएगा. इसके लिए पूजा कमिटी को लाइसेंस में रूट का जिक्र करना होगा. सीओ अविनाश रंजन ने कहा कि कुछ ही दिनों बाद नवरात्र प्रारंभ होने वाला है. यहां के लोग अमन पसंद है. इससे पहले भी जो भी पर्व हुए हैं शांतिपूर्ण माहौल में हुए है. इस बार भी दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण माहौल में गुजरेगी. बीडीओ महेंद्र रविदास ने कहा कि यहां के लोग शांतिप्रिय है, अन्य पर्वों की भांति दुर्गा पूजा का त्योहार भी यहां के लोग मिल जुल कर मनाएंगे. मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह, जिप सदस्य पवन चौधरी, भाकपा माले प्रखंड सचिव नागेश्वर यादव, मुखिया कन्हाइ राम, चन्दन कुमार,अमित कुमार, अजय कुमार समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे।



### राज्य के 91 सीओ का हुआ तबादला, अमित किस्कू बने बरही के नए सीओ

**बरही ।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में प्रशासनिक अधिकारियों का स्थानांतरण प्रारंभ हो चुका है. भूमि सुधार व राजस्व विभाग ने राज्य के 91 अंचलाधिकारियों के तबादले का अधिसूचना जारी किया है. यह आदेश राज्यपाल के निर्देशानुसार उप सचिव रामेश्वर लयांगी के हस्ताक्षर से जारी की गई है. जारी आदेश के अनुसार झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सह बरही सीओ रामनारायण खलखो का स्थानानंतरण पलामू के नौडीहा बाजार में योगदान देंगे. वही झारखंड प्रशासनिक सेवा के ही जामताड़ा कुंडहित के सीओ अमित किस्कू बरही अंचल में अपना योगदान देंगे. सीओ के स्थानांतरण सबंधित अधिसूचना शुक्रवार को देर संध्या जारी किया गया. जिसमे राज्य के कुल 91 अंचलाधिकारी के नाम शामिल हैं।

# अंजोरेम खलखो बनीं प्रबंधन समिति की अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**
बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय पाकरबहार के विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अंजोरेम खलखो को बनाया गया ।बताया गया कि विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन के लिए अभिभावकों की एक बैठक बुलाया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका सुशीला कूल्लु ने किया। बैठक की करवाई करते हुए अंजोरेम खलखो को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष प्रफुल्ल प्रधान को एवं लक्ष्मण सिंह, जॉन कुल्लू, सुमन दास, कपिलानंद प्रधान, ज्योति कुल्लू,उजाना कुल्लू, जानकी देवी, तारामणि देवी, फुलमनी कांडुलना को समिति के सदस्य चुने गए । इस मौके पर पर्यवेक्षक के रूप में सी0आर0पी0 बिश्वा सिंह उपस्थित थे। इस मौके पर शिक्षक सरोज राय, लोकेन्द्र सिंह, प्रेम दास एवं अन्य लोग मौजूद थे। प्रधानाध्यापिका सह संयोजक सुशीला कूल्लु ने कहा कि विद्यालय विकास के लिए सभी का सहयोग अति आवश्यक है। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित समिति को बधाई एवं शुभकानाएं दिया। मौके पर भारी संख्या में अभिभावक गण मौजूद थे।


**अधीक्षक, मंडल कारा, सिमडेगा का कार्यालय**

**ई-निविदा रद्द करने से संबंधित सूचना :-**

कारा मे संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियां, आलू, फल, मांस, सरसो का तेल, चीनी एवं विविद्य सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति कि निमित वार्षिक ई-निविदा दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक एवं चतुर्थ त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.10.2024 से 31.12.2024 तक के लिए प्रकाशित ई-निविदा संख्या- HJ AND DM/DJ SIMDEGA/Y-1 (II)/2024/1085 एवं- HJ AND DM/DJ SIMDEGA/Q-4 /2024/1085, दिनांक 21.09.2024 के निस्तारण समिति के निर्णयानुसार उक्त आमंत्रित निविदा जो समाचार पत्रों में PR 334060 Simdega(24-25)D द्वारा प्रकाशित किया गया था, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

-ह0-
अधीक्षक, मंडल कारा,सिमडेगा
PR 337437 Simdega(24-25).D


### मानसरोवर पब्लिक स्कूल घंघरी में धूमधाम से मनाई गई भगत सिंह की जयंती

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घंघरी स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल में भगत सिंह की जयंती मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक महेंद्र प्रसाद, प्राचार्य सोनू कुमार के द्वारा भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान प्राचार्य सोनू कुमार ने कहा कि भगत सिंह अपने देश के संसाधनों को बचाने, देश से प्रेम करने और कठिन परिश्रम करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि लाखों देश वासियों के अंदर आजादी की अलख जगाकर गुलामी की जंजीरों को तोड़ने का काम किया। इस दौरान शिक्षकों के द्वारा अनुशासन पर ड्रामा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक मुकेश कुमार मंडल, रोहित कुमार मंडल, , दुलारचंद कुमार , कौशल पांडे, मनीष कुमार, लक्ष्मी कुमारी, एकता कुमारी, नूरी अनवर, निधि कुमारी,मनीषा , दीपा कुमारी , योगेश कुमार,अर्जुन सिंह, मनोज यादव , बबलू यादव समेत विद्यालय के सभी छात्र उपस्थित थे।

### पिड़ीयापोंछ में जंगली हाथियों ने कई घरों को उजाड़ा और खाया अनाज



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पिड़ीयापोंछ एवं सराइजोर गांव में जंगली हाथियों ने कई ग्रामीणों के घरों को उजाड़ा और रखे अनाज को खा गए। इसके साथ ही खेतों में लगे फसल को भी रौंद कर बर्बाद कर दिया ।इस मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि शाम होते ही जंगली हाथ्यिों का झुंड गांव पहुंच जाता है और घरों को निशाना बनाकर उजाड़ कर घर में रखे सारे अनाज को खा जाता है। साथ ही उपयोगी सामानों को भी बर्बाद कर देता है । ग्रामीण दहशत में रहकर जी रहे हैं। अपनी जान की रक्षा के लिए रातभर रतजगा कर रहे है। हाथियों ने सलमोंन कूल्लु, सेलेस्टिन कूल्लु, लाजरूस कूल्लु, गोविंद सोरेंग के घर को उजाड़ दिया ।ग्रामीणों ने तत्काल राहत के लिए अन्नाज एवं पर्याप्त मुआवजा एवं हाथी भगाने की सामग्री टॉर्च, फटाखे, मोबिल, जुट आदि उपलब्ध कराने की मांग किया है।

### डीएवी हेहल में 'शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला' की हुई शुरुआत

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची के सभागार में शनिवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, पटना की ओर से शिक्षकों के लिए दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम 'स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस' (स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण) का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन कर स्वागत गान से हुई।
सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने सीबीएसई द्वारा नियुक्त रिसोर्स पर्सन्स सुमित कौर, प्राचार्या, गुरुनानक पब्लिक स्कूल, रांची व समृद्धि सिंह (पीजीटी, इकोनॉमिक्स) स्टार इंटरनेशनल स्कूल, रांची का स्वागत सैपलिंग (पौधा) देकर किया। प्राचार्य मिश्रा ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि 'क्षमता संवर्धन कार्यशाला' शिक्षकों की शिक्षण क्षमता को बेहतर और इनोवेटिव बनाने का प्लेटफॉर्म है।

### लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने किया सदर अस्पताल में निःशुल्क भोजन वितरण




रांची। लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल द्वारा प्रत्येक शनिवार को सदर अस्पताल परिसर में भोजन का वितरण किया जा रहा है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को भी लगातार 11वीं बार क्लब के पदाधिकारियों द्वारा अस्पताल परिसर में मरीजों, उनके परिजनों के साथ ही आसपास के जरूरतमंदों लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सदर अस्पताल के सिविल सर्जन प्रभात कुमार ने क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण करना सराहनीय प्रयास है। क्लब के प्रेसिडेंट अमित शर्मा और चार्टर प्रेसिडेंट शैलेष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से अवगत कराया कि क्लब के इस प्रोजेक्ट के तीसरे चरण में आज लगभग 1000 लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया है। लोगों का सहयोग कर हम अपने इस प्रोजेक्ट से काफी संतुष्ट हैं। हमारा यह प्रोग्राम प्रत्येक शनिवार को सदर अस्पताल परिसर में संचालित होता है। सचिव मनोज मिश्रा ने कार्यक्रम की व्यवस्था में सहयोग करने के लिए अस्पताल प्रबंधन और इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए क्लब के सदस्यों और समाजसेवियों के प्रति आभार जताया। आज के प्रोजेक्ट को सफल बनाने में क्लब के कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष खुशबु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, रीजनल चेयरमेन प्रेम शंकर मिश्रा, पीआरओ अल्तमश आलम, पीयूष कुमार, प्रीति कुमारी का भरपूर योगदान रहा।

### विधायक ने 51 लाख की योजनाओं का किया शिलान्यास

# रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास हमारा लक्ष्य : सुनीता चौधरी

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर लगातार कार्य कर रही हैं। उनके द्वारा शनिवार को रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में 51 लाख 91 हजार की लागत से बनने वाली तीन योजनाओं का शिलान्यास किया गया। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 30 मुर्रामकला नायक टोला के नव प्राथमिक विद्यालय में 09 लाख 41 हजार की लागत से बनने वाले चहारदीवारी, ,वार्ड नं 31 कांकेबार प्राथमिक विद्यालय में 31 लाख की लागत से बनने वाले चाहरदीवारी एवं वार्ड नं 28 के महली चंडी प्राथमिक विद्यालय में 11 लाख 50 की लागत से चाहरदीवारी का के निर्माण कार्य का विधिवत रूप से शिलान्यास मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा की आजसू पार्टी का लक्ष्य रामगढ़ विधानसभा का संपूर्ण विकास है। कहा की हमलोग उसी दिशा में कार्य कर रहे हैं। रामगढ़ विधानसभा के सभी गांवों में सड़क, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन का निर्माण एवं तालाबों के सौंदर्यीकरण का कार्य लगातार करवाया जा रहा है। साथ ही विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने का कार्य हमलोगों ने किया है। विधायक श्रीमति चौधरी ने कहा की आजसू पार्टी हमेशा लोगों का साथ देती है और उनके सुख दुख में साथ खड़ी रहती है। विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की आजसू पार्टी जरूरतमंदों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने में हमेशा मदद करती है। साथ ही जिन लोगों को योजना का लाभ नही मिल पाया है उन्हें योजनाओं का लाभ दिलवाने का कार्य किया जा रहा है।



### राहुल गांधी के आरक्षण पर दिए बयान को लेकर भाजपा एससी मोर्चा ने कहा

# मोदी के रहते आरक्षण को कोई समाप्त नहीं कर सकता : डॉ जीतू चरण राम

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
भाजपा के वरिष्ठ नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबु के आवासीय कार्यालय में शनिवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय कुमार रजक व संचालन कृष्णा रवि ने किया। जबकि प्रेस वार्ता को मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री सह कांके के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम ने संबोधित किया। उन्होंने कहा की कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका जाकर आरक्षण के विरोध में बात की। कहा की उन्होंने ऐसा बयान देकर देश के एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के लोगों को ठेस पहुंचाने का कार्य किया है। डॉ राम ने कहा की कांग्रेस का इतिहास ही आरक्षण विरोधी रहा है। कहा की कांग्रेस पार्टी ने देश के कमजोर वर्ग के लोगों को उपयोग सिर्फ अपना राजनीतिक उद्देश्य पूरा करने के लिए किया है। कांग्रेस कभी भी देश के एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग की हितैशी नही रही है। डॉ जीतू चरण राम ने कहा की देश में कांग्रेस ने 57 वर्षों तक शासन किया लेकिन कभी भी संविधान की मूल भावना के अनुसार देश में इसे लागू नही किया। कहा की लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी ने देश के एससी, एसटी ओर ओबीसी वर्ग के लोगों के बीच दुष्प्रचार किया की यदि भाजपा सत्ता में आई तो संविधान खतरे में पड़ जाएगा और आरक्षण समाप्त कर दिया जाएगा। लेकिन कांग्रेस पार्टी यह दुष्प्रचार करके भी सत्ता प्राप्त करने का अपना उद्देश्य पूरा नही कर पाई। कहा की देश के एससी, एसटी और ओबीसी सहित सभी वर्ग का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार मिल रहा है। क्योंकि वे सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलते हैं। साथ ही सभी वर्ग के लोगों का पूरा ख्याल रखते हैं। डॉ राम ने कहा की कांग्रेस पार्टी ने कभी भी संविधान की मूल भावना का आदर नही किया और आरोप भाजपा पर लगाती है।





**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी (अभियंत्रण शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 13/2024-25 PR No- 336180 (District) 2024-25 (D) द्वारा प्रकाशित निविदा में क्रमांक 03 में प्रखण्ड अड़की के स्थान पर प्रखण्ड रनियाँ एवं क्रमांक 04 में प्रखण्ड अड़की के स्थान पर प्रखण्ड तोरपा समझा जाय।

निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगे।

ह०/-
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी
PR.NO.337567 District(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग**


**CORRIGENDUM**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में गैर योजना मद अन्तर्गत आमंत्रित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03/2024-25, PR 336447 Road(24-25)#D के क्रमांक 13 में अंकित कार्य "कार्यपालक अभियंता आवास में Guard Room-cum-Driver Room मरम्मति एवं विद्युतीकरण कार्य" NIT के क्रम संख्या 02 में परिमाण विपत्र विक्री की तिथि 27.09.2024 के स्थान पर 04.10.2024 एवं क्रम संख्या 03 में निविदा प्राप्त करने की तिथि 28.09.2024 के स्थान पर 05.10.2024 पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्त्ते यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
प.नि.वि. पथ प्रमण्डल, हजारीबाग
PR 337493 Road(24-25).D

# उफ ! ये गर्मी





डॉ. मीनाक्षी कर्ण

चिलचिलाती धूप में रमेश एक ठेले पर तरबूज,ककड़ी लेकर सड़क के किनारे बेच रहा था। धूप से बेहाल रमेश सिर पर गमछा डाले एक छाता लगाये खड़ा था। वह सड़क पर आते जाते ग्राहक का इंतजार कर रहा था। सुबह नौ बजे से लेकर बारह बजे तक बहुत सारा ककड़ी और तरबूज बिक चुका था। प्रत्येक दिन वह जितना बेच पाता उसे बेचकर घर चले जाता था, लेकिन आज गर्मी अधिक होने के कारण ग्राहक लगातार आ रहे थे। वह जब भी अपना सामान समेटना शुरू करता कोई ना कोई आ जाता। उसे देर हो रही थी,भूख प्यास से बेहाल हो रहा था। अंतिम ग्राहक को तरबूज और ककड़ी देकर जल्दी-जल्दी समेटने लगा। मन ही मन सोच रहा था,उफ !ये गर्मी आज जान लेकर ही छोड़ेगी, तभी सत्तर - पचहत्तर साल के एक बुजुर्ग ठेले के पास आकर तरबूज का मोलभाव करने लगे। रमेश थोड़ा खिन्न भी हुआ.... अभी समेट रहा था फिर से ना जाने कहाँ से बूढ़ा आ टपका, मन ही मन सोच ही रहा था कि बुजुर्ग ने फिर से कहा-' बेटा कुछ कम करके तरबूज दे दो'। 'चालीस रुपये से एक रूपया भी कम ना होंगे चाचा'- रमेश ने कहा।

'इस भरी दोपहरी में इतना मोल -मोलायी नहीं करिये, मैं भी दो रूपया कमाने के लिए ही धूप में खड़ा हूँ '।

बुजुर्ग - 'जानता हूँ बेटा मेरे पास सिर्फ तीस रुपये ही है, मैं बाद में आकर कभी तुमको दे जाऊंगा'।

काफी देर मोल -मोलायी के बाद रमेश देने के लिए राजी हुआ। रमेश को बुजुर्ग पर थोड़ी दया भी आयी।

'चाचा जी इतनी भरी दुपहरिया में आने की क्या जरूरत थी? शाम को आकर ले जाते '- रमेश ने कहा। बेटा घर में पत्नी की तबीयत ठीक नहीं है उसे गर्मी लग गयी है इसलिए तरबूज ले जा रहा हूँ। रमेश तरबूज तौलकर दे दिया। बुजुर्ग जैसे ही तरबूज लेकर जाने के लिए मुड़ा चक्कर खाकर गिर गया।

रमेश तेजी से जाकर उस बुजुर्ग को नीचे से उठा देता है, और अपने ठेले पर लिटा देता है। चेहरे पर पानी का छींटा देने पर भी होश नहीं आता है। ऐसे में रमेश पास के सरकारी अस्पताल में उस बुजुर्ग को ले जाता है। वह अपनी भूख -प्यास और गर्मी को भूल कर उस बुजुर्ग के इलाज में व्यस्त हो जाता है। वह दिन भर में जो भी कमाया था उस बुजुर्ग के इलाज में खर्चा हो गया, जबकि आज अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक बिक्री हुई थी, वह मन ही मन बहुत खुश था कि थोड़ी सी गर्मी बर्दाश्त करने के बाद आज बिक्री अधिक हुई है,अतिरिक्त जो पैसा हुआ है उससे अपने दो साल के बेटे के लिए गर्मी में पहनने के लिए टीशर्ट ले जाएगा। गर्मी से बेहाल रहता है मेरा चुन्नू बेटा..उसके तन पर कोई ढंग का कपड़ा नहीं है....और उसके अगले दिन जो थोड़ा बहुत पैसा होगा उससे चुन्नू की माँ के लिए एक सूती साड़ी ले जाऊंगा, बेचारी दिनभर सिंथेटिक साड़ी में रहती है, गर्मी से उसका देह जलता रहता है...लेकिन इस बुजुर्ग चाचा ने सारे सोच पर पानी फेर दिया।...इंसानियत के नाते उसे छोड़कर जा भी नहीं सकता था...सो उसका पूरा दिन हॉस्पिटल में गुजरा।

इलाज के बाद बुजुर्ग को जब होश आया तो उस ठेले वाले को अपने पास पाया। वह चौककर बेड पर से उठ बैठा और बोला

बेटा! तुम यहाँ हो और मैं यहाँ कैसे पहुंचा?

रमेश ने कहा- चाचा जी आप गर्मी से बेहोश होकर गिर गए थे मैं ही ठेले पर आपको अस्पताल लेकर आया हूँ। आप को अकेले अस्पताल में इस तरीके से छोड़कर कैसे चला जाता ?

आपके बारे में कुछ नहीं जानता था,आपके परिवार वालों को कैसे बुलाता इसलिए मैं ही रह गया यहाँ। अब आप ठीक हो गए हैं चलिए आपको घर छोड़ देता हूँ,उसके बाद मैं भी अपने घर चला जाऊंगा। यह सुन उस बुजुर्ग की आँखों से आँसुओ की बूंदे टपकने लगे। भावुक होकर बोला -'बेटा मैं दो-दो बेटे का पिता हूँ। दोनों अपने अपने जीवन में रमें हैं। एक बेटा पुलिस में इंस्पेक्टर है और एक बेटा इंजीनियर है... मैं स्वयं भी एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। दोनों बेटों को पढ़ा लिखा कर शादी विवाह कर दिये ।

मैं जब तक नौकरी करता था तब तक बेटे बहू का आना जाना लगा रहता था, मेरी भी आर्थिक स्थिति ठीक थी,किसी पर निर्भर नहीं था लेकिन रिटायरमेंट के बाद दोनों बेटे बहुओं ने आना जाना बंद कर दिया। रिटायरमेंट का जो पैसा मिला था उसे दोनों बेटों ने बहला-फुसलाकर अपनी मजबूरी बताकर सारे ले लिए, मैं भी पुत्र मोह में अंधा कि आखिर इन पैसो पर भी इन दोनों का ही अधिकार है तो आज जरूरत के समय क्यों न दे दे। बुढ़ापे में दोनों बेटे- बहुएं ही हमारी देखभाल करेंगे तो किनके लिए पैसे सहेजकर रखें.... लेकिन अपना सोचा हुआ कुछ नहीं होता है। दोनों बेटे पैसा लेकर चले गए फिर कभी हम दोनों पति -पत्नी को देखने नहीं आये, ना हीं कभी उन्होंने फोन किया। जब तक हमारे पास कुछ पैसे थे तब तक हम लोगों का गुजारा हो गया अब तो हमारे पास खाने के भी पैसे नहीं है तो इलाज कैसे करें?

तुम्हारा बहुत-बहुत शुक्रिया बेटा कि तुम हमें अस्पताल लेकर आये। अब तुम जल्दी से हमें घर छोड़ दो.. पता नहीं मेरी पत्नी की तबीयत कैसी ?... थोड़े चिंतित स्वर में बुजुर्ग बोलें।' चाचा जी आप कहाँ रहते हैं? मैं ठेला पर ही आपको घर तक छोड़ आऊंगा'- रमेश ने कहा।

रमेश चाचाजी को घर छोड़ने आया, हाथ का सहारा देकर घर के अंदर ले गया। अंदर एक कमरे में बिखरे सामानों और एक चौकी पर पड़ी बुढ़िया को कराहते देख उसका हृदय विदीर्ण हो गया।

रमेश चाचाजी को एक जगह बैठा कर खुद ही ठेला पर रखे एक तरबूज को काटकर इन दोनों बुजुर्ग दंपत्ति को खाने के लिए दिया। रमेश को इन कामों में जैसे आत्म संतुष्टि मिल रहीं थी।

दोनों से थोड़ी देर बातचीत कर यह कहकर घर जाने लगा कि चाचा जी कल मैं आप दोनों के लिए कुछ राशन का सामान ला दूँगा और दवाई दुकान से दवाई भी। आप हमें अपना बेटा ही समझे ।

हम भी तो अपने गाँव -घर छोड़कर दूसरे शहर में रोजी -रोटी कमाने के लिए आए हैं, यदि हम सब एक दूसरे की मदद नहीं करेंगे तो कौन यहाँ कोई सगा -संबंधी रहता है...सब पराये ही अपने होते हैं।

बुजुर्ग दंपति भावुक हो गये, आंखों में खुशी की लहर तैरने लगी बूढ़ी बोली- बेटा! हमें तो अपने बेटों ने ही त्याग दिया है, परंतु किसी पुण्य कर्म के प्रताप से तुम हमें बेटे के रूप में मिले हो।

तभी चाचाजी मुस्कुराते हुए बोले- उफ! ये गर्मी ना होती तो हमें इतना अच्छा बेटा कहाँ मिलता?

# एक दिन, बस एक दिन

एक दिन, बस एक दिन....
अपना मोबाइल-अपना कंप्यूटर
टी.वी और अपना इंटरनेट
सब कुछ को अपने मन ही में
एक गठरी में बांधकर
किसी कोने में धर दो
और फिर महसूस करो कि
उसके बावजूद तुममें जीवन है कि नहीं !
एक दिन ,बस एक दिन
किसी रेस्तरां में आर्डर दिए गए खाने को
अपने मन के किसी कोने में
किसी गठरी में बांधकर रख दो
और फिर सोचो कि क्या वास्तव में
यह खाना तुम्हारी सिर्फ भूख के लिए था
या जीभ के लिप्सा के लिए !
एक दिन ,बस एक दिन
अपनी अलमारियों में रखे
सारे कपड़ों को किसी गठरी में बांधकर
अपने मन के किसी कोने में धर दो
और फिर सोचो कि ये कपड़े
वास्तव में तुम्हारी जरूरत के लिए हैं
या तुम्हारी किसी दूसरी ही भूख के लिए !!
एक दिन ,बस एक दिन
अपना समूचा कृतित्व ,अपनी पेंटिंग्स
अपनी किताबें ,अपनी फिल्में
या अपना रचा कुछ भी
अपने मन की किसी गठरी में बांधकर
किनारे धर दो किसी कोने में
और सोचो उसके बगैर भी तुम
एक इंसान,एक सच्चे इंसान हो कि नहीं !
एक दिन,बस एक दिन ऐसा करो
कि तुम तुम न रहो
अपने अतीत से बिल्कुल अलग
बिलकुल दूर ,तुम इसी क्षण पैदा हुए
एक व्यस्क मनुष्य हो ,और
तब महसूस करो कि तुम हो कि नहीं !
एक दिन ,बस एक दिन
अपनी समूची दिनचर्या से खुद को
अलग करके महसूस करो कि उस
दिनचर्या के बगैर तुम तुम हो कि नहीं !
एक दिन ,बस एक दिन
अपने गुस्से-अपने अहंकार और
अपनी आदतों को किनारे रखकर
सोचो कि उनके बगैर कैसे लगते हो तुम ??
एक दिन ,बस एक दिन
अपना समूचा मेकअप का सामान
सैंडिलें-साड़ियाँ या सूट किनारे रख दो
अपने मन के किसी कोने में
और फिर महसूस करो कि
उनके बगैर भी वास्तव में
कितने सुंदर लग सकते हो तुम !!
एक दिन ,बस एक दिन
जैसे कि तुम हो ,वैसा न हो कर देखो
और सोचो कि तुम दरअसल
किन-किन रूपों में हो सकते हो
और तुम्हारा होना किस रूप में
तुम्हें सच्चा बना सकता है ??
एक दिन ,बस एक दिन
बस थोड़े से ही सही,पलों के लिए
यह सब सोचो और अपने अंदर
उस बदलाहट को महसूस भी करो !!
एक दिन ,बस एक दिन
अपनी गाड़ी या अपने कमरे के
ए.सी. को बंद करके महसूस करो कि
तुम्हारे भीतर का ताप अब भी
उतना ही बचा हुआ है कि नहीं
कि तुम बाहर के उस जरूरी ताप को भी
खुद में महसूस कर सको ,
और उस ताप के बावजूद भी
एक आरामदायक जीवन जी सको !!
उसे ऊष्मा के बीच जो दरअसल
तुम्हारे भीतर नहीं बची हुई ही नहीं है !!



राजीव थेपड़ा

# धर्म-अधर्म



सत्या शर्मा 'कीर्ति'

सुनो बच्चे! तुम जो यह पथराव कर रहे हो,
किसके कहने पर कर रहे हो? दंगे के बीच एक
किशोर को शामिल देख, डाँटते हुए पुलिस ने
पूछा।
किशोर खामोश रहा।
तुम्हारा नाम क्या है?' इस बार कड़कती हुई
आवाज थी।
वह फिर भी खामोश रहा।
फिर अपनी आवाज थोड़ा मुलायम बना पुलिस
ने पूछा - मंदिर जाते हो?
उसने नहीं में सर हिलाया।
मस्जिद?
उसने फिर से नहीं में सर हिलाया।
चर्च जाते हो या गुरुद्वारे?
किशोर अभी भी खामोश था।
कौन-सा धर्म- स्थल तोड़ने आये थे, पुलिस
वाले अपना आपा खो रहे थे।
मैं सारे के सारे धर्म- स्थल तोड़ दूँगा उसने
आक्रोश में मुट्ठी बांधते हुए कहा।
कहाँ रहते हो?आश्चर्य से पुलिस ने पूछा।
अनाथालय में! जहाँ कोई नहीं जानता मैं किस
धर्म और जात का हूँ। जिन लोगों से अपने पैदा
किये बच्चे पाले नहीं जाते वो धर्म पालने चले हैं।
क्रोध और नफरत से देखता हुआ वह पत्थर
उठा फिर से भीड़ में शामिल हो गया।

# दोहे

## भूख

रूखा-सूखा भूख में, लगता छप्पन भोग।
बिना भूख मिष्टान्न भी, सदा बढ़ाते रोग।

श्रम से बहता स्वेद जब,भूख लगे पुरजोर।
चना-चबेना भी करे, मन को भावविभोर।

भूख न लगती जो कहीं, क्यों करते हम काम।
पड़े नीम की छाँव में, रहते आठों याम।

भूखे को भोजन मिले, मिले तृषित को नीर।
राम-कृपा से ही मिले, हर राँझे को हीर।

भूख देख कर ही सदा, लें थाली में अन्न।
फिर जूठा छोड़ें नहीं, होंगे देव प्रसन्न।

भूखा भोजन ढूँढता, पथिक ढूँढता छाँव।
काव्य-रसिक ढूँढे, सदा, गीत-गजल का ठाँव।

भूखा आया द्वार पर, ले भोजन की आस।
भोजन-पानी दें उसे, करें नहीं परिहास।



वसंत जमशेदपुरी

# पिता

शुभ प्यार पिता, सत्कार पिता, सर्जक, संबल, सम्मान पिता,
सब सपनों का संसार पिता, सद्ज्ञान पिता, अभिमान पिता,
यह दुनिया है कितनी न्यारी, जब हाथ पिता का सर पर हो!
नित नव अतुलित अभियान पिता, पूरा करते अरमान पिता।

जैसे दिनकर खुद जलकर भी, सब घर को रौशन करता है,
वैसे ही श्रमरत अथक पिता, निज सुत का पोषण करता है,
नौ माह रक्त पर पाले माँ, तो सतत पिता भी संबल दे,
सिखलाये जीवन-सार यहाँ, डटकर लड़ना ही पड़ता है।

जीवन-पथ सबका सुखमय हो, सोचें- कोई भी रुष्ट न हो,
क्या जतन करें, गुनते रहते, बिन-साधन किंचित कष्ट न हो,
दिन-दिन दूर रहें वो घर से, त्याग-तपस्यारत हो जैसे,
करते परवाह न निज हित की, फिर कैसे सब संतुष्ट न हो!

ऊपर सख्त, नरम है दिल से, मोम-रूप पत्थर हो जैसे,
श्रेय कभी कब देते खुद को, अपयश भी सह लेते झट-से,
कभी डपटते 'आलस तज' कह, कभी कर्महित सीख सिखाते,
श्रम-सीकर जब निकले तन से, नियति-कृपा तब ध्रुव ही बरसे।
निर्माण पिता, अहसान पिता, मधुराग पिता, मृदु साज पिता,
जंगम-जीवन प्रतिरूप पिता, आवाज पिता, परवाज पिता,
जीत-प्रतीक पिता इस जग मे, मन-मंदिर मे पूजन कर लें,
लगते अवतारी परमपिता, पोषक-पालक विधि-राज पिता।



मनोज कुमार झा 'मनु'

# टिफिन



सविता सिंह मीरा

जब भी जाऊँ ऑफिस तो
ध्यान रहता है बस उधर,
कब बजे दोपहर के डेढ़
निकालूँ कब अपनी टिफिन।
भूख की नहीं है कोई तड़प
बस तीन डिब्बों में दिखता
मेरे अपनों का स्नेह दुलार
बहन माँ भार्या देती जब टिफिन,
हो जाता मन भाव विभोर।
चाहे ठिठुरन भरी हो ठंड
या फिर झुलसती गर्मी
पर जब तैयार करती वो टिफिन
तब मौसम नहीं होता हावी।
पुत्र, पुत्री,भाई, पति का प्रेम
सेहत ही होता प्रमुख।
कैसे बंध जाती यह डोर
एहसान भी नहीं जताती
बस वो अपना फर्ज निभाती।
जब आता हूँ लौट कर घर
खुशियाँ तैर जाती उनके चेहरे पर,
हाथों से लेती वह टिफन का डब्बा
खोल कर देखती झाँकती
कहीं कोई खाना तो नहीं छूटा।
जब पाती वो डब्बा खाली
चेहरे पर मुस्कान तैर जाती
महसूस करता हूँ उनकी भावनाएँ
मन ही मन प्रभु की लेता बलाएँ
कितना मोहक यह रिश्ता बनाए
खुशी से बाँछे मेरी खिल जाए
दूर करें ईश्वर अपशकुन सारे
इन्हें किसी की नजर ना लग जाए।

# टी-बैग

फ्लाइट में चाय जरूर पी लेना।... पतिदेव ने जब माया को फोन पर कहा तो वह मुस्कुराओ उठी। आज वह एक महीने अपने बेटे के पास रहने के पश्चात वापस अपने घर आ रही थी। माया को चाय पीनी पसंद भी थी और आदत भी ।खाना मिले चाहे नहीं मगर चाय नहीं मिलती तो वह बेचैन हो उठती थी। वैसे माया को पैसे की कोई कमी न थी। मगर मध्यम वर्गीय मानसिकता उसे 10 रुपये की चाय को 100 रुपये देकर पीने की इजाजत नहीं देती थी। वह अपने पति के साथ बाहर घूमने भी जाती तो जिस होटल में वह ठहरती, वहां के मेनू कार्ड में चाय की बड़ी कीमत देखकर वह बाहर जाकर रोड किनारे ढाबे में चाय पीना ज्यादा पसंद करती थी । भले ही वह होटल के ठंडी ठंडी ऐ.सी कमरे की नर्म नर्म बिस्तर पर बैठकर टीवी देखते हुए चाय पीने का मजा नहीं देता हो, पर चाय का वाजिब मूल्य अदा करने का संतोष जरूर प्रदान करता था। रात में जब वे लोग घूम कर वापस आते तो साथ में दूध खरीद कर ले आते और बैरा को उसे गर्म करके लाने को बोलते। फिर गर्म दूध में टी बैग डालकर होटल के ठंडे-ठंडे ऐ.सी कमरे में नर्म-नर्म बिस्तर पर बैठकर टीवी देखते हुए चाय का लुत्फ उठाते थे।

माया के पति उसकी रग- रग से वाकिफ थे। इसलिए उन्होंने उसे फ्लाइट की महंगी चाय लेने के लिए कहा। वह चाहते थे कि वह चाय का लुफ्त उठाते हुए अपने सफर का आनंद ले सके।

एक चाय प्लीज।...उसने एयर होस्टेस से मांगा।
ऱ्केवल मसाला चाय ही है मैम, दूँ।
कितने की है?
150 की है मैम।

माया की भीतर बैठी मध्यमवर्गीय मानसिकता ने झट से अपना फन उठा लिया ...केवल थोड़ी सी अदरक, इलायची, दालचीनी वगैरह डालने से चाय इतनी मँहगी?

नहीं, मुझे मसाला चाय पसंद नहीं। एक गिलास गर्म पानी प्लीजर... वह बोली।

एयर होस्टेस ने गर्म पानी उसकी तरफ बढ़ाया और माया का हाथ उसके हैंडबैग में रखें टी बैग की ओर बढ़ गया।



रंजना वर्मा उन्मुक्त

# जितिया पर्व



निर्मला कर्ण

बचपन में यह कहावत सुनती थी जितिया पर्व के समय। इससे संबंधित कहानी भी माँ सुनाती थी एक गरीब महिला जिसके सात -आठ बच्चे थे जितिया के सरगही के लिए परेशान थी। सरगही में सभी लोगों के लिए भर पेट पकवान नहीं ला सकती थी, लेकिन सरगही में पकवान खाना आवश्यक था। उसने कार्यक्रम बनाया खीर बनाने का वह भी बच्चों के सोने के बाद। पति-पत्नी का विचार था बच्चे सो जाएँगे तब यदि खीर बनेगा तो सरगही में पत्नी खीर खा लेगी और जो बचा हुआ रहेगा अगले दिन प्रसाद के रूप में थोड़ा-थोड़ा सभी बच्चों को दे दिया जाएगा। लेकिन यह बात उनके एक किसी छोटे बच्चे ने सुन लिया और अपने सभी भाई बहनों को बतला दिया। फिर क्या था किसी ने कलछुल तो किसी ने छोलनी, किसी ने चीनी का डब्बा किसी ने पतीला अपने पास छुपाया और सो गए। नींद तो उन्हें आनी नहीं थी परंतु बहना किये सो रहे थे। जब बच्चों को सोया जानकार माँ खीर बनाने चली तब पतीला खोज रही है, जिसने पतीला दबाया था वह उठकर आ गया पतीला लेकर। माँ ने सोचा चलो एक बच्चा भरपेट खा लेगा ।फिर कलछुल लेकर दूसरा, चीनी का डब्बा लेकर तीसरा और चावल का डब्बा लेकर चौथ इस तरह सारे बच्चे जग गए और माँ की इच्छा स्वप्न बनकर रह गई सरगही में भरपेट खीर खाने की। जितिया मुख्यतः संतान के लिए किया जाता है। जितिया आश्विन (क्वार) मास की कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि को किया जाने वाला व्रत है।इस पक्ष को पितृ पक्ष भी कहा जाता है। इस पूरे पखवाड़े में तिथि अनुसार अपने-अपने पूर्वजों का तर्पण लोग करते हैं।जितिया में भी पूर्वजों का तर्पण किया जाता है। जितिया मुख्यतः तीन दिवसीय पर्व



है। सप्तमी से प्रारंभ होकर नवमी को समाप्त होता है। सप्तमी को जितिया व्रती तेल और सरसों की खली के उबटन से स्नान करती हैं। और अपनी सभी महिला पितर को तेल और खाली अर्पण करती हैं चुल्हो-सियारो को भी। फिर पुनः एक बार स्नान कर झिंगी के पत्ते पर मडवा की रोटी, नोनी का साग, झिंगी की चना डाल कर बनाई हुई सब्जी दही चूड़ा आदि का भोग लगाया जाता है। के स्थान पर पुआ बनाकर भी भोग लगाया जाता है। यह सभी पकवान चुल्हो-सियारो को भी दिया जाता है।

सरगही के लिए विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए जाते हैं यह भगवान अपनी पितर को भी चढ़ाए जाते हैं और चुल्हो-सियारो को भी। मिथिलांचल में जितिया व्रत के दिन शाम को चुल्हो-सियारो,जीमूतवाहन देव की कथा सुनी जाती है और अगले दिन अर्थात पारण के दिन निर्धारित समय के अनुसार स्नान ध्यान कर खीरा, अंकुरित चना, पान,सुपारी, अरवा चावल का भोग अपने पितर के साथ चुल्हो-सियारो को अर्पित कर फिर तुलसी दल से पारण किया जाता है। कई जगह मंदिर में जितिया के लिए पूजा भी की जाती है और सोने की जितिया बनवा कर उसका पूजन कर व्रती अपने गले में पहनती हैं जितिया की संख्या उतनी होती है जितनी उनकी संतान होती है। झारखंड की जनजाति समाज में जितिया का व्रत अधिक कठिन है। नहाए खाए के दिन व्रती दिन भर उपवास रखकर विभिन्न प्रकार के पकवान बनाती हैं। संध्या के समय स्नान-ध्यान कर उस पकवान का का भोग जीमूतवाहन देव को लगाकर फिर स्वयं ग्रहण करती है भोजन । अगले

**जितिया पाबनि बड़ भारी**
**धिया पुता के ठोकि सुतेलनि**
**अपने खेलनि भरि थारी।**

दिन निराहार व्रत रहता है उनका दिन रात। इस तरफ दो दिन उनका व्रत हो जाता है छठ के समान ही। मिथिलांचल में अष्टमी तिथि जिस समय से शुरू हो जाती है उसी दिन से व्रत का प्रारंभ हो जाता है। आज के दिन पाँच बजे शाम से अष्टमी तिथि है लेकिन सूर्य रहते हुए ही प्रारंभ हो गया अष्टमी तिथि इसलिए आज प्रातः से ही व्रत प्रारंभ हो गया कल संध्या पाँच बज कर 5 मिनट पर अष्टमी तिथि समाप्त होगी उसके बाद पारण होगा। मिथिलांचल में सरगही को ओंठगन कहा जाता है। इसमें महिलाएं और लड़कियां भी देवता घर के दरवाजे से उठंगकर मुख में एक टुकड़ा सुपारी रखकर घूँट-घूँट पानी पीती है और अपने भाई का नाम लेती हुई कहती है-

***घैला के ओंठगन गेरूलिया,***
***हमर ओंठगन फलाना भैया।***

यह मंत्र व प्रत्येक भाई का नाम लेकर तीन बार पढ़ती हुई तीन घूंट पर तीन-तीन घूंट पानी पीती है। मान्यता है इससे भाई की आयु बढ़ती है, और भाई हमेशा बहन की रक्षा के लिए उसके प्रत्येक अवसर पर तैयार रहता है। मुझे याद आता है बचपन में जब जितिया पर्व में आता हमारे ऊपर तो रौनक छा जाती। माँ रात में पकवान बनाती हम सभी मिलकर सहयोग करते थे उसमें जितना संभव हो पाता। ब्रह्म मुहूर्त के भी पूर्व दो तीस से तीन बजे के बीच उठकर ही फ्रेश होने के बाद पितर को भोग लगाती उसके बाद हम सभी बैठते खाने के लिए। हमारे यहां चूड़ा-दही खाने का रिवाज है सरगही अर्थात ओंठगन में। माँ पहले हमें पकवान खिलाती फिर थोड़ा-थोड़ा चूड़ा-दही भी खिलाती। माँ तो स्वयं नाम के लिए खाती थी हम लोग ही खाते थे अधिक। जब माँ से पूछते -तुम इतना कम क्यों खा रही हो, क्या समाप्त हो गया है खाना? माँ कहती -तुम लोग खा लिए मेरा पेट भर गया। जब स्वयं व्रत करने लगी तब सरगही में भरपेट खाना छूट गया। एक बार सबके दबाव में थोड़ा खा ली तो अगले दिन तबीयत खराब हो गई थी।

## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**जो हम से लेकर गये, खुशियाँ कई उधार।**
**बेईमानी कर गये, सभी बकायेदार।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

# इलाज



गीता सिन्हा गीतांजलि

रंजन बहुत मुश्किल से अपनी पत्नी को राजी कर पाया था कि 'इलाज' के लिए अम्मा को अपने पास दिल्ली में रखूँ। अम्मा अपने में सिमटी हुई चुपचाप अपने काम से मतलब रखने वाली तो थी नहीं। वह सभी से बातें करने वाली, गाँव में सब का हाल जानने वाली, सब का पता रखने वाली थी। फिर शहर के तीन रूम वाले फ्लैट में चुप- चुप कैसे रहती?

आते ही शुरू हो गई बहू, मुझे ना भोर की चाय थोड़ी कड़क चाहिए। बहू लल्ला की टिफिन में दो-तीन सब्जियाँ तो अवश्य देना। उसे आलू की भुजिया बहुत पसंद होता था। न जाने, अब क्या पसंद करता है? पराठे तो इसके बिल्कुल लाल सीकंने चाहिए। अपने कमरे में तैयार होता रंजन भुनभुनाया - क्या जरूरत है अम्मा को इतनी नसीहत देने की? वह बोला - - अम्मा बारह बजे तैयार रहना। डॉक्टर से समय ले रखा है।

वह बोली - - बेटा, चिंता लगी है ,न जाने तेरे बाबूजी क्या नाश्ता किए होंगे? वो किशन की बहू रोटियाँ सेंकी होगी कि नहीं? किशन दूध लाया होगा, चाय बनाई होगी कि नहीं?

वह बोला - - अम्मा, चिंता मत कर मैं फोन करता हूँ। दूसरे रूम में बहू सुधा भुनभुनाई - - बाबूजी की इतनी चिंता तो थी तो आई ही



क्यों? आते ही नीलू को चिपकाकर लगी प्यार करने। इन अनपढ़ लोगों को इतना भी पता नहीं कि ट्रेन यात्रा से आई है तो नहा धोकर बच्चे को छुए। करीब-करीब महीना भर अम्मा रही। डॉक्टर ने जो दवाइयाँ दे रखी वो भी अब खत्म होने को आई। एक्सरसाइज के लिए बताया है। अब रंजन कैसे कहे कि - - अम्मा, सुधा तुम्हारे साथ अनकंफर्ट फील कर रही है।

तभी गाँव से बाबू जी का फोन आया - - यहाँ किशन की बहू दो दिन से आ नहीं रही है। उसका बच्चा बीमार है। क्या तुम्हारा इलाज हुआ नहीं? सुधा दूसरे कमरे में मुस्कुराई। जब अम्मा अपना सामान समेट रही थी उसने औपचारिकतावश कहा - - अम्मा जब भी 'इलाज' की जरूरत हो चले आइएगा।

*संयोजक :- नरेश अग्रवाल*

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# उत्तर बिहार के 13 जिलों में गहराया बाढ़ का खतरा

एजेंसी। पटना




उत्तर बिहार के लगभग सभी जिलों और नेपाल के तराई क्षेत्र में बीते दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से राज्य के 13 जिलों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। शनिवार दोपहर 12 बजे तक कोसी बराज पर 05 लाख 07 हजार 690 क्यूसेक पानी दर्ज किया गया है। पानी के दबाव को देखते हुए बराज के सभी 56 फाटक खोल दिए गए हैं। नदी में इतना पानी 56 साल बाद आया है। यह 1968 में नदी के सबसे अधिक फ्लो से सिर्फ 01 लाख क्यूसेक कम है। दूसरी ओर नेपाल से सटे पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर गंडक बराज से 03 लाख 39 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज हो रहा है जो 05 लाख 93 पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। यहां 21 साल पहले इतना पानी आया था। यह 2003 के फ्लो लेवल से थोड़ा ही कम है। दोनों नदियों में पानी शुक्रवार को ही बढ़ गया। गंडक बराज से आज सुबह 11 बजे तक 04 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका है। बिहार के शिवहर में बागमती नदी में भी उफान जारी है। यह खतरे के निशान से 108 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गयी है। इसके जलस्तर में वृद्धि जारी है। अररिया जिले में अति वृष्टि के कारण परमान, बकरा, रतुआ, नूना, कनकई, कृष्णा, सुरसर आदि नदियां उफान पर हैं। फलस्वरूप अगल-बगल के इलाकों में नदी का पानी फैल गया है, जिसके कारण जिले के दर्जनों गांव में बाढ़ से हालात पैदा हो गए हैं। निचले इलाकों में पानी फैलने के कारण लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं।

## कुलगाम मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर, मुठभेड़ जारी

एजेंसी। कुलगाम

जिले के आदिगाम देवसर गांव में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच चल रही मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। इस दौरान तीन सुरक्षाकर्मी और एक पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। मारे गए आतंकवादियों की अभी शिनाख्त नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार सुरक्षाबलों को शुक्रवार देर रात आदिगाम इलाके में आतंकवादियों की गतिविधियों की सूचना मिली थी। इसके बाद सुरक्षाबल के जवानों ने मौके पर पहुंचकर आतंकवादियों को घेर लिया। इस पर आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके जवाब में सुरक्षाबलों ने भी जवाबी फायरिंग की इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। इस दौरान तीन सुरक्षा कर्मियों और एक पुलिसकर्मी को मामूली चोटें आई, जिसके बाद उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया है।

# ईश्वर के नाम पर बयानबाजी कर रहे हैं राहुल गांधी : भाजपा

एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान राम मंदिर का जिक्र कर भाजपा पर करारा हमला बोला। इस पर बीजेपी के कई बड़े नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया जताई। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा, यह बहुत दुख का विषय है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कभी ईश्वर के नाम की शपथ नहीं ली, लेकिन अब वो ईश्वर के नाम पर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। राहुल गांधी कह रहे हैं कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कोई श्रमिक नजर नहीं आया। जबकि सच्चाई यह है कि श्रमिकों पर तो पुष्प वर्षा की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद श्रमिकों का सम्मान किया। मैं चुनौती के साथ कहता हूं कि कांग्रेस के शासनकाल में कभी-भी किसी श्रमिक का सम्मान नहीं हुआ होगा। बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करने पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अयोध्या में भाजपा को वहां की जनता ने नकार दिया। भाजपा राम मंदिर के नाम पर वोट लेना चाहती थी, लेकिन प्राण प्रतिष्ठा में एक भी मजदूर, बढ़ई, किसान नहीं दिखा। बस बीजेपी ने अदाणी, अंबानी, अमिताभ बच्चन को बुला लिया। प्राण प्रतिष्ठा में नाच गाना चला, प्रेस वाले हाय-हाय कर रहे थे। ये बीजेपी की रियलिटी है।

## राहुल के लिए ताज प्रतीक जिसके श्रमिकों के हाथ काट लिए गए थे

उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, आप तो उस ताज महल को प्रतीक बनाते है, जिसे बनाने वाले सभी श्रमिकों के हाथ कटवा दिए गए थे। उसे भारत की महानता का प्रतीक बताते हैं और वह राम मंदिर जहां हजारों श्रमिकों पर पुष्प वर्षा हुई, वह अब उन्हें समस्या नजर आती है। बीजेपी नेता ने कहा, राहुल गांधी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नाच गाने की बात कर रहे हैं, लेकिन मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि उन्होंने पहली बार भगवान राम का अपमान नहीं किया है, बल्कि ऐसा वे तीन बार कर चुके हैं। पहला अपमान यह था कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किए जाने के बावजूद नहीं गए। दूसरा अपमान यह है कि खुद तो गए नहीं और लिखित रूप में कहा कि समारोह में कांग्रेस पार्टी की तरफ से कोई भी नहीं जाएगा और अब राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए नाच-गाने सरीखे अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। बीजेपी इसकी कड़े शब्दों में निंदा करती है।

## राहुल सहित उनकी तीन पीढ़ियों ने बाबर के कब्र पर सजदा किया

राहुल की तीन पीढ़ियां बाबर के कब्र पर जाकर सजदा कर चुकी हैं। 1959 में जवाहर लाल नेहरू अफगानिस्तान दौरे के दौरान बाबर की कब्र पर गए। 1968 में इंदिरा गांधी भी बाबर के कब्र पर जाकर सजदा कर चुकी हैं। 2005 में राहुल गांधी मनमोहन सिंह के साथ बाबर की कब्र पर गए थे।

# भारत के हिंदुओं पर किसी कीमत पर अत्याचार नहीं होने देंगे: धीरेंद्र शास्त्री

एजेंसी। पटना



बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा है कि कब तक हम दूसरों के भरोसे रहेंगे और दूसरों की दृष्टि से देखेंगे। भारत के हिंदुओं पर किसी भी कीमत पर अत्याचार नहीं होने देंगे। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री तीन दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि 21 नवंबर से 29 नवंबर तक सम्पूर्ण भारत को एकजुट करने, ऊंच-नीच, छुआछूत मिटाने के लिए, सनातनी को एकजुट करने के लिए प्रण लिया है। घर-घर बागेश्वर बाबा बनाएंगे। 160 किलोमीटर पदयात्रा करेंगे। वह शुकवार रात बिहार के गया पहुंचे। पितृपक्ष मेला के दौरान वह अगले तीन दिनों तक प्रवास करेंगे। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि भारत में सबसे ज्यादा जहर है जात-पात, ऊंच-नीच और छुआछूत का है। भारत में शांति और क्रांति की आवश्यकता है। हम पद यात्रा करके सनातनी लोगों को एकजुट करके धर्म विरोधियों के मुंह पर तमाचा मारेंगे। उन्होंने कहा कि हमें कोई नेता न बाबा बनना है। हमें भारत के हिंदू बहन बेटियों पर कोई अत्याचार ना करे ऐसा काम करना है। उन्होंने कहा कि जो हिंदुओं का हाल बांग्लादेश में हुआ वह भारत में नहीं हो। धीरेंद्र शास्त्री तीन दिनों के गया प्रवास के दौरान विशेष भक्तों को पिंडदान कराएंगे तथा भागवत कथा करेंगे। गया जिला प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर कड़े इंतेजाम किए हैं। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शुक्रवार से लेकर 30 अक्टूबर तक बोधगया के प्रवास पर रहेंगे।

## बौद्ध सर्किट के लिए 19 अक्टूबर से चलेगी विशेष पर्यटक ट्रेन

**कुशीनगर।** भारतीय बौद्ध सर्किट के पर्यटन सीजन के दौरान भारतीय रेलवे खानपान व पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) विशेष पर्यटक ट्रेन चलाएगा। यह ट्रेन दिल्ली से चलकर बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर व लुंबनी सहित कई प्रमुख स्थलों की परिक्रमा करेगी। लक्जरी सुविधाओं से युक्त यह ट्रेन 19 अक्टूबर से लेकर अगले वर्ष 22 मार्च तक सात फेरे लगाएगी। देसी व विदेशी पर्यटकों के लिए आईआरसीटीसी ने भारतीय बौद्ध सर्किट के लिए बुकिंग खोल दी है। बौद्ध सर्किट का पर्यटन सीजन के दौरान यह ट्रेन अक्टूबर 2024 से शुरू होकर 31 मार्च 25 को सात चक्कर लगाएगी।

## फिलीपींस में रेबीज के मामलों में वृद्धि जारी

**मनीला।** फिलीपींस में इस साल रेबीज के मामले बढ़ रहे हैं। फिलीपींस के स्वास्थ्य विभाग (डीओएच) के आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी से 14 सितंबर तक फिलीपींस में रेबीज के 354 मामले और मौतें दर्ज की गईं। यह पिछले साल इसी अवधि में दर्ज किए गए 287 मामलों से 23 प्रतिशत अधिक हैं। एजेंसी ने शुक्रवार को कहा, "रेबीज के सभी मामले घातक हैं।

## दिल्ली में चार बेटियों के साथ पिता ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रंगपुरी गांव में एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी चार बेटियों के साथ खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने चारों के शव नजदीकी अस्पताल भिजवाए। मरने वालों की पहचान हीरालाल, 18 वर्षीय नीतू, 15 वर्षीय निशि, 10 वर्षीय नीरू और 8 वर्षीय निधि के रूप में हुई है। पुलिस ने शुक्रवार को फ्लैट का ताला तोड़कर शवों को बाहर निकाला। चारों बेटियां



दिव्यांग होने के कारण चलने-फिरने में असमर्थ थीं और पत्नी की मौत के बाद हीरालाल अपनी बेटियों की हालत देखकर पूरी तरह से टूट चुका था। उसने बच्चियों को जहरीला पदार्थ खिलाकर खुद भी जान दे दी। हीरालाल परिवार के साथ रंगपुरी गांव में किराये के मकान में रहता था। वह मूल रूप से बिहार के छपरा जिले के मसरख गांव का रहने वाला था। हीरालाल वसंत कुंज स्थित एक अस्पताल में कारपेंटर के तौर पर काम करता था। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार सुबह हीरालाल के फ्लैट से बदबू आनी शुरू हुई। इस पर सड़क की दूसरी तरफ स्थित मकान में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को फोन कर यह जानकारी दी।

## गाजियाबाद: चोरी के शक में पिता की मार से बेटे की मौत

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी। त्योड़ी गांव में रहने वाले नौशाद ने अपने नाबालिग बेटे की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पिता फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है। आरोपी पिता का नाम नौशाद बताया जा रहा है। मृतक बच्चे की मां पहले ही उसे छोड़कर जा चुकी थी। इसके बाद बच्चे के पिता ने दूसरी शादी कर ली। मृतक बच्चे की दादी ने बताया कि पिता बार-बार उस पर चोरी का आरोप लगाकर पिटाई करता था, इससे वह घर से भाग जाता था। इस बार भी चोरी का आरोप लगाया, लेकिन बच्चे ने अपनी दादी से कहा कि उसने चोरी नहीं की। लेकिन पिता ने एक नहीं सुनी और उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

## पीएम ने लता मंगेशकर को उनकी जयंती पर याद किया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महान गायिका लता मंगेशकर को उनकी जयंती पर याद किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया: "लता दीदी को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं। अपने भावपूर्ण गीतों के कारण वे हमेशा लोगों के दिलोदिमाग में जीवित रहेंगी। लता दीदी और मेरे बीच एक विशेष रिश्ता था। मुझे उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने दिवंगत गायिका के साथ अपने संबंधों को याद करते हुए एक लेख भी साझा किया।

# भगत सिंह की जयंती पर पीएम, अमित शाह और जेपी नड्डा ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी। नई दिल्ली



शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया। लिखा, मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले अमर शहीद भगत सिंह को उनकी जन्म-जयंती पर शत-शत नमन। भगत सिंह और उनके क्रांतिकारी साथियों ने साहस का परिचय देते हुए साहसिक कार्य किए, जिनका देश की आजादी में बहुत बड़ा योगदान है। वह जब तक जिए एक मिशन के तहत जिए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, मां भारती के वीर सपूत, महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद भगत सिंह के त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की ज्वाला को प्रचंड कर दिया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट में लिखा, क्रांतिवीर भगत सिंह ने न केवल ब्रिटिश हुकूमत को बुलंद आवाज से ललकारा, बल्कि देश की स्वतंत्रता व सुनहरे पल के लिए अपने प्राणों की आहुति भी दी। एक ओर उन्होंने अपने ओजस्वी विचारों से युवाओं को मां भारती की स्वाधीनता के लिए प्रेरित किया, तो दूसरी ओर टुकड़ों में बंटे स्वतंत्रता संग्राम को संगठित किया।

## निर्माणाधीन साइटों पर गाइडलाइन पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की 'आप' सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को आईएएनएस से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा शुरू किए गए 'विंटर एक्शन प्लान' के बारे में बताया। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सर्दियों में दिल्ली के अंदर बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली सरकार ने 21 सूत्रीय विंटर एक्शन प्लान को घोषित किया है। इसके तीन फोकस बिंदु हैं। पहला दिल्ली में धूल के प्रदूषण को नियंत्रित करना, दूसरा गाड़ियों के प्रदूषण को रोकना और तीसरा बायोमास बर्निंग के प्रदूषण को रोकना है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## हरियाणा में अबकी बार 'हाथ' बदलेगा हालात : टीएस सिंहदेव

**छत्तीसगढ़।** हरियाणा में होने वाले चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी की तैयारियां जोरों पर हैं। कांग्रेस की तैयारियों पर छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने आईएएनएस से विशेष बातचीत की। उन्होंने कहा, "हरियाणा चुनाव को लेकर हमने अपना मेनिफेस्टो जारी किया है, इसमें कहा गया है कि 'हाथ बदलेगा हालात'। इस बार हालात बदलेंगे। हमने यह दावा भी किया है कि महिलाओं के खातों में हर महीने 2000 रुपये डाले जाएंगे।

# हिमाचल कांग्रेस में मचे घमासान पर भाजपा का तंज- इस बार राहुल बनाम प्रियंका

एजेंसी। नई दिल्ली

> पूनावाला ने एक वीडियो के माध्यम से कांग्रेस पर निशाना साधा।

उत्तर प्रदेश मॉडल की तारीफ करने को लेकर हिमाचल कांग्रेस में घमासान मचा गया है। इस पर भारतीय जनता पार्टी ने चुटकी लेते हुए कहा कि हिमाचल कांग्रेस बंटती नजर आ रही है। इस बार साफ तौर पर राहुल बनाम प्रियंका है। शनिवार को भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने एक वीडियो के माध्यम से कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी बंटती नजर आ रही है और इस बार मामला सिर्फ सुक्खू बनाम विक्रमादित्य या सुक्खू बनाम प्रतिभा सिंह नहीं है बल्कि इस बार साफ तौर पर राहुल बनाम प्रियंका है। उन्होंने कहा कि जैसे ही विक्रमादित्य सिंह ने 'उत्तर प्रदेश का मॉडल' की तारीफ की और उसे हिमाचल प्रदेश में लागू करने की बात कही तो कांग्रेस फंस गई। राहुल गांधी खेमे से एक के बाद एक विक्रमादित्य सिंह के खिलाफ बयान जारी होने लगे। फटकार के बाद भी विक्रमादित्य सिंह के तेवर नहीं बदले हैं और उनके मंत्री धनीराम शांडिल ने भी विक्रमादित्य सिंह का समर्थन किया है। यानी राहुल गांधी खेमे से लगातार मिल रही फटकार के बाद भी प्रियंका खेमा सीधे तौर पर कह रहा है कि हम अपनी बात पर अड़े रहेंगे।

## टाटा कंपनी की मोबाइल फोन एसेसरीज पेंटिंग यूनिट में लगी आग

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में होसुर स्थित टाटा कंपनी की मोबाइल फोन एसेसरीज पेंटिंग यूनिट में शनिवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे आग लग गई। हादसे के समय प्लांट में कई कर्मचारी ड्यूटी पर थे। हालांकि हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रवक्ता के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि तमिलनाडु के होसुर स्थित टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के प्लांट में आग लगने की घटना दौरान कर्मचारियों ने इमरजेंसी प्रोटोकॉल का पालन किया और सभी सुरक्षित हैं। टाटा का यह प्लांट आईफोन से जुड़ी एसेसरीज का निर्माण करता है। यहां 4500 के करीब कर्मचारी काम करते हैं। 500 एकड़ में फैले इस प्लांट में 24 घंटे शिफ्टों में काम चलता है। घटना के समय प्लांट में 1500 कर्मचारी काम कर रहे थे।

# अगर हम बंटे नहीं होते तो न राम मंदिर टूटता, न ही श्रीकृष्ण मंदिर : योगी

> आज देश में जितनी भी समस्याएं हैं, यह कांग्रेस सरकारों की देन है

एजेंसी। फरीदाबाद



> डबल इंजन सरकार ने हरियाणा में विकास व सुशासन का मॉडल दिया

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करने के लिए शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फरीदाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने राम मंदिर और कृष्ण जन्मभूमि पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया। योगी ने कहा, अगर हम बंटे नहीं होते, तो न श्री राम मंदिर टूटता, न श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर 'गुलामी' का ढांचा तैयार होता और न ही देश को गुलाम होना पड़ता। इसलिए एक मजबूत सरकार का होना जरूरी है। उन्होंने कहा, हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने के बाद जो लोग राम मंदिर व कृष्ण जन्मभूमि का विरोध करते थे, यही लोग सड़कों पर हरे कृष्णा, हरे कृष्णा, हरे रामा, हरे रामा करते नजर आएंगे। योगी ने कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर विवाद का समाधान नहीं होने दिया। कांग्रेस जिस विवाद का समाधान 65 वर्षों में नहीं कर पाई। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साल 2019 में हमेशा के लिए खत्म हो गया। योगी ने कहा कि आज देश में जितनी भी समस्याएं हैं, यह कांग्रेस की देन है। देश के बंटवारे की त्रासदी कांग्रेस ने दी। योगी ने कहा, पिछले 10 वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने हरियाणा में विकास एवं सुशासन का मॉडल दिया है। भारतीय जनता पार्टी है, तो आस्था का सम्मान है, सुरक्षा, रोजगार व गरीब-कल्याण की गारंटी है। योगी ने कहा, हरियाणा से सटा हुआ उत्तर प्रदेश है। यहां सात साल पहले क्या हाल था। आए दिन दंगा होता था। महीने भर तक कर्फ्यू लगा रहता था। किसानों की फसल तैयार होती थी, लेकिन, उसे कोई और काट कर ले जाता था। लेकिन, पिछले सात साल में आपने देखा होगा कि वहां पर एक भी दंगा नहीं हुआ है। डबल इंजन की सरकार मजबूती के साथ चल रही है। कांग्रेस ने हरियाणा में माफिया राज दिया है। माफिया राज से मुक्ति चाहिए, तो भाजपा एकमात्र विकल्प है।

## बिहार : कोसी ने फिर दिखाया रौद्र रूप, बैराज पर पानी चढ़ा

**सुपौल (बिहार)।** बिहार का शोक कही जाने वाली कोसी नदी एक फिर से अपने रौद्र रूप में है। नेपाल में लगातार हो रही बारिश के बाद बीरपुर बैराज के सभी गेट खोल दिये गए हैं। इस बीच कोसी का पानी बैराज के ऊपरी हिस्से तक पहुंचने की खबर है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, शनिवार को कोसी नदी का प्रवाह पांच लाख क्यूसेक से ऊपर रहा है। शनिवार की शाम बीरपुर बैराज पर कोसी में जल प्रवाह 5.60 लाख क्यूसेक से ऊपर पहुंच गया है। इस बीच जल संसाधन विभाग ने सभी एहतियाती कदम उठाए हैं। बताया जा रहा है कि कोसी का पानी बैराज के ऊपरी हिस्से तक पहुंच गया है। सुपौल के जिलाधिकारी कौशल कुमार ने बताया कि प्रशासन बैराज पर पूरी तरह निगाह बनाये हुए है। उन्होंने बराज को किसी प्रकार के नुकसान से इनकार करते हुए कहा कि नेपाल सरकार के सहयोग से एहतियातन आवागमन को रोका जा रहा है।

## डिजिटल क्रांति ने पूर्वोत्तर में आमजन के जीवन को सरल बनाया : बिरला



एजेंसी। आईजोल

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 21वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) जोन-3 सम्मेलन का शुक्रवार को उद्घाटन किया था। तीन दिवसीय अपने प्रवास में ओम बिरला शनिवार को आईजोल के बड़ा बाजार पहुंचे, यहां उन्होंने स्थानीय दुकानदारों और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से स्वरोजगार करने वाली महिलाओं से बातचीत की। इस दौरान स्पीकर बिरला ने बैम्बू से बनी हैट, आर्गेनिक फल और कुछ कलाकृति खरीदी। स्पीकर बिरला ने क्यूआर कोड को स्कैन कर यूपीआई के जरिए भुगतान किया। बिरला ने कहा देश मे डिजिटल क्रांति ने सुदूर पूर्वोत्तर क्षेत्र में भी आमजन के जीवन को सरल बनाया है। स्थानीय दुकानदारों ने उन्हें बताया कि उनके व्यवसाय का 80 प्रतिशत से अधिक भुगतान डिजिटल माध्यम से ही आता है। डिजिटल भुगतान माध्यमों के आने से व्यापार में भी इजाफा हुआ है। फालकुन गांव में कुछ सफाई कार्यकतार्ओं ने स्पीकर बिरला के पूछने पर बताया कि वे गांधी जयंती पर आयोजित स्वच्छता पखवाड़े के तहत अभियान चला रहे हैं । बिरला ने जब सफाई करते देखा तो वह भी स्वच्छता हेतु श्रमदान दिया।

## 'हिंदुस्तानी जलपरी'



# 18 साल की लड़की, जिसने 16 घंटे तैरकर पार किया था इंग्लिश चैनल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

12 साल की उम्र में ओलंपिक में हिस्सा लिया, इंग्लिश चैनल पार कर भारत का परचम बुलंद किया था और न जाने ऐसे कितने बड़े कारनामे किए जिसने उन्हें दुनिया में एक बड़ी पहचान दिलाई। इस दिग्गज भारतीय महिला तैराक का नाम था आरती साहा, जिसे 'हिंदुस्तानी जलपरी' के नाम से भी शोहरत मिली।

तैराकों के लिए आरती किसी प्रेरणा से कम नहीं। उनका जन्म 24 सितंबर 1940 को एक सामान्य मध्यम परिवार में हुआ था। इंग्लिश चैनल पार कर देश का नाम करने से लेकर 'पद्मश्री' से सम्मानित होने तक उन्होंने साहस और समर्पण की नई मिसाल पेश की।

नए-नए कीर्तिमान तो दुनिया में हर दिन रचे जाते हैं पर आरती साहा का 29 सिंतबर से बेहद खास कनेक्शन है। आरती साहा ने 29 सितंबर, 1959 को 16 घंटे और 20 मिनट में इंग्लिश चैनल को पार किया था। वे भारत तथा एशिया की ऐसी पहली महिला तैराक थीं, जिसने इंग्लिश चैनल तैरकर पार किया था। आरती के जीवन का शुरूआती दौर काफी मुश्किल रहा। उन्होंने काफी छोटी उम्र में अपनी मां को खो दिया था।

आरती को उनकी दादी ने पाला। वह अपने पिता से काफी प्यार करती थीं और उनके बेहद करीब थीं। उनके पिता भी तैराक थे। जब उन्होंने पहली बारी आरती को तैरते देखा, तो समझ गए कि उनकी बेटी में एक अच्छी तैराक बनने के सारे गुण हैं। फिर क्या था, पास के एक स्विमिंग स्कूल में उन्होंने आरती का नाम लिखवा दिया और यहीं से आरती के 'हिंदुस्तानी जलपरी' बनने का सफर शुरू हुआ। उनकी तैराकी प्रतिभा को कोच सचिन नाग ने तराशा। बताया जाता है कि आरती की सफलता के पीछे सचिन नाग की बड़ी भूमिका रही है।

आरती ने वर्ष 1951 में 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में नेशनल रिकॉर्ड बनाया। फिर स्टेट और नेशनल लेवल पर भी लगातार जीतती रहीं।

## फीफा ने अर्जेंटीना के मार्टिनेज को दो मैचों के लिए निलंबित किया



**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो डिबू मार्टिनेज को निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों का उल्लंघन करने पर फीफा की अनुशासन समिति ने दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया है। मार्टिनेज अगले महीने वेनेजुएला और बोलीविया के खिलाफ अर्जेंटीना के विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे। मार्टिनेज ने इस महीने की शुरूआत में चिली और कोलंबिया के खिलाफ कोपा अमेरिका मैचों के दौरान फीफा की आचार संहिता का उल्लंघन किया था। चिली के खिलाफ जीत के बाद, गोलकीपर को कोपा अमेरिका ट्रॉफी की प्रतिकृति को अपने ग्रोइन क्षेत्र में पकड़े हुए देखा गया, जो 2022 फीफा विश्व कप जीत के बाद उनके द्वारा किए गए जश्न की याद दिलाता है। एस्टन विला स्टार को 10 सितंबर को कोलंबिया से अर्जेंटीना की 2-1 की हार के बाद अपने कार्यों के लिए भी परिणाम भुगतने पड़े, जब उन्होंने अंतिम सीटी के बाद एक कैमरा ऑपरेटर के उपकरण को धक्का दिया था। अर्जेंटीना फुटबॉल महासंघ (एएफए) ने कहा कि फीफा द्वारा प्रतिबंधों की पुष्टि करने से पहले खिलाड़ी और संघ द्वारा बचाव प्रस्तुत किया गया था। एएफए ने एक बयान में कहा, डेमियन एमिलियानो मार्टिनेज को उनके आक्रामक व्यवहार और निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। इसमें कहा गया, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि अर्जेंटीना फुटबॉल संघ फीफा अनुशासन समिति द्वारा लिए गए निर्णय से पूरी तरह असहमत है।

## ऑस्ट्रेलिया की शर्मनाक हार महज 126 पर सिमटी, इंग्लैंड से सीरीज 2-2 की बराबरी पर




**एजेंसी। नई दिल्ली**

लॉर्ड्स के मैदान पर टॉस जीतना इन दिनों फायदा का सौदा होता जा रहा है। रिकॉर्डबुक खंगाले तो यहां खेले गए पिछले 9 वनडे मुकाबलों में जो भी टीम पहले बल्लेबाजी करती है वह जीतने में सफल रहती है। शुक्रवार शाम इंग्लैंड टीम को भी इसी तरह ऑस्ट्रेलिया पर बड़ी जीत हासिल हुई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच वनडे मैचों की सीरीज के चौथे मैच में इंग्लैंड को 186 रनों की जीत मिली है। इंग्लैंड ने बारिश बाधित मैच में पहले खेलते हुए हैरी ब्रूक के 87 और लिविंगस्टोन के 62 रनों की बदौलत 312 रन बनाए थे जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 126 रन पर ही ऑलआऊट हो गई।

**इंग्लैंड :** 312-5 (39 ओवर)

इंग्लैंड ने ओपनर फिलिप सॉल्ट (22) का विकेट 10वें ओवर में गंवाया। जबकि विल जैक 10 ही रन बना पाए। लेकिन इसके बाद बेन डंकेट और कप्तान हैरी ब्रूक ने स्कोर 150 पार लगाया। डंकेट ने 62 गेंदों पर 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 63 रन बनाए। जबकि ब्रूक 58 गेंदों पर 11 चौके और एक छक्के की मदद से 87 रन बनाने में सफल रहे। जेमी स्मिथ ने 28 गेंदों पर 39 रन बनाए। इसके बाद मध्यक्रम में लियाम लिविंगस्टोन और बीथल स्कोर को 5 विकेट के नुकसान पर 312 तक ले गए। लियाम ने 27 गेंदों पर तीन चौके और 7 छक्कों की मदद से 62 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए जंपा ने 66 रन देकर 2 विकेट लीं।

**ऑस्ट्रेलिया :** 126-10 (24.4 ओवर)

ऑस्ट्रेलिया ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरूआत की थी। कप्तान मिशेल मार्श और ट्रेविस हेड ने पहले विकेट के लिए 68 रन जोड़े थे। ट्रेविस 23 गेंदों पर 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 34 रन बनाने में सफल रहे। लेकिन इसके बाद स्टीव स्मिथ महज 5 तो जोश इंग्लिस 8, मार्नेस लबुछेन 4 रन बनाकर आऊट हो गए। कप्तान मार्श ने 34 गेंदों पर 28 रन का ही योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया का मध्यक्रम बुरी तरह चरमरा गया।

भारत बनाम बांग्लादेश टेस्ट

# बारिश की भेंट चढ़ा दूसरे दिन का खेल

**स्थानीय समयानुसार दोपहर 02:00 बजे ही खेल को रद्द कर दिया गया**



**बांग्लादेश 107/3 (मोमिनुल हक नाबाद 40, नजमुल हुसैन शांतो 31; आकाश दीप 2-34)**

**एजेंसी। कानपुर**

भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट में वर्षा का कहर जारी है और शनिवार को दूसरे दिन का खेल पूरी तरह बारिश की भेंट चढ़ गया। बांग्लादेश ने पहले दिन 3 विकेट खोकर 107 रन बनाये थे लेकिन वह उसके बाद अपनी पारी आगे शुरू नहीं कर पाया है।

तीनों अंपायर क्यूरेटर से बात करने आए थे और फिर दिन के खेल को रद्द घोषित कर दिया गया। तीसरे दिन भी बारिश का पूवार्नुमान है, हालांकि दिन के दूसरे हिस्से में मौसम के साफ रहने की उम्मीद है। लगातार बारिश और नमी वाले आउटफील्ड के कारण कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन कोई भी क्रिकेट गतिविधि संभव नहीं थी। खराब मौसम और आउटफील्ड की स्थिति इतनी खराब थी कि स्थानीय समयानुसार दोपहर 14:00 बजे ही खेल को रद्द कर दिया गया। 2015 में बेंगलुरु में हुए टेस्ट के बाद से भारत में एक दिन का खेल पहली बार बारिश की भेंट चढ़ गया।

पहले तीन दिनों के लिए खेल से पहले के पूवार्नुमान को देखते हुए कानपुर में आज की घटनाएं आश्चर्यजनक नहीं थीं। मौसम ने पहले दिन केवल 35 ओवर की अनुमति दी, जिसमें बांग्लादेश ने अप्रत्याशित पिच पर मुश्किल परिस्थितियों में संघर्ष किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बादल छाए रहने और सतह में संभावित नमी के कारण गेंदबाजी करने का विकल्प चुना था, जो शुरूआती मूवमेंट से सही साबित हुआ। हालांकि, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं थे, और मेजबान टीम को राहत देने के लिए आकाश दीप के दोहरे स्ट्राइक की जरूरत पड़ी। बांग्लादेश के लिए मोमिनुल हक और नजमुल शांतो ने मजबूत पारी खेली, लेकिन शांतो को रविचंद्रन अश्विन ने आउट कर दिया। अगर पहले दिन खेले गए 35 ओवरों को कोई संकेत माना जाए, तो दूसरे दिन एक रोमांचक मुकाबला होने की संभावना थी। दुर्भाग्य से, खराब मौसम ने पहले दिन ओवरों को लूटना शुरू कर दिया, और दूसरे दिन का पूरा खेल ही बरबाद कर दिया। शांतो ने 57 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 31 रन बनाए। बारिश के कारण जब पहले दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया।

## शमी की तरह गेंद को सीधा रखना पसंद करते हैं आकाश दीप : जहीर खान

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने युवा गेंदबाज आकाशदीप की तारीफ की है। उनका कहना है कि आकाश के लिए मोहम्मद शमी आदर्श व्यक्ति हो सकते हैं। जहीर ने कहा कि शमी और आकाश दोनों अपनी गेंदबाजी के प्रति एक समान दृष्टिकोण रखते हैं और बुनियादी बुनियादी बातों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। आकाश को अगर आगे बढ़ता है तो उन्हें अपने वरिष्ठ साथी शमी का अनुसरण करना चाहिए। जहीर ने कहा कि वह (आकाश दीप) भी चीजों को सीधा रखना और स्टंप्स पर हमला करना चाहता है। मोहम्मद शमी का भी यही दृष्टिकोण है। शमी आकाश दीप के लिए एक अच्छा रोल मॉडल हो सकता है। शमी की तरह आकाश दीप भी सीम का अच्छा इस्तेमाल करना पसंद करते हैं।

## केकेआर से जुड़े ड्वेन ब्रावो




**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर बन गए हैं। इस दौरान उन्होंने गेंदबाजी कोच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान प्यार और समर्थन के लिए चेन्नई सुपर किंग्स (उरड) प्रबंधन को धन्यवाद दिया। ब्रावो अब केकेआर में गौतम गंभीर की जगह ले रहे हैं। 41 साल के ब्रावो कैरेबियन प्रीमियर लीग में कमर में चोट लगने के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं। ब्रावो ने 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग से भी संन्यास ले लिया था।

## रोहन बोपन्ना-इवान डोडिग पहले दौर से बाहर



**बीजिंग।** अनुभवी भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार इवान डोडिग शनिवार को यहां पुरुष युगल मैच में फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और निकोलस जैरी से 5-7, 6-7 से हारकर चाइना ओपन से बाहर हो गए। सेरुंडोलो (अर्जेंटीना) और जैरी (चिली) की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 31 मिनट तक चले राउंड 16 के मैच में दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना-डोडिग को हराया। ध्यान देने वाली बात यह है कि बोपन्ना अपने नियमित जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन के साथ नहीं खेल रहे थे, जिनके साथ उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था, क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने टूनार्मेंट से बाहर होने का विकल्प चुना था। इस प्रकार, भारतीय दिग्गज ने डोडिग के साथ जोड़ी बनाई, जिनके साथ उन्होंने 2017 और 2021 में खेला था और 2017 में एटीपी मॉन्ट्रियल मास्टर्स 1000 इवेंट के फाइनल में पहुंचे थे। इस साल की शुरूआत में, बोपन्ना ने एब्डेन के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष युगल फाइनल जीतकर अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम जीता।

# जीत की लय पाने के लिए भिड़ेंगे केरला ब्लास्टर्स और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड

**एजेंसी। गुवाहाटी**

नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी रविवार, को शाम 7:30 बजे (भारतीय समयानुसार) इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में यहां इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में केरला ब्लास्टर्स एफसी की मेजबानी करेगी। ब्लास्टर्स ने अपने पिछले मैच में ईस्ट बंगाल एफसी को 2-1 से हराया था, जबकि हाईलैंडर्स मोहन बागान एसजी के हाथों 3-2 से मात खा बैठे थे।



**हाईलैंडर्स का घर पर रक्षात्मक अनुशासन**

नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीसरे आईएसएल मैच में क्लीन शीट रखने के इरादे से उतरेगी, वो अपने पिछले घरेलू दो मैचों में ओडिशा एफसी को 3-0 और केरला ब्लास्टर्स को 2-0 से हरा चुकी है।

**नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ ब्लास्टर्स का बेहतर रिकॉर्ड**

केरला ब्लास्टर्स ने हाईलैंडर्स के खिलाफ अपने पिछले छह मुकाबलों में तीन जीत दर्ज की है और दो ड्रा खेले हैं।

नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के स्पेनिश हेड कोच जुआन पेड्रो बेनाली बार-बार कहते रहे हैं कि वह हर लीग मैच को फाइनल की तरह लेते हैं। पिछले सप्ताह कोलकाता में मैरिनर्स के खिलाफ करीबी मुकाबले के बाद हाईलैंडर्स में जो सुधार दिखा है, उससे वह खुश हैं। बेनाली ने कहा,मैं बहुत खुश हूं कि हमने दिखाया है कि हम सुधार कर रहे हैं। मेरी टीम को सभी पहलुओं पर काम करते रहना।

## अस्पताल ने कहा कि मुशीर खान की हालत फिलहाल स्थिर

**लखनऊ।** मुंबई के बल्लेबाज मुशीर खान की हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं। उन्हें एक बड़ी कार दुर्घटना में गर्दन और अंगों पर चोटें आई हैं। लखनऊ के मेदांता अस्पताल ने इसकी पुष्टि की है। शुक्रवार को आजमगढ़ से लखनऊ जाते समय मुशीर की एसयूवी कार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ऑर्थोपेडिक्स विभाग के निदेशक डॉ. धर्मेंद्र सिंह की देखरेख में उनका इलाज किया जा रहा है। अस्पताल ने शनिवार को एक बयान में कहा, 27 सितंबर को रात 8 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सड़क दुर्घटना में घायल क्रिकेटर मुशीर खान को गर्दन में दर्द के साथ मेदांता अस्पताल के आपातकालीन विभाग में लाया गया।

## एक नजर



**15 साल का लड़का, साइकिल पर पहुंचा विराट कोहली से मिलने, 58 किमी. की नापी दूरी**



# टाटा मोटर्स ने तमिलनाडु में 9,000 करोड़ रुपये की परियोजना का किया शिलान्यास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चेन्नई, 28 सितंबर (आईएएनएस)। टाटा मोटर्स ने शनिवार को तमिलनाडु में 9,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इसके जरिए टाटा मोटर्स जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) के लिए नेक्स्ट जनरेशन के वाहनों का निर्माण और निर्यात करेगी। तमिलनाडु के रानीपेट जिले के पनपक्कम में स्थित यह परियोजना भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों की जरूरतों को पूरा करेगी। टाटा मोटर्स इस परियोजना के माध्यम से 5,000 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करेगी। टाटा मोटर्स समूह इस ग्रीनफील्ड विनिर्माण केंद्र में 9,000 करोड़ रुपये का निवेश करने का इरादा है। इस परियोजना को 250,000 से अधिक वाहनों की वार्षिक उत्पादन क्षमता के लिए डिजाइन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि उत्पादन चरणबद्ध तरीके से होगा और 5-7 वर्षों में अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए उत्तरोत्तर वृद्धि की जाएगी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि टाटा समूह राष्ट्र निर्माण में अपने योगदान के लिए प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम वैश्विक स्तर की ऑटो निमार्ता कंपनी टाटा मोटर्स का रानीपेट के पनपक्कम में नवीनतम विनिर्माण परियोजना स्थापित करने के लिए स्वागत करते हैं। इस विनिर्माण केंद्र में 5,000 से अधिक



रोजगार के अवसर (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) सृजित होंगे। इसके अलावा, कंपनी ने कहा कि संयंत्र के संचालन के लिए 100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग किया जाएगा। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि अब उनका इरादा यहां अत्याधुनिक विनिर्माण प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर एक उन्नत वाहन कंपनी बनाने का है।चंद्रशेखरन ने कहा, हमें पनपक्कम को अपनी नेक्स्ट जनरेशन की कारों और एसयूवी का केंद्र बनाने की खुशी है, इसमें इलेक्ट्रिक और लग्जरी वाहन शामिल हैं। तमिलनाडु प्रगतिशील नीतियों वाला एक अग्रणी औद्योगिक राज्य है और योग्य और प्रतिभाशाली कार्यबल के साथ एक स्थापित ऑटोमोटिव हब है।

## सीक्वेंट और वियश का होगा विलय

कार्लाइल के निवेश वाली पशु स्वास्थ्य सेवा कंपनी सीक्वेंट साइंटिफिक और वियश लाइफ साइंसेज ने विलय की घोषणा की है। 8,000 करोड़ रुपये मूल्य के विलय सौदे के बाद बनने वाली नई इकाई भारत में पशु के लिए दवा बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी बन जाएगी। विश्लेषकों के अनुसार नई कंपनी दुनिया में पशु स्वास्थ्य सेवा कारोबार में संभावनाओं का फायदा उठाने की मजबूत स्थिति में आ जाएगी। 2023 में दुनिया में यह बाजार लगभग 38 अरब डॉलर आंका गया था और माना जा रहा है कि यह लगभग 8 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2027 तक 51 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। भारतीय पशु स्वास्थ्य सेवा बाजार 2023 में 8,000 करोड़ रुपये आंका गया था और 2032 तक इसके बढ़कर 16,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

# देश में इस साल जनवरी से जून के दौरान 47.8 लाख विदेशी सैलानी आए



**देश में आने वाले पर्यटकों की संख्या अभी भी कोविड महामारी से पहले के स्तर से पीछे है। इस साल जून में 7,06,045 विदेशी पर्यटक आए, जबकि जून, 2023 में 6,48,008 और जून, 2019 में 7,26,446 विदेशी पर्यटक आए थे।**

**नई दिल्ली।** देश में इस साल जनवरी-जून के दौरान लगभग 47.8 लाख विदेशी पर्यटक आएं। पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इसमें सबसे ज्यादा पर्यटक बांग्लादेश और अमेरिका से आए। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार हालांकि देश में आने वाले पर्यटकों की संख्या अभी भी कोविड महामारी से पहले के स्तर से पीछे है। इस साल जून में 7,06,045 विदेशी पर्यटक आए, जबकि जून, 2023 में 6,48,008 और जून, 2019 में 7,26,446 विदेशी पर्यटक आए थे। यह संख्या 2023 से नौ प्रतिशत अधिक जबकि 2019 की तुलना में 2.8 प्रतिशत कम है। मंत्रालय ने कहा, ह्लइस साल की पहली छमाही (जनवरी-जून) के दौरान 47,78,374 विदेशी पर्यटक आए, जबकि पिछले साल समान अवधि में 43,80,239 और कोविड महामारी से पहले 2019 की इसी अवधि में 52,96,025 विदेशी पर्यटक आए थे। इस साल का आंकड़ा 2023 की तुलना में 9.1 प्रतिशत अधिक है जबकि 2019 की तुलना में 9.8 प्रतिशत कम है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में 2024 की पहली छमाही में विदेशी पर्यटकों में सबसे ज्यादा 21.55 प्रतिशत पर्यटक बांग्लादेश से आए। इसके बाद 17.56 प्रतिशत पर्यटक अमेरिका से, 9.82 प्रतिशत ब्रिटेन से, 4.5 प्रतिशत कनाडा से और 4.32 प्रतिशत पर्यटक कनाडा से आए।

## भारत ने गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध हटाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र ने शुक्रवार को गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से हटा दिया। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। सरकार ने जुलाई 2023 में चावल की घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए प्रतिबंध लगाया था।

निर्यातकों ने पाबंदी हटाने के फैसले की सराहना की और इसे क्षेत्र के लिए अहम करार दिया। राइस विला के सीईओ सूरज अग्रवाल ने कहा, ह्लगैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने का भारत का साहसिक फैसला कृषि क्षेत्र के लिए परिवर्तनकारी है। अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार ने पारब्वॉइल्ड चावल पर निर्यात शुल्क भी 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है।

## एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने 1,234 करोड़ यूनिट हरित बिजली का उत्पादन किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र की एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने 1,234 करोड़ यूनिट हरित बिजली का उत्पादन किया है। कोयल मंत्रालय ने बयान में कहा कि इससे एक करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) का उत्सर्जन रोका गया है। बयान के अनुसार, मुख्य रूप से लिग्नाइट आधारित बिजली उत्पादन कंपनी एनएलसी ने 2030 तक 10,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखा है। एनएलसी इंडिया ने 1,380 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्रों और 51 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्रों के साथ नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कदम रखा है। कंपनी ने 10,000 मेगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नई



अनुषंगी कंपनियों- एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड तथा एनएलसी इंडिया ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का गठन किया है। इनमें एनआईआरएल परिसंपत्ति मुद्रीकरण पर ध्यान देगी वहीं एनआईजीईएल स्वच्छ ऊर्जा की अगुवाई करेगी। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में एनएलसी की सदस्यता कोयला क्षेत्र में पर्यावरणीय अनुकूल उपायों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को बताती है।

### महिला व दिव्यांग बोगी में सफर करना पड़ा महंगा

# 13 रेलवे पैसेंजर गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, जपला के अधिकारियों और जवानों ने ट्रेन के महिला बोगी, दिव्यांग बोगी में अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। इतना ही नहीं स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमने वाले व्यक्तियों को भी निशाने पर लिया गया है। इस अभियान के तहत कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को डाल्टनगंज न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया। जहां गिरफ्तार व्यक्तियों पर रेल अधिनियम की धारा- 162 के तहत 4 मामले, धारा -155 के तहत 3 मामले और धारा -147 के तहत 6 मामले दर्ज किए गए हैं। आरपीएफ जपला पोस्ट के निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि ट्रेन यात्रियों की सुविधाओं को सुरक्षित रखने और सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जपला आरपीएफ के द्वारा विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत ट्रेन के महिला बोगी, दिव्यांग बोगी में अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले भी ऐसे मामलों में कई अनाधिकृत यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। निरीक्षक प्रभारी का कहना है कि आरपीएफ का यह अभियान अनाधिकृत यात्रियों के लिए एक चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे में अनाधिकृत गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 32 सरकारी विद्यालयों के 10,000 से अधिक विद्यार्थियों को निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा

# बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास में शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर व सुदृढ़ बनाने की दिशा में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की पहल के पश्चात लातेहार जिले के सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत वर्ग 9 से 12वीं तक के कुल 10,000 छात्रों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफटी के मद से ऑनलाइन कोचिंग क्लास की शुरूआत की जा रही है, ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान की जा सके। इसके अलावे निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग क्लास में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष कोर्स के साथ साथ मुख्तः




*9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी अब ले सकेंगे निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग का लाभ*

गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों की प्राथमिकता देते हुए मार्गदर्शन दिया जायेगा। इस कड़ी में उपायुक्त गरिमा सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि डीएमएफटी मद की राशि 4 करोड़ 72 लाख से जिले के 32 सरकारी विद्यालयों के 10,000 से अधिक छात्रों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निःशुल्क ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। छात्रों के समग्र शैक्षिक समझ को बेहतर बनाने के उद्देश्य से लातेहार जिले में निःशुल्क कोचिंग क्लास की व्यवस्था कराई जा रही है। जिसके तहत बच्चों को-मैट्रिक, इंटर जैसे परीक्षाओं के अलावे प्रतियोगी परीक्षाओं इंजीनियरिंग, मेडिकल, जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा कराई जाएगी। सभी प्लस टू विद्यालयों में पहले चरण में कोचिंग की व्यवस्था कराई जा रही है। जल्द ही यह कोचिंग क्लास आरंभ कर दी जाएगी। आगे उन्होंने कहा की यह ग्रामीण स्कूलों में डिजिटल शिक्षा लाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। ऑनलाइन कोचिंग क्लास के माध्यम से छात्रों को तुरंत सहायता और उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक संसाधनों की पहुंच मिलेगी, जो उन्हें शैक्षणिक रूप से आगे बढ़ने में सक्षम बनाएगी। इस के तहत, छात्रों को किसी भी समय प्रश्न पूछने और अपने शैक्षिक संदेहों को हल करने की सुविधा होगी, क्योंकि 24x7 उपलब्ध ट्यूटर उनकी सहायता के लिए तत्पर रहेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### चतरा सांसद करलीचरण सिंह ने किया गारू का दौरा



**गारू।** चतरा सांसद करलीचरण सिंह ने शनिवार को गारू का दौरा किया और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गारू में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों के साथ एक बैठक की। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाए, तो ही देश का सही विकास संभव है। उन्होंने कहा कि बच्चों में कई छुपी हुई प्रतिभाएं होती हैं, जिन्हें सही मार्गदर्शन और शिक्षा के माध्यम से निखारा जा सकता है। सही अभिभावक वही हैं, जो बच्चों को सही सलाह के साथ शिक्षा प्रदान करें। इस अवसर पर सांसद ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकताओं के साथ भी बैठक की। उन्होंने कहा कि झारखंड में लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव भी होंगे, जिसमें सभी कार्यकताओं को मिलकर काम करना होगा ताकि भाजपा से विधायक चुनकर विधानसभा भेजा जा सके। उन्होंने कहा कि जब क्षेत्र से विधायक और सांसद दोनों भाजपा के होंगे, तभी विकास कार्य तेजी से पूरे होंगे और क्षेत्र की तरक्की होगी। सांसद करलीचरण सिंह ने अपने संबोधन में यह भी घोषणा की कि गारू प्रखंड में स्वर्गीय पूर्व मंत्री जमुना सिंह का स्मारक बनाया जाएगा।

## एक नजर

### एक ही माह में सीओ का दूसरी बार हुआ ट्रांसफर

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर अंचल के सीओ विकास पाण्डेय का एक महीने में ही दूसरी बार ट्रांसफर किया गया है। इससे सरकार की गलत नीतियों के प्रति विभिन्न संगठनों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अजय जयसवाल, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, शैलू जयसवाल, फरहाना खातून, गुलशन आरा, मुखिया संतोष कुमार सिंह, सुदर्शन राम, जितेन्द्र सिंह, नाजमा खातून व शहनाज प्रवीण, उपमुखिया पवन कुमार ने कहा कि इस राज्य में नियम, कानून की कोई गरिमा नहीं है। हैदरनगर के सीओ विकास कुमार पांडेय का ट्रांसफर रांची के राहे अंचल में 23 अगस्त 2024 को किया गया था। पुनः अब गढ़वा के रमना अंचल में कर दिया गया है। इसके पूर्व जुलाई 2024 में ही इन्हें प्रोन्नति के बाद हैदरनगर में अंचल अधिकारी के पद पर योगदान कराई गई थी। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग के अधिकारी योगदान के बाद विभागीय कार्य में जनहित में जैसे ही गति लाने का काम करती है। वैसे ही उनका सरकार ट्रांसफर, पोस्टिंग का खेला कर संबधित क्षेत्र के लोगों के हो रहे कार्य में दुर्गति उत्पन्न कर देती है।

### दुर्गा पूजा को लेकर हैदरनगर में शांति समिति की बैठक

**हैदरनगर।** शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा समापन को लेकर हैदरनगर थाना परिसर में रविवार की शाम चार बजे शांति समिति की बैठक आहूत की गई है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने इस संबंध में लिखित सूचना जारी कर बताया है कि आगामी दुर्गा पूजा पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक थाना क्षेत्र के सभी सदस्यों के अलावे दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी व सदस्यों, प्रबुद्धजनों और समस्त पंचायत प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

# खरौंधी प्रखंड में प्रोजेक्ट रेल परीक्षा का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के सभी विद्यालयों में कक्षा प्रथम से बारहवीं तक के बच्चों के बीच प्रोजेक्ट रेल परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में हिंदी, गणित, सामाजिक विज्ञान, और विज्ञान जैसे मुख्य विषयों की परीक्षा ली गई। परीक्षा का आयोजन झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची द्वारा किया गया। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक नवीन प्रकाश ने जानकारी दी कि इस बार की परीक्षा में बच्चों की उपस्थिति उत्साहजनक रही और 80 प्रतिशत से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि प्रखंड स्तर पर सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया गया है कि वे परीक्षा से संबंधित सभी रिपोर्ट्स शत प्रतिशत भरें और समय पर जमा करें। यह परीक्षा बच्चों के शैक्षिक स्तर को बेहतर करने और उनकी समझ को परखने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। बच्चों ने इस परीक्षा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे उत्साह के साथ परीक्षा दी। नवीन प्रकाश ने यह भी बताया कि यह परीक्षा हर सप्ताह आयोजित की जाती है, जिससे बच्चों की शिक्षा में निरंतरता बनी रहती है और वे अपने विषयों में अच्छी प्रगति कर सकें। इस परीक्षा से बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन का आंकलन किया जा रहा है और इसका उद्देश्य उन्हें शिक्षण प्रक्रिया में बेहतर तरीके से शामिल करना है।


# लातेहार जिले में सिंचाई सुविधा की कमी, किसान पलायन को मजबूर

### मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष ने केंद्रीय कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के गारू प्रखंड स्थित विभिन्न पंचायतों के किसानों को सिंचाई की सुविधा नहीं मिलने के कारण खेती-किसानी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर गारू मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने लातेहार जिले की गंभीर समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट करते हुए किसानों की स्थिति सुधारने की मांग की है।

सुभाष कुमार सिंह ने बताया कि लातेहार जिला, जो झारखंड वीर नीलांबर-पीतांबर शहीद भूमि के अंतर्गत आता है, मुख्य रूप से कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहां की 80 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर है, लेकिन सिंचाई की कोई भी तकनीकी सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को खेती करने में काफी कठिनाइयों का



सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि जो किसान किसी तरह से फसल उगा भी लेते हैं, उन्हें जंगली जानवरों के हमलों से फसल नष्ट हो जाने की समस्या से जूझना पड़ता है। इस कारण किसानों की आय में गिरावट आ रही है और उनका जीवन-यापन कठिन होता जा रहा है। इस परिस्थिति में मजबूरन कई किसान व मजदूर रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों की ओर पलायन करने को विवश हो रहे हैं।

सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से केंद्रीय कृषि मंत्री से अनुरोध किया है कि लातेहार जिले में सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसान बेहतर तरीके से खेती कर सकें। उन्होंने तकनीकी सिंचाई साधनों की उपलब्धता, कृषि उपज की सुरक्षा और किसानों के पलायन को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

मुखिया संघ का कहना है कि अगर किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले समय में यह जिले की अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना के लिए एक गंभीर चुनौती बन सकती है। लिहाजा, सिंचाई व्यवस्था के सुधार से न केवल किसान अपनी आजीविका को बेहतर बना सकेंगे, बल्कि रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे।

### 2016 से 2020 तक के पीएम आवास लाभुकों को नहीं हुआ भुगतान

# लाभुकों के बकाये का भुगतान कराने के लिए निवर्तमान वार्ड पार्षदों ने लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद के पूर्व वार्ड पार्षदों ने झारखंड के नगर विकास एवं आवास विभाग विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्र में वर्ष 2016 से वर्ष 2020 के बीच के प्रति वर्ष लाभुकों का प्रधान मंत्री आवास का निर्धारित प्रक्रिया के तहत चयन हुआ था। सभी लाभुकों का किश्तवार भुगतान प्रक्रिया के तहत किया गया है। मगर प्रत्येक वित्तीय वर्ष 2016 से 2020 के बीच के कुछ लाभुको का तीसरा एवं चौथा (दोनों) किश्त आज तक बकाया है। बकाया राशि के भुगतान को लेकर सभी लाभुक जिनका भुगतान लंबित है, लगातार कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। वह निवर्तमान वार्ड पार्षदों के पास लंबित भुगतान के लिए गुहार लगा रहे है। निवर्तमान वार्ड पार्षदों ने इस गंभीर मामले को लेकर लगातार तत्कालीन समय से ही नगर पंचायत कार्यालय के



कार्यपालक पदाधिकारियों से भुगतान कराने के लिए लिखित एवं मौखिक आग्रह करते रहे है। जब इस पर कार्यालय से कोई सकरात्मक पहल नहीं किया गया, उच्च अधिकारियों समेत प्रधान मंत्री, मुख्य मंत्री, नगर विकास मंत्री को वर्ष 2022 से ही लिखित आवेदन लगातार भेज रहे हैं। बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हुई। पत्र में उन्होंने कहा है कि लाभुकों की वित्तीय हालत ठीक नहीं रहने के कारण उन्हें अपने बकायदार (दुकानदार) से भी लगातार प्रताड़ना झेलना पड़ रहा है। क्योंकि उन्होंने छाड़ सीमेंट ईंट आदि उधारी लेकर अपना आशियाना खड़ा किया था। उन्हें उम्मीद थी की उन्हें जिस तरह दो किस्त का भुगतान किया गया, उसी तरह तीसरी व चौथी किस्त का भी भुगतान हो जायेगा। वार्ड पार्षदों ने अधिकारियों मंत्रियों से पुनः आग्रह किया है कि प्रधानमंत्री आवास के लंबित भुगतान के ममला को संज्ञान में लेते हुए त्वरित कारवाई की जाए। ताकि लाभुको का बकाया भुगतान जल्द ही हो सकें। उन्होंने की गई कार्रवाई की लिखित जानकारी भेजने का भी आग्रह किया है। भुगतान नहीं होने पर लाभुकों के साथ आन्दोलन करने की बात कही है। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में पूर्व वार्ड पार्षद अखिलेश यादव, अर्जुन प्रसाद, राजेंद्र पाल, लालती देवी,मधु अग्रवाल, सुनीता देवी, सुदर्शन राम, ज्ञानंजय कुमार आदि का नाम शामिल हैं।

# वित्त रहित शिक्षकों की संचिका का होगा अनुमोदन : वित्त मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षक कर्मचारियों का 75% अनुदान बढ़ोतरी की संचिका वित्त विभाग की ओर से शिक्षा मंत्री के पास अनुमोदन के लिए गई है। शाहिद भगत सिंह इंटर कॉलेज जपला के प्रोफेसर सह झारखंड इंटरमीडिएट शिक्षक कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महासचिव शिक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि संघ के आग्रह पर इसके निष्पादन के लिए वित्त मंत्री व वित्त सचिव से झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री रामदास सोरेन, पूर्व मंत्री प्रदीप बालमुचू, विधायक भूषण तिर्की, कुमार जयमंगल सिंह, कुणाल साडगी, समीर मोहंती, संजीव सरदार ने वित्त मंत्री से वार्ता की है। इसे लेकर वित रहित शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल रेशमा बेक के नेतृत्व में राज्यसभा सांसद धीरज साहू से भी उनके आवास पर मिला। वहीं वित मंत्री रामेश्वर उरांव ने उनकी समस्या पर आप्त सचिव रंजीत कुमार सिन्हा को अनुदान बढ़ोतरी की संचिका तत्काल लाने जा निर्देश दिया। उन्होंने अनुमोदन कर शिक्षा विभाग को शीघ्र संचिका भेजने का आश्वासन दिया। उन्होंने शिक्षक प्रतिनिधियों को अगली कैबिनेट में इस संचिका का मंत्री परिषद से अनुमोदन कराने को कहा है। सकारात्मक व संतोषजनक वार्ता के दौरान शिक्षक प्रतिनिधिमंडल में रेशमा बेक, सुषमा टोप्पो, राखी कुमारी, अरविंद कुमार सिंह, गणेश महतो, फजलुल कादरी अहमद, देवनाथ सिंह, नरोत्तम सिंह, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, रघु विश्वकर्मा, मनोज कुमार तिर्की शामिल थे।

## पेज एक का शेष

### बाहरी नेताओं ने...

जिसमें बगैर किसी गारंटी के अत्यंत कम ब्याज दर पर 15 लाख तक का कर्ज आसानी से मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ सौतेला सलूक करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हम राज्य के लाखों गरीबों के आवास के लिए केंद्र की सरकार के पास नाक रगड़ते रहे, लेकिन उन्होंने पीएम आवास योजना के तहत हमें राशि नहीं दी। इसके बाद हम अपनी सरकार की ओर से अबुआ आवास योजना लेकर आए, जिसमें 20 लाख गरीबों को आवास देने का लक्ष्य रखा है। यह आवास पीएम आवास की तुलना में ज्यादा बड़ा और बेहतर है।

### वोट के लिए...

बेटी इसलिए सुरक्षित नहीं है क्योंकि, झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठिए आ रहे हैं और हमारी बेटियों से शादी कर जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं और सोरेन सरकार विदेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है उनके आधार कार्ड बनवा रही है।

**ये कैसा, मंइयां सम्मान, सभी को पहले 1 लाख 18 हजार रूपए दें** : केन्द्रीय मंत्री ने हेमंत सोरेन सरकार की मइयां सम्मान योजना को लेकर कहा कि, पांच साल पहले विधानसभा चुनाव के दौरान जेएमएम ने महिलाओं से वादा किया था कि, उन्हें हर महीने चूल्हा खर्च के लिए 2 हजार रूपए दिए जाएंगे, लेकिन 4 साल 10 महीने हेमंत सोरेन को माताओ-बहनों की याद नहीं आई और अब चुनाव के नजदीक आते ही उनके खाते में महज 1 हजार रूपए डाले जा रहे हैं। चौहान ने कहा कि, अगर एक महिला हितग्राही को 2 हजार रूपए प्रति माह के हिसाब से 1 साल राशि मिलती तो सालाना 24 हजार रूपए होते हैं, और पांच साल के हिसाब से हर महिला हितग्राही के खाते में अब तक 1 लाख 20 हजार रूपए मिलने चाहिए थे, लेकिन मिले कितने, केवल 2 हजार रूपए। यानी कि, धोखेबाज सोरेन सरकार महिलाओं के हक के 1 लाख 18 हजार रूपए भी डकार गई। अगर हेमंत सोरेन मइयां सम्मान की बात करते हैं तो चुनाव से पहले महिला हितग्राहियों के खाते में 1 लाख 18 हजार रूपए दें। चौहान ने कहा कि, भाजपा की सरकार बनते ही झारखंड की बहनों के खातों में भी 2100 रूपए की राशि हर महीने डाली जाएगी।

### हेमंत सोरेन ने...

कोलकाता और अन्य शहरों में बेचा जा रहा है। पहाड़ों से पत्थर की खुदाई करके बेच जा रहा है। सेना की जमीनों को भी नहीं छोड़ा गया। उन्होंने कहा कि झामुमो सीएनटी एक्ट की रक्षा करने का दावा करती है और दूसरी ओर हेमंत सोरेन ने ही सीएनटी एक्ट का सबसे अधिक उल्लंघन किया है। सीएनटी एक्ट में फजीवाड़ा कर झारखंड की जमीन बेंचने का काम किया है। लोगों की जमीन में गड़बड़ी की है और अब जब लोग जमीन का दस्तावेज ठीक कराने जा रहे हैं तो अफसर उनसे पैसा मांग रहे हैं।

### झारखंड में 10...

रामदयाल महतो मूल रूप से गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के पिपराडीह गांव का रहने वाला है। उसकी उम्र 70 वर्ष हो चुकी है। बताया जाता है कि पुलिस अधिकारियों के कहने पर उसके बेटे ने उसे सरेंडर के लिए राजी कराया। डीआईजी सुनील भास्कर ने झारखंड सरकार की आत्मसर्मपण नीति ह्यनई दिशा एक नई पहल के अनुसार, उसे 10 लाख रुपये का चेक सौंपा। सरकार की इस नीति के तहत इनामी नक्सलियों के सरेंडर करने पर उनके पुनर्वास और मुख्यधारा में शामिल होकर जीवन व्यतीत करने के लिए घोषित इनाम की राशि उन्हें ही दी जाती है। रामदयाल महतो के सरेंडर के मौके पर गिरिडीह एसपी डॉ. विमल कुमार, 154वीं सीआरपीएफ बटालियन के सेकंड इन कमांडर दलजीत सिंह भाटी, एसएसबी के कमांडेंट संजीव कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। सितंबर महीने में झारखंड पुलिस के समक्ष यह तीसरे इनामी नक्सली का सरेंडर है। इसके पहले 9 सितंबर को दो दर्जन से भी ज्यादा नक्सली वारदातों में वांटेड मुनेश्वर गंझू उर्फ विक्रम और 2 सितंबर को प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के एरिया कमांडर राहुल गंझू उर्फ खलील ने रांची पुलिस के सामने सरेंडर किया था।

### झारखंड को घुसपैठियों...

सोरेन को यह बताना चाहिए कि उनकी पत्नी कल्पना सोरेन झारखंड के किसी आदिवासी के लिए आरक्षित सीट से चुनाव क्यों नहीं लड़ीं उत्तर उनके घर में ही है। यह उत्तर हमें देने की जरूरत नहीं है। इसके बाद भी उन्होंने लिखित जवाब मांगा है तो समय मिलते ही उन्हें मैं जवाब दूंगा।

### सीबीआई ने कोलियरी...

कोलयरी प्रबंधक परवीन कुमार मिश्रा और हाजरी बाबू गौर रवानी मैगजीन कलर्क के पद पर पदस्थापित करने के एवज में उनसे 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे थे। जिसकी शिकायत सलीम ने सीबीआई से की थी। मामले के सत्यापन के बाद सीबीआई की टीम ने जाल बिछाकर प्रबंधक आवास के समीप हजारी बाबू गौर रवानी को 20 हजार रुपये लेते गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद कोलयरी प्रबंधक परवीन कुमार मिश्रा से भी लंबे पूछताछ के बाद सीबीआई की टीम ने दोनों को लेकर धनबाद सीबीआई कार्यालय के लिए रवाना हो गई।

### बढ़ाई गई सुरक्षा...

कोई भी व्यक्ति छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास आसमान में पैराग्लाइडर, गुब्बारे, पटाखे नहीं छोड़ेगा। कोई भी व्यक्ति विमान की लैंडिंग, टेक ऑफ और उड़ान संचालन में बाधा डालने के इरादे से इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उस पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

# मंईयां योजना से भाजपा व भानू को परेशानी : अनंत प्रताप देव



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने शनिवार को केतार प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के खोनहर, अंजनिया, चेचरिया, बलिगढ़, दासीपुर गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया। उन्होंने कहा की हेमंत सोरेन सरकार ने पुरानी बिजली बिल को माफी कर दो सौ युनीट बिजली मुफ्त कर दिया है। किसानों का दो-दो लाख रुपए ऋण माफ के साथ - साथ 18 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं को एक-एक हजार रुपए प्रति माह खाते में देकर सम्मान दिया है। पुर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने स्थानीय भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही पर निशाना साधते हुए कहा की 15 वर्षों में क्षेत्र में कोई भी काम नहीं किया है। अस्पताल भवन बना लेकिन डॉक्टर नहीं है। नवजवानों के वोट से तीन बार विधायक बने लेकिन नवजवानों को रोजगार नहीं दिया। आज क्षेत्र के नवजवानों का लाश दुसरे प्रदेशों से आ रहा है और विधायक राजनीतिक कर रहे हैं। उन्होंने कहा की मंईयां सम्मान योजना से भाजपा और भानू को दर्द हो रहा है। भाजपा और भानू नहीं चाहते हैं की गरीबों को किसी योजना का लाभ मिले। उन्होंने जनता से आगामी विधानसभा चुनाव में विधायक को मुंहतोड़ जवाब देने की अपिल किया।

### एचडीएफ बैंक की समग्र ग्रामीण विकास परियोजना का समापन

# 20 गांवों के ग्रामीणों को सौंपी गई परिसंपत्तियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**गारू।** एचडीएफ बैंक के सहयोग से विकास भारती बिशुनपुर द्वारा लातेहार जिला के गारू प्रखंड के 20 गांवों में संचालित समग्र ग्रामीण विकास परियोजना एचआरडीपी का समापन समारोह कोटाम गांव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस मौके पर परियोजना के तहत विकसित विभिन्न परिसंपत्तियों को चयनित ग्रामीणों समुदायों के बीच सौंपा। इस अवसर पर एचडीएफ बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सीएसआर विकास कुमार गुप्ता और एचडीएफ बैंक, लातेहार के शाखा प्रबंधक श्री गौतम भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि, इस परियोजना ने गांवों के समग्र विकास के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने में



अहम भूमिका निभाई है।

एचडीएफ सी बैंक और विकास भारती बिशुनपुर का यह प्रयास ग्रामीण जीवनस्तर में सुधार लाने और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने ग्रामीणों से कृषि के साथ-साथ पशुपालन और बागवानी जैसे अन्य आजीविका स्त्रोतों को भी अपनाने का आह्वान किया। परियोजना के तहत गारू प्रखंड के 20 गांवों में 30 कुएं, 10 तालाब, 15 गांवों में सौर आधारित सिंचाई और 6 गांवों में डीजल आधारित सिंचाई की व्यवस्था की गई। इसके अलावा, किसानों को समय पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक गांव में कस्टम हायरिंग केंद्र स्थापित किए गए। परियोजना के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से प्रशिक्षित करने के लिए किसान फील्ड स्कूल और अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही, बीस गांवों में चालीस स्वास्थ्य शिविर लगाए गए, जिनसे चार हजार ग्रामीणों को लाभ मिला। इसके अलावा, व्यक्तिगत स्तर पर पांच हजार पोषण वाटिकाओं का निर्माण किया गया, जिनमें आम, अमरूद, पपीता और शतावरी जैसे फलदार एवं औषधीय पौधे लगाए गए। ग्रामीणों में ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 210 सोलर लाइट भी लगाई गईं। कृषि की अनुषांगिक इकाइयों में बकरी, सुअर, मुर्गी और मछली पालन पर जोर दिया गया। इसके लिए पशुओं का नियमित टीकाकरण और स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था भी की गई। दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जनजातीय स्वयं सहायता समूहों को गाय वितरित की गईं, जिससे महिलाएं अब दूध बेचकर अपने परिवार की आय बढ़ा रही हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## इलेक्टोरल बॉन्ड्स के मार्फत जबरन वसूली के मामले में वित्त मंत्री सीतारमण के विरुद्ध एफआईआर

- भाजपा को इलेक्टोरल बांड से लगभग 6337 करोड़ रुपये मिले थे
- 15 फरवरी 2024 को सर्वोच्च न्यायालय ने इलेक्टोरल बॉन्ड योजना पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी
- सीतारमण ने कहा था कि इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम फिर से लाया जाएगा



**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु की एक स्पेशल कोर्ट ने 27 सितंबर को तिलक नगर पुलिस स्टेशन(बेंगलुरु) को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। वित्त मंत्री पर इलेक्टोरल बॉन्ड्स के जरिए जबरन वसूली का आरोप लगाया गया है। जनाधिकार संघर्ष परिषद के आदर्श अय्यर ने बेंगलुरु में शिकायत दर्ज कर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की थी। इस याचिका पर शुक्रवार 27 सितम्बर को सुनवाई हुई थी। अगली सुनवाई 10 अक्टूबर को होगी। यह शिकायत अप्रैल 2024 में की थी। जनाधिकार संघर्ष परिषद ने अप्रैल में 42वीं अउटट कोर्ट में दायर याचिका में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ईडी अधिकारियों, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं, तत्कालीन भाजपा कर्नाटक अध्यक्ष नलिन कुमार कटील, बी वाई विजयेंद्र के विरूद्ध शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया है कि अप्रैल 2019 से अगस्त 2022 तक व्यवसायी अनिल अग्रवाल की फर्म से लगभग 230 करोड़ रुपए और अरबिंदो फामेर्सी से 49 करोड़ रुपए चुनावी बॉन्ड के जरिए वसूले गए। यह खबर आने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्रीय वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की है।सिद्धारमैया ने कहा है -कर्नाटक भाजपा के नेता सीतारमण के इस्तीफे के लिए कब प्रदर्शन और मार्च करेंगे। अगर निष्पक्ष जांच होती है, तो पीएम मोदी और कुमारस्वामी को भी इस्तीफा देना चाहिए मालूम हो कि भाजपा को इलेक्टोरल बांड से कुल लगभग 6337 करोड़ रुपये मिले थे। अघोषित तौर पर कितने मिले थे,अनुमान लगाते रहिए। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद 21 मार्च को जो डेटा सामने आया, इसमें पता चला था कि 2018 से 2023 तक देश की 771 कंपनियों ने 11,484 करोड़ के बॉन्ड खरीदे थे। इलेक्टोरल बांड के विरूद्ध 2017 में ही केस दर्ज किया गया था, लेकिन सुनवाई शुरू हुई 2019 से। कई वर्षों तक आहिस्ता - आहिस्ता खीसकते रहने के बाद 15 फरवरी 2024 को सर्वोच्च न्यायालय ने राजनीतिक फंडिंग के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था- यह स्कीम असंवैधानिक है। बॉन्ड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। कोर्ट ने एसबीआई व चुनाव आयोग को आदेश दिया था कि वह इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा पूरा डेटा सार्वजनिक करे। हालाँकि उसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम फिरसे लाया जाएगा।

# इजरायली हमले में हिजबुल्लाह सरगना नसरल्लाह ढेर

## लेबनान पर हुए हमले में हिजबुल्लाह का मुख्यालय जमींदोज

**एजेंसी**

**बेरूत।** लेबनान पर इजराइल के अब तक के सबसे भीषण हवाई हमले में ईरान समर्थित आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह का सरगना हसन नसरल्लाह मारा गया। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) के हवाले से एक्स हैंडल पर लिखा है-'' 28 सितंबर को बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर इजराइल के हवाई हमलों में लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह का नेता हसन नसरल्लाह मारा गया।'' इस हवाई हमले में हिजबुल्लाह का मुख्यालय ढेर हो गया है। इजराइल के सुरक्षाबलों (आईडीएफ) ने मुख्यालय के तहखाने में छुपे समूह के सरगना हसन नसरल्लाह को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक कर आसपास के इलाके को आग के गोले में बदल दिया। इससे पहले आईडीएफ ने दावा किया था कि हसन नसरल्लाह का बचकर बाहर आना कल्पना से परे है। इजराइली वायुसेना ने शुक्रवार शाम लेबनान की राजधानी बेरूत में बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। इस दौरान हिजबुल्लाह के मुख्य मुख्यालय पर हमला किया गया। हमलों में हिज्बुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह को निशाना बनाया गया। माना जा रहा है कि नसरल्लाह हमले के समय मुख्य मुख्यालय के कमांड सेंटर में था। बताया गया है कि इस हमले ने लेबनान की राजधानी को हिलाकर रख दिया। राजधानी में धुआं छा गया। हमले में कम से कम छह इमारतें ध्वस्त हो गईं।

**नसरल्लाह की बेटी जैनब का शव मलबे से बरामद :** हिजबुल्लाह के टेलीविजन चैनल अल-मनार के अनुसार हसन नसरल्लाह की बेटी जैनब का शव कमांड सेंटर के मलबे में मिला है। इसकी पुष्टि लेबनान के अधिकारियों ने की है। जैनब हिजबुल्लाह के प्रति अपनी निष्ठा और अपने परिवार के बलिदान के लिए जानी जाती है। जैनब ने अपने भाई हादी की मौत पर सार्वजनिक रूप से बात की थी। वह 1997 में इजराइली बमबारी में मारा गया था।

**इससे पहले मारा गया हिजबुल्लाह कमांडर सरूर :** हिजबुल्लाह के टेलीविजन चैनल अल-मनार के मुताबिक गुरुवार को इजराइल के हमले में उसके कमांडर मोहम्मद हुसैन सरूर का निधन हो गया। यह हमला बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहिह पर किया गया था।

**सीरिया में हमास का फहद मारा गया :** द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट में आईडीएफ के हवाले से कहा गया है कि दक्षिणी सीरिया में हमास नेटवर्क के प्रमुख अहमद मोहम्मद फहद को रात को किए गए हवाई हमले में मार गिराया गया। फहद गोलान हाइट्स पर रॉकेट हमले में शामिल था।



### अमेरिका को बेरूत हमले की कोई जानकारी नहीं थी : बाइडेन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के मुताबिक उन्हें बेरूत पर इजरायल की ओर से किए गए हमले की भनक तक नहीं थी। उन्होंने कहा कि वह बेरूत में इजरायल के हवाई हमलों पर टिप्पणी करने से पहले अधिक जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही दोहराया कि अमेरिका इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के ऑपरेशन में शामिल नहीं था।

### फिलिस्तीनियों को सामूहिक दंड देने का कोई आधार नहीं : गुटेरेस



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के उद्घाटन पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में युद्ध के बीच चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गाजा में युद्ध के दौरान अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून तार-तार हो गया है। गुटेरेस ने शुक्रवार को कहा कि वहां हत्या की दर उनके कार्यकाल में देखी गई किसी भी दर से ज्यादा है।

## यूएन में भारत ने पाक को सुनाई खरी-खरी

### शहबाज शरीफ के भाषण को बताया 'हास्यास्पद'

**एजेंसी**

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने यूएन में पाकिस्तान को जमकर फटकार लगाई है। दरअसल पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने यह भी कहा कि नई दिल्ली को अनुच्छेद 370 को खत्म करने के फैसले को पलटना चाहिए। भारत ने इसका करारा जवाब देते हुए पाकिस्तान के बयान को 'हास्यास्पद' बताया। भारतीय राजनयिक भाविका मंगलनंदन ने यूएनजीए में बोलते हुए कहा, 'आज सुबह इस सभा ने दुर्भाग्य से एक हास्यास्पद घटना देखी, आतंकवाद, ड्रग्स के व्यापार, अंतरराष्ट्रीय अपराध के लिए वैश्विक रूप से बदनाम और सेना द्वारा संचालित



एक देश ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने का दुस्साहस किया।' भारतीय राजनयिक ने कहा, जैसा कि दुनिया जानती है, पाकिस्तान ने अपने पड़ोसियों के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है, इसने हमारी संसद, हमारी वित्तीय राजधानी मुंबई, बाजारों और तीर्थयात्रा मार्गों पर हमला किया। यह लिस्ट बहुत लंबी है, ऐसे देश के लिए कहीं भी हिंसा के बारे में बात करना पाखंड है।

मंगलनंदन ने आगे कहा, यह और भी असाधारण है कि एक देश जिसका इतिहास धांधली वाले चुनावों का रहा है, वह लोकतंत्र में राजनीतिक विकल्पों के बारे में बात करता है, सच्चाई यह है कि पाकिस्तान हमारे क्षेत्र को लालच भरी निगाह से देखता है। उसने जम्मू और कश्मीर में चुनावों को बाधित करने के लिए लगातार आतंकवाद का इस्तेमाल किया है, जो भारत का एक अविभाज्य और अभिन्न अंग है।

### चिनफिंग की आलोचना के बाद टॉप इकोनॉमिस्ट महीनों से गायब

**बीजिंग।** चीन में सरकारी थिंकटैंक के एक टॉप इकोनॉमिस्ट पिछले कई महीनों से गायब हैं। 55 वर्षीय झू हेंगपेंग ने कथित तौर पर एक प्राइवेट वीचैट ग्रुप में चीन की इकोनॉमी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अज्ञात स्त्रोतों के हवाले से बताया कि अप्रैल में उन्हें हिरासत में लिया गया और जांच के दायरे में रखा गया। झू ने 20 से अधिक वर्षों तक चीनी एकेडमी ऑफ सोशल साइंसेज (कैस) में काम किया है। वह इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक्स के उप निदेशक और पब्लिक पॉलिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक के रूप में भी काम कर चुके हैं।

## कांग्रेस आज भी सर्जिकल स्ट्राइक पर बोलती है पाकिस्तान की भाषा



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव जीतने के लिए राजनीतिक दलों के नेता जोर शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हैं। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी राज्य में तीसरे चरण के चुनाव के प्रचार के लिए जम्मू पहुंचे। यहां पर एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शुरूआत में कहा कि ये चुनाव जम्मू-कश्मीर का भविष्य चुनने के लिए है। आज शहीद वीर सरदार भगत सिंह की जन्म जयंती भी है। देश के करोड़ों युवाओं की प्रेरणा, भगत सिंह जी को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि बीते दशकों में यहां सिर्फ कांग्रेस, एनसी और पीडीपी के नेता और उनके परिवार ही फले-फुले हैं। आपके हिस्से तो सिर्फ और सिर्फ तबाही आई।

# एजुकेशन/करियर

आज के समय में टूरिज्म सेक्टर बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। टूरिज्म में के रेस में भारत भी रेस में है। यहा हर साल लाखों सैलानी आते है। बारत कोई एसा राज्य नहीं है जंहा घुमने के लिए कोई स्थान ना हो वहीं झारखंड में एक से बढ़कर एक घुमने का स्थान है। जहां लोग घुमने आते है वहा होटल की संख्या भी रहती है। होटल की बढ़ती संख्या रोजगार के अवसर दे रहा है। यही कारण है कि होटल मैनेजमेंट में छात्रों की रुची बढ़ रही है। होटल मैनेजमेंट कोर्स करने के लिए किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से किसी भी विषय में कक्षा 12वीं पास कर लें. इसके बाद होटल मैनेजमेंट में स्नातक कर सकते हैं. पोस्ट ग्रेजुएशन में दाखिला के लिए पहले स्नातक डिग्री ले लें. इस क्षेत्र में जाने से पहले जान लें कौन से स्किल्स आपकी मदद करेंगे. कम्युनिकेशन, इंटरपर्सनल, डिटेल ओरिएंटेड, ऑपरेशनल कॉलेज, लीडरशिप और टीम बिल्डिंग जैसे स्किल्स काम आएंगे. होटल मैनेजमेंट के लिए ये दो परीक्षाएं नेशनल लेवल पर आयोजित किए जाते हैं- एनसीएचएम जेईई और एआईएमए यूगेट.

## होटल मैनेजमेंट कर आप बना सकते हैं उज्जवल भविष्य...

### होटल मैनेजमेंट कोर्स

- बीए इन होटल मैनेजमेंट
- बीएससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन
- बैचलर आफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी
- बैचलर आफ होटल मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन होटल मैनेजमेंट
- बीबीए इन होटल मैनेजमेंट
- बीबीए इन हॉस्पिटैलिटी
- ट्रैवल एंड टूरिज्म
- डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस
- स्ट्रैटेजिक होटल मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन
- होटल मैनेजमेंट पीजी डिप्लोमा कोर्स
- एमबीए इन हॉस्पिटैलिटी
- मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन इन हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट
- मास्टर्स इन टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट

### इन पदों पर मिलती है काम

- होटल मैनेजर
- फ्रंट ऑफिस मैनेजर
- हाउसकीपिंग मैनेजर
- फूड एंड बेवरेज मैनेजर
- शेफ
- कैटरिंग मैनेजर
- इवेंट मैनेजर
- फ्लोर सुपरवाइजर
- सेल्स मैनेजर
- फूड एंड बेवरेज मैनेजर

### रिक्रूटिंग एरियाज

- होटल्स
- रेलवेज़
- रिज़ोर्ट्स
- हॉस्पिटल्स
- फारेस्ट लोजिज़
- गेस्ट हाउसेस
- फूड एंड बेवरेज इंडस्ट्री
- एयरलाइन केटरिंग
- क्रूज़ शिप होटल मैनेजमेंट
- होटल एंड टूरिज़्म एस्सोसिएशन्स
- इंडियन नेवी में हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज

### भारत के आईएचएम

- आईएचएम पूसा
- आईएचएम मुंबई
- आईएचएम हैदराबाद
- आईएचएम चेन्नई
- आईएचएम लखनऊ
- आईएचएम चंडीगढ़
- आईएचएम कोलकाता
- आईएचएम भोपाल
- आईएचएम कोवलम
- आईएचएम शिमला
- आईएचएम ग्वालियर
- आईएचएम भुवनेश्वर
- आईएचएम हाजीपुर
- आईएचएम शिलांग
- आईएचएम अहमदाबाद
- आईएचएम गोवा
- आईएचएम गुरदासपुर
- आईएचएम गुवाहाटी
- आईएचएम जयपुर
- आईएचएम श्रीनगर
- आईएचएम रांची



